■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित www.navbihartime.com ■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 318
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, मंगलवार
22 अप्रैल 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**


**1970:** दुनिया में पहली बार पृथ्वी दिवस मनाया गया।
**1977:** ऑप्टिकल फाइबर को पहली बार टेलीफोन ट्रैफिक में यूज किया गया।
**1983:** अंतरिक्ष यान 'सोयूज टी-8' पृथ्वी पर लौटा।
**2008:** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को लुडविग नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**आप अपना लक्ष्य तब तक नहीं पा सकते जब तक आप अपना आराम का स्तर नहीं छोड़ सकते।**

# बिहार को मिलेगी अमृत भारत एक्सप्रेस और नमो भारत रैपिड रेल की सौगात

## वंदे भारत, नमो भारत और अमृत भारत का संगम बनेगा बिहार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**पटना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत रैपिड रेल को आधुनिक भारतीय रेल की त्रिवेणी कहा है। इस त्रिवेणी की दो नई रेलगाड़ियां का परिचालन बिहार से होने वाला है। बिहार में पहले से ही कई वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन किया जा रहा है, जबकि एक अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन पहले से दरभंगा और आनंद विहार टर्मिनल के बीच वाया अयोध्या किया जा रहा है। हाल ही में, रेलवे ने बिहार के लिए कई नई परियोजनाएं स्वीकृत की है। पर्याप्त फंड आवंटन से पुरानी परियोजनाओं के निर्माण काम में भी तेजी आई है जिसकी बदौलत परियोजनाएं द्रुत गति से पूरी हो रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार की ऐसी ही तीन परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित भी करने वाले हैं। नई गाड़ियों के परिचालन और नवनिर्मित परियोजनाओं के प्रारंभ होने से बिहार का रेल परिदृश्य पहले से और भी बेहतर हो जाएगा। परियोजनाओं में सुपौल-पिपरा, खगड़िया-अलौली और हसनपुर-विथान नई लाइन शामिल हैं। इन नई लाइनों पर दो पैसेंजर गाड़ियों का परिचालन भी प्रारंभ किया जाएगा। लेकिन बिहार वासियों के बीच सबसे अधिक उत्साह नमो भारत रैपिड रेल और सहरसा से लोकमान्य तिलक के बीच प्रारंभ की जा रही है अमृत भारत एक्सप्रेस के परिचालन को लेकर है। नमो भारत रैपिड रेल वंदे भारत एक्सप्रेस के साथ ही भारत की नई पहचान बनी है। कम दूरी के शहरों के बीच विश्वस्तरीय रेल सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तैयार किए गए नमो भारत रैपिड रेल ने इंटरसिटी ट्रैवल के क्षेत्र में एक नया मुकाम गढ़ा है। पहले नमो भारत रैपिड रेल का परिचालन गुजरात के अहमदाबाद और भुज के बीच किया गया और अब दूसरी नमो भारत रैपिड रेल का परिचालन जयनगर और पटना के बीच किए जाने की घोषणा की गई है। पहले नमो भारत में जहां एयर कंडीशन्ड 12 कोच थे, वहीं बिहार की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए (शेष पृष्ठ 10 पर)

### अमृत भारत ट्रेन की कुछ प्रमुख विशेषताएं

● Aerodynamically रूप से डिज़ाइन किए गए WAP-5 लोकोमोटिव ● पुश-पुल ऑपरेशन के लिए अंतिम दीवारों पर एमयू कंट्रोल कपलर ● जर्क फ्री सेमी परमानेंट कपलर ● सीलबंद वेस्टिब्यूल गैंगवे ● एंटी वाइब्रेशन उपायों के साथ एक्सट्रूज़न के साथ एसीपी पैनलिंग ● बेहतर और सौंदर्यपूर्ण रूप से मनभावन प्रकाश व्यवस्था ● गार्ड रूम में मॉनिटर के साथ लगेज रूम में CCTV ● दिव्यांगजन के लिए रैंप।

**उन्नत कोच बेहतर आंतरिक साज सज्जा के साथ**

● फोल्डेबल स्नैक टेबल ● उपयुक्त होल्डर के साथ मोबाइल चार्जर ● फोल्डेबल बॉटल होल्डर ● सौंदर्यपूर्ण रूप से मनभावन और एर्गोनॉमिक रूप से डिज़ाइन की गई सीट और बर्थ ● बेहतर लगेज रैक ● रेडियम रोशनी फ़्लोरिंग स्ट्रिप ● सुरक्षित यात्रा के लिए CCTV निगरानी ● Standalone पैसेंजर अनाउंसमेंट एंड पब्लिक इंफॉर्मेशन सिस्टम ● गार्ड द्वारा संचालित PA सिस्टम।

**प्रमुख विशेषताएँ :** पूरी तरह सील्ड फ्लेक्सिबल गैंगवे, मॉड्यूलर इंटीरियर, वैक्यूम निकासी के साथ शौचालय, केन्द्रीय नियंत्रित स्वचालित स्लाइडिंग दरवाजे, चालक केबिन में एसी, ऊर्ज़ा कुशलता के लिए पुनर्योजक ब्रेकिंग प्रणाली, अंडरस्लंग प्रोपल्शन, सुरक्षा और यात्री निगरानी के लिए सीसीटीवी, मोबाइल चार्जिंग सॉकेट, सतत एलईडी प्रकाश व्यवस्था आदि।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में अधेड़ की मौत

**भभुआ(नबिटा ब्यूरो)।** भभुआ थाना क्षेत्र के रतवार गांव के पास दूल्हा-दुल्हन की कार और सीएनजी ऑटो की टक्कर में व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे में तीन अन्य लोग घायल हुए है। मृतक की पहचान कुछीला थाना क्षेत्र के मुखराव गांव निवासी मनबोध सिंह (45) के रूप में हुई है। वह भभुआ कचहरी में काम निपटाने आए थे। काम के बाद सीएनजी ऑटो से मोहनिया लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही दूल्हा की कार से टक्कर हो गई।

### जेवर कारोबारी की गोली मारकर हत्या

**सासाराम(नबिटा ब्यूरो)।** रोहतास जिले के दिनारा अंतर्गत गंज भड़सरा गांव में एक ज्वेलर कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि इस वारदात में बाइक सवार बदमाशों ने कारोबारी का गहनों से भरा बैग भी छीन लिया। मृतक की पहचान प्रिंस कुमार सेठ के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों के अनुसार वह अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार बदमाशों ने उनका पीछा किया और गोली मारने के बाद गहनों का बैग छीनकर फरार हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल प्रिंस को नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराय, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। रोहतास के एसपी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतक की पत्नी ने पारिवारिक विवाद की बात बताई है।

### एक साथ दो युवकों का शव मिलने से हड़कंप

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** बरौनी थाना क्षेत्र के वास्तु विहार के समीप एक साथ प्लास्टिक शीट में लिपटे दो शव मिलने से हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि बरौनी थाना क्षेत्र के हरपुर स्थित वास्तु विहार के समीप रोज की तरह खेत की ओर गए किसान ने उक्त दोनों शव को देखा। इसके बाद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। यह खबर फैलते ही इलाके में सनसनी फैल गई है। दो युवकों का शव बरामद होने को लेकर लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है। फिलहाल रिफाइनरी थाना की पुलिस और वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचकर पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गए हैं।

### गला रेतकर युवक की हत्या

**गया(नबिटा ब्यूरो)।** डुमरिया थाना क्षेत्र के सिंहपुर-फारम में गला रेतकर अपराधियों ने एक युवक की हत्या कर दी। डेड बॉडी पर चाकू से हमले के 12 निशान मिले हैं। शव गांव से बाहर खेत में मिला है। वह 18 अप्रैल को चेन्नई से बहन की शादी में शामिल होने के लिए घर आया था। मृतक की पहचान सोनू कुमार ठाकुर के तौर पर हुई है। परिजनों के मुताबिक 19 अप्रैल को बहन की शादी थी। वहीं आज 22 अप्रैल को भतीजी की शादी होनी थी। घर पर समारोह की तैयारी चल रही थी। घटना की सूचना पर डुमरिया थानाध्यक्ष दिनेश कुमार, इमामगंज एसडीपीओ अमित कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल भेजा गया है। जांच के लिए एफएसएल और डॉग स्क्वायड की टीम को बुलाया गया है।

## झारखंड में कोबरा कमांडो और पुलिस की नक्सलियों से मुठभेड़

# एक करोड़ का इनामी समेत आठ नक्सली ढेर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बोकारो।** जिले में सोमवार सुबह केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कोबरा कमांडो और पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक करोड़ के इनामी समेत आठ नक्सली मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि जिले के लालपनिया इलाके के लुगु हिल्स में सुबह करीब 5.30 बजे मुठभेड़ शुरू हुई। 209 कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन (कोबरा) के जवानों ने अभियान चलाया। मुठभेड़ में आठ नक्सली मारे गए। ढेर किए गए नक्सलियों में एक पर एक करोड़ का इनाम था। सुरक्षा बलों को मौके से एक एके सीरीज राइफल, तीन इंसास राइफल, एक सेल्फ लोडिंग राइफल (एसएलआर), आठ देशी बंदूकें और एक पिस्तौल मिली हैं। उन्होंने बताया कि सुरक्षाकर्मियों में से किसी के घायल होने की खबर नहीं है। कोबरा सीआरपीएफ की विशेष जंगल युद्ध इकाई है। मारे गए लोगों में उग्रवादी केंद्रीय समिति सदस्य प्रयाग मांझी उर्फ विवेक, विशेष क्षेत्र समिति सदस्य अरविंद यादव उर्फ अविनाश, जोनल समिति सदस्य साहेबराम मांझी उर्फ राहुल मांझी, महेश मांझी उर्फ मोटा, तालु, रंजू मांझी, गंगाराम और महेश शामिल हैं। विवेक पर एक करोड़ रुपये, अरविंद यादव पर 25 लाख और साहेबराम मांझी पर 10 लाख रुपये का इनाम था। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने हिंसा के विभिन्न मामलों में उन पर मामला दर्ज किया था। केंद्रीय समिति माओवादी संगठन की शीर्ष निर्णय लेने वाली संस्था है। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि लुगू जंगल में भाकपा (माओवादी) के केंद्रीय कमेटी सदस्य विवेक उर्फ प्रयाग मांझी एवं सहदेव सोरेन समेत 20 से 25 हथियारबंद माओवादियों के मौजूद होने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर 209 कोबरा, बोकारो पुलिस, झारखंड जगुआर और सीआरपीएफ द्वारा बोकारो जिले के लुगू पहाड़ी क्षेत्र में एक विशेष संयुक्त ऑपरेशन 'डाकाबेड़ा' चलाया गया जिसमें आठ नक्सली मारे गये। डीजीपी ने बताया कि इनाम की राशि मुठभेड़ में शामिल जवानों के बीच बांटी जाएगी।

# बारातियों पर अंधाधुंध फायरिंग, तीन की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** भोजपुर जिले के अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के लहरपा गांव में एक शादी समारोह में पूर्व से चले आ रहे विवाद के कारण अपराधियों ने ताबड़तोड़ गोलीबारी की। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच जुट गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि रविवार देर रात दूल्हे की गाड़ी से साइड लेने को लेकर पहले से चल रहे विवाद ने इस समारोह में तूल पकड़ लिया। इसी दौरान गांव के कुछ अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी। मरने वालों में लहरपा गांव के 23 वर्षीय लवकुश कुमार और 22 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार शामिल हैं। वहीं घायलों में पंकज कुमार (30), अप्पू कुमार (18) और अक्षय कुशवाहा (20) समेत पांच लोग शामिल हैं। इन सभी का इलाज आरा सदर अस्पताल में चल रहा है। इलाज के दौरान अप्पू कुमार की भी मौत हो गई है। भोजपुर आईटी सेल के डीएसपी सैफ मुर्तजा ने कहा कि पूर्व के विवाद में गोलीबारी हुई। इसमें दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस सभी साक्ष्यों को एकत्रित कर रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस का कहना है कि यह घटना पूर्व के विवाद को लेकर हुआ है। दो साल पहले मुखिया पुत्र बबलू सिंह को गोली मारकर जख्मी किया गया था, जिसके बाद आज इस घटना को बदले के रूप में अंजाम दिए जाने की शंका है। पुलिस का कहना है कि आज जिन दो लोगों की हत्या हुई है वह पूर्व में गोली मारकर जख्मी करने के मामले में जेल जा चुके हैं। भोजपुर एसपी राज और अन्य पुलिस बल मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर रहे हैं।

### जदयू नेत्री को मारी गोली

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र के दुजरा इलाके में रविवार देर रात अपराधियों ने महिला सोनी देवी (40) को गोली मार दी। सोनी देवी महिला जदयू नेत्री हैं। वह वार्ड नंबर 22 की जदयू महिला विंग की अध्यक्ष हैं। एक गोली हाथ में लगी है वहीं एक गोली अभी भी सीने में फंसी हुई है। आनन-फानन में घायल महिला को

# सूबे के 41 शहरों में शवदाह गृह निर्माण योजना को मिली स्वीकृति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नगरीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को अपने प्रियजन के अंतिम संस्कार में आने वाली समस्याओं को दूर करने के उद्देश्य से बिहार सरकार द्वारा आत्मनिर्भर बिहार के सात निश्चय-2 के तहत राज्य के जिला मुख्यालयों एवं महत्वपूर्ण नदी घाटों पर विद्युत शवदाह गृह एवं मोक्षधाम का निर्माण कराया जा रहा है। विद्युत शवदाह गृह योजना के प्रथम चरण में राज्य के जिला मुख्यालय वाले 38 शहरों एवं तीन अन्य महत्वपूर्ण शहरों व नदी घाटों पर शवदाह गृह निर्माण योजना को स्वीकृति दी गई है, जिसकी प्राक्कलित राशि 248.91 करोड़ रुपये है। नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री जिवेश कुमार ने बताया कि शवदाह गृह निर्माण योजना की स्वीकृति से सुशासन के कार्यक्रम के अंतर्गत दाह संस्कार की प्रक्रिया में प्रभावित परिवारों को अब बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में तेजी से बढ़ते शहरीकरण को देखते हुए सरकार नगर वासियों को हरेक स्तर पर बेहतर सुविधा मुहैया कराने के लिए कृतसंकल्प है। इस योजना का निर्माण होने से नदियों को स्वच्छ रखने, उन्हें प्रदूषण मुक्त बनाने एवं वायु प्रदूषण को रोकने में मदद मिलेगी, साथ ही स्वच्छता की समस्या से निपटने में भी सहूलियत होगी।

### इलाज कराने आया कैदी फरार

**दरभंगा(नबिटा ब्यूरो)।** डीएमसीएच के मेडिसिन आईसीयू में भर्ती एक कैदी रविवार देर रात पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। फरार कैदी की पहचान सूरज कुमार झा के रूप में हुई है। वह बेनीपुर उपकारा में चोरी के एक मामले में बंद था।

# विभागों के खाली पदों को जल्द भरें : मुख्य सचिव

- **मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने संबंधित विभागों के नोडल अधिकारियों के साथ की बैठक**
- **सभी विभागों को ऊर्जा की अत्याधिक खपत रोकने के लिए दिए ऑडिट करने का निर्देश**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य के करीब 10 विभागों में खाली पड़े करीब 49 हजार 591 पदों को भरने की कवायद जल्द शुरू होने जा रही है। इसे लेकर मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने सोमवार को मुख्य सचिवालय के सभागार में संबंधित विभागों के नोडल पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। विभागों के स्तर पर दी गई प्रस्तुतिकरण के माध्यम से यह बात सामने आई कि 10 विभागों खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, पंचायती राज, ग्रामीण विकास, जल संसाधन, कृषि, लघु जल संसाधन, पशु एवं मत्स्य संसाधन, सहकारिता, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन तथा गन्ना उद्योग विभागों में अलग-अलग पदों की 49 हजार 591 रिक्तियां मौजूद हैं। इन्हें भरने से संबंधित प्रक्रिया जल्द पूरी करने का निर्देश मुख्य सचिव ने दिया। इन विभागों की 14 हजार 968 पदों को भरने की रिक्तियां संबंधित आयोगों को भेज दी गई है। सात निश्चय-2 के अंतर्गत विभागों में यह बहाल की जा रही है। मुख्य सचिव ने सभी विभागों को ऊर्जा खपत को लेकर ऑडिट करने का निर्देश दिया ताकि ऊर्ज़ा की बेवजह खपत को कम किया जा सके। इसके लिए सभी विभागों को इस पर खासतौर से ध्यान देने के लिए कहा गया है। सभी सरकारी भवनों और कार्यालयों में ऊर्ज़ा की खपत को कम करने के लिए एलईडी का उपयोग बढ़ाने के लिए कहा गया है। सामान्य बल्ब के मुकाबले इसके उपयोग से ऊर्ज़ा की खपत में 80 फीसदी की कमी आएगी। इसके अलावा हिटिंग और कूलिंग की मशीनों का उपयोग प्रभावी तरीके से करने के लिए कहा गया है। सरकारी स्कूलों और अस्पतालों में भी ऊर्जा ऑडिट कराकर सभी बिजली की अधिक खपत को कम करने की पहल करने के लिए कहा गया है। मुख्य सचिव श्री मीणा ने सभी विभागों को सख्त निर्देश दिया कि दोषी या खराब कार्य करने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करें। ऐसे पदाधिकारियों को चिन्हित करके तुरंत विभागी कार्रवाई करें ताकि इनमें खौफ बना रहे और गलत करने वाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने में किसी तरह की नरमी नहीं बरती जा सके। उन्होंने अधिकारियों के वायरल वीडियो के मामले में ठोस कार्रवाई करने के लिए एक एसओपी (मानक संचालन नियमावली) तैयार करने का निर्देश सामान्य प्रशासन विभाग को दिया। श्री मीणा ने विभागों को यह भी निर्देश दिया कि केंद्रीय योजना मद में आवंटित राशि का पूरा व्यय करें। मुख्य सचिव ने सभी विभागों से लंबित मुकदमों का निपटारा जल्द करने के लिए कहा। मुकदमें किस कारण से लंबित हैं और इनके निपटारे के लिए एकदम फोकस तरीके से कदम उठाने को कहा है।

**इन विभागों में इतनी रिक्तियां**

खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग-4988
पंचायती राज विभाग-16496
ग्रामीण विकास विभाग-14667
जल संसाधन विभाग-6931
कृषि विभाग-7543
लघु जल संसाधन विभाग-6645
पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग-3606
सहकारिता विभाग-1477
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग-1466
गन्ना उद्योग विभाग-740

# दो आइएएस समेत 11 अधिकारियों का तबादला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ने एक बार फिर दो आईएएस अधिकारियों के साथ-साथ 11 बीएएस अधिकारियों का ट्रांसफर किया है। बिहार प्रशासनिक सेवा के एक अधिकारी को वीआरएस की भी अनुमति मिली है। सामान्य प्रशासन विभाग ने एक साथ तीन अधिसूचना जारी की है। एक उप विकास आयुक्त के साथ-साथ कई उप समाहर्ता और भूमि सुधार उप समाहर्ता भी बदले गए हैं। स्थानान्तरण किये गये आईएएस अधिकारियों में 2017 बैच के कृष्ण कुमार को पथ निर्माण विभाग का संयुक्त सचिव बनाया गया है। वह अब तक वाणिज्य कर विभाग के संयुक्त सचिव पद पर पदस्थापित थे। दूसरे आईएएस अधिकारी 2020 बैच की अनन्या सिंह हैं, जिन्हें औरंगाबाद जिले में जिला परिषद् के उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। अनन्या सिंह संवर्ग स्थानांनतरण के बाद पश्चिम बंगाल संवर्ग से बिहार संवर्ग में योगदान देकर पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत थी। सीवान निवासी अभयेंन्द्र मोहन सिंह को बिहार विश्वविद्यालय सेवा आयोग का सचिव बनाया गया है। वर्तमान में वह औरंगाबाद जिले में जिला परिषद में उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित थे। पटना निवासी शाहनवाज अहमद नियाजी को सूचना एवं प्रवैद्दिकी विभाग में उप सचिव बनाया गया है। फिलहाल वह पदस्थापन की प्रतीक्षा में थे। भोजपुर निवासी मोहम्मद मंजूर आलम को लोक शिकायत निवारण सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी बनाया गया है। वह अभी पदस्थापन की प्रतीक्षा में थे। औरंगाबाद जिले के कयूम अंसारी को बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार का संयुक्त सचिव बनाया गया है। वह फिलहाल सारण जिले में लेखा प्रशासन एवं स्वर नियोजन जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के निदेशक के पद पर पदस्थापित थे। झारखंड के रहने वाले नीरज नारायण पांडे को पथ निर्माण विभाग का उपसचिव बनाया गया है। पटना के रहने वाले आनंद प्रकाश को गया में वरीय उपसमाहर्ता बनाया गया है। नालंदा जिला के सुमन कुमार को खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का उप सचिव बनाया गया है। फिलहाल वह सारण जिला में जिला भू अर्जन पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित थे। सीतामढ़ी जिला के अनिल कुमार को स्वास्थ्य विभाग पटना में विशेष कार्य पदाधिकारी बनाया गया है। सारण की प्रियंका कुमारी को स्थानिक आयुक्त के कार्यालय नई दिल्ली में विशेष कार्य पदाधिकारी के रूप में स्थानांतरित किया गया है। वह फिलहाल समस्तीपुर जिले के शाहपुर पटोरी में भूमि सुधार उप समाहर्ता के पद पर पदस्थापित थी। कैमूर जिला के मनीष कुमार को स्वास्थ्य विभाग के विशेष कार्य पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित किया गया है। वह फिलहाल गया में वरीय उप समाहर्ता के पद पर पदस्थापित थे।

Affilition No. DGT-6/4/17/2018-TC Mob. : 9939290826

**RAJ PRIVATE I.T.I**

(भारत सरकार, श्रम और रोजगार मंत्रालय N.C.V.T. नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त)



**प्रवेश प्रारम्भ**

सत्र : 2025- 2027
शैक्षणिक योग्यता : मैट्रिक



**ट्रेड : इलेक्ट्रीशियन एवं फिटर**

पता : हांसाडीह (मसौढ़ी पितवांस रोड में 3 किमी मसौढ़ी से पश्चिम) पटना।

Corporate Office :
Bal Vidya Niketan
South Patel Nagar
Sati Sthan Masauri (Patna)

सुमन सर
प्रबंधक

# पटना में होने वाला एयर शो होगा ऐतिहासिक : राजीव प्रताप रूडी

## 1857 की क्रांति की याद में आयोजित यह शो बिहार के लिए गर्व की बात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में पहली बार एयर शो का आयोजन पटना के जेपी गंगा पथ पर होगा। कार्यक्रम के लिए टीम पटना पहुंच गई है। पटना के जेपी पथ पर होने वाले एयर शो को भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूढ़ी ने ऐतिहासिक करार दिया है। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि पटना में ऐसा कार्यक्रम पहली बार हो रहा है। मैं देश के प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री के साथ-साथ राज्य के मुख्यमंत्री को इस आयोजन के लिए बधाई देता हूं। 1857 की क्रांति की याद में आयोजित यह शो बिहार के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि शौर दिवस के मौके पर बिहार सरकार द्वारा इस आयोजन को मंजूरी दी गई है और आज से ही पटना के आसमान में एयरफोर्स की प्रैक्टिस शुरू हो जाएगी। रूढ़ी ने कहा कि कल (22 अप्रैल) को इसके तहत औपचारिक सलामी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम बिहार की जनता को समर्पित है और भारतीय वायुसेना द्वारा इसे खास तौर पर प्रस्तुत किया जा रहा है। कार्यक्रम की खास बात बताते हुए उन्होंने कहा कि आकाशगंगा टीम के ग्लाइडर्स आसमान से कूदेंगे और उनके साथ बाबू कुंवर सिंह की तस्वीरें भी होंगी, जो पहली बार बिहार में हो रहा है। रूढ़ी ने उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की विशेष भूमिका का भी जिक्र करते हुए कहा कि यह आयोजन बिहार के लिए मील का पत्थर साबित होगा। राज्य सरकार का आभार जताते हुए रूढ़ी ने मीडिया की भूमिका की भी सराहना करते हुए कहा कि पत्रकारों ने इस आयोजन को जिस तरह से प्रचारित किया है, वह सराहनीय है। उन्होंने यह भी साझा किया कि इस आयोजन में उनकी व्यक्तिगत भूमिका भी है। उन्होंनें कहा कि मैं एक प्रशिक्षित पायलट हूं, लड़ाकू विमान उड़ाता हूं, कमर्शियल एयरलाइंस भी उड़ाता हूं। मैं चाहता था कि बिहार को इस भव्य आयोजन के जरिए एक नई पहचान मिले।



# अपराध के खिलाफ नीतीश सरकार ने हमेशा 'जीरो टोलरेंस' की नीति अपनाई : उमेश सिंह कुशवाहा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने सोमवार को कहा कि जब सरकार अपराधियों पर कानून का शिकंजा कसती है तो राजद नेता हाय-तौबा मचाते हैं और वे इसे राजनीतिक बदले की कार्रवाई बताने लगते हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में रंगदारी की एक घटना इसका ताजा उदाहरण है। इसमें आरोपी लालू परिवार का खासमखास था। वहीं दूसरी ओर राजद के नेता छिटपुट आपराधिक घटनाओं की बनावटी फेहरिस्त लेकर सरकार पर अनर्गल सवाल उठाने लगते हैं। कुशवाहा ने सवाल किया कि यह कैसी दोहरी और दिखावटी राजनीति है कि जब सरकार अपराधियों पर कार्रवाई करे तो पीड़ा होती है और जब अपराध के खिलाफ नैरेटिव बनाने की बारी आती है तो झूठ और भ्रम फैलाने की बेचैनी दिखाई देती है। उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि राजद वही पार्टी है जिसके शासनकाल में बिहार ने अपहरण उद्योग, रंगदारी, हत्या और नरसंहार जैसी घटनाओं का भयावह दौर देखा था। यह पार्टी शुरू से ही अपराधियों की पोषक रही है और इसके 15 वर्षों का शासन बिहार में अपराध, अराजकता और दहशत का पर्याय बन गया था। उन्होंने कहा कि अब जब राज्य में कानून-व्यवस्था मजबूत हो रही है और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है तो राजद की बौखलाहट साफ नजर आने लगी है। राजद की पूरी राजनीति अपराधियों के कंधों पर टिकी हुई है और जब वही आधार डगमगाने लगता है तो इनकी राजनीति भी लड़खड़ाने लगती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हमेशा अपराध के खिलाफ 'जीरो टोलरेंस' की नीति अपनाई है। यही कारण है कि आज बिहार में कानून का राज स्थापित हुआ है। भयमुक्त वातावरण कायम है और सुशासन के प्रति जनता का विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है।



# एचडीएफसी बैंक 1,000 गांवों को स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों तक पहुंच प्रदान करेगा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जैसा कि दुनिया 2025 में पृथ्वी दिवस मना रही है, एचडीएफसी बैंक अपने प्रमुख सीएसआर पहल, परिवर्तन के तहत एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर घोषित कर-के सतत प्रगति के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। बैंक 2025 तक अभिनव सौर-संचालित बुनियादी ढांचे, जागरूकता और स्थानीय भागीदारी के माध्यम से भारत भर में 1,000 से अधिक गांवों को स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों तक पहुंच प्रदान कर ग्रामीण और अर्द्ध-शहरी समुदायों को सशक्त बनाना। नवीकरणीय ऊर्जा में बैंक का काम इस साल के पृथ्वी दिवस की थीम, हमारी शक्ति, हमारा ग्रह के अनुरूप है जो स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने के वैश्विक त्वरण का आह्वान करता है। प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के अपने स्तंभ के तहत, एचडीएफसी बैंक परिवर्तन ने 22 राज्यों में 61,655 से अधिक सौर स्ट्रीटलाइट्स स्थापित की हैं। स्ट्रीट लाइट के अलावा, परिवर्तन सरकारी स्कूलों और अस्पतालों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सौर पैनल लगा रहा है। इसने कई सौर पहल भी शुरू की हैं जो ग्रामीण जीवन को सड़क सुरक्षा से लेकर पीने के पानी, खेती, खाद्य प्रसंस्करण और आजीविका में वृद्धि तक बेहतर बना रही हैं। एचडीएफसी बैंक के उप प्रबंध निदेशक कैजाद भरूचा ने अपनी पहलों के बारे में बात करते हुए कहा एचडीएफसी बैंक में, हम मानते हैं कि एक स्थायी भविष्य का मार्ग समावेशी विकास में निहित है।



# नेशनल हेराल्ड मामले पर भाजपा ने किया देश को गुमराह : अविनाश पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नेशनल हेराल्ड मामला भाजपा द्वारा देश का मुख्य मुद्दे से ध्यान भटकाने, बरगलाने और तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश करने का प्रयास है। देश के सामने मौजूद महत्वपूर्ण मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने वाला रहा है। भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार अपनी विफलताओं से ध्यान भटकाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। स्वतंत्रता संग्राम को तोड़-मरोड़ कर पेश करना और देश की विरासत का अपमान करना भाजपा की विचारधारा का हिस्सा है। ये बातें अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव व पूर्व सांसद अविनाश पांडेय ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कही। एआईसीसी महासचिव अविनाश पांडेय ने कहा कि हाल ही में हुए कांग्रेस पार्टी के ऐतिहासिक गुजरात अधिवेशन से बौखलाए मोदी-शाह की जोड़ी ने फिर से कांग्रेस पार्टी पर प्रवर्तन निदेशालय अपनी पसंदीदा आपराधिक वसूली मशीन को छोड़ दिया है। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दायर तथाकथित आरोपपत्र कुछ और नहीं बल्कि विशुद्ध राजनीतिक षड्यंत्र है। गांधी परिवार का हर सदस्य - चाहे वह राजनीति में हो या नहीं - भाजपा द्वारा निशाना बनाया जा रहा है। विडंबना यह है कि पहली बार मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप ऐसे मामले में लगाए जा रहे हैं जिसमें एक भी पैसा या संपत्ति हस्तांतरित नहीं की गई है। बैलेंस शीट को कर्ज मुक्त बनाने के लिए कर्ज को इक्विटी में बदला जाता है। यह एक आम प्रथा है और पूरी तरह से कानूनी है जब पैसा ही नहीं है तो लॉन्ड्रिंग कहां है? ये एक षड्यंत्रकारी राजनीतिक ठगी है। मोदी सरकार ने इडी को अपना इलेक्शन डिपार्टमेंट बना लिया है और बेशर्मी से और बार-बार प्रतिशोध के लिए इसका दुरुपयोग कर रही है। इडी के मामलों में सजा की दर सिर्फ 1% है। इसके अलावा, इडी ने जो राजनीतिक मामले दर्ज किए हैं, उनमें से 98% मामले सत्ताधारी पार्टी के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ हैं। पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के परिवार के खिलाफ मनगढ़ंत मामलों में की जा रही साजिश सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग से कम नहीं है। फर्जी और झूठे मामलों के माध्यम से नेतृत्व और उनके परिवारों को निशाना बनाकर, भाजपा सरकार कांग्रेस पार्टी को दबाने की पूरी कोशिश कर रही है-एकमात्र ताकत जो लगातार लोगों के साथ और इस देश की आत्मा के लिए खड़ी रही है। यह लोकतांत्रिक विपक्ष पर सीधा और खतरनाक हमला है। यह प्रधानमंत्री और गृह मंत्री द्वारा राजनीतिक धमकी का एक भद्दा प्रयास है। यह बदले की राजनीति का सबसे बुरा रूप है। उन्होंने कहा कि चाहे वे हमें कितना भी चुप कराने की कोशिश करें, हम चुप नहीं होंगे जो लोग दूसरों को डराने की कोशिश करते हैं, वे खुद डरे हुए हैं। यह एक राजनीतिक साजिश है और कांग्रेस पार्टी इसका सीधे सामना करेगी। सत्य की जीत होगी। नेशनल हेराल्ड के बारे में कुछ तथ्य भी एआईसीसी महासचिव अविनाश पांडेय ने मीडिया के साथियों के सामने रखा जिमें उन्होंने बिंदुवार मुद्दे रखें। 1. 1937 में, पुरुषोत्तम दास टंडन, आचार्य नरेंद्र देव और रफी अहमद किदवई जैसे स्वतंत्रता सेनानियों के साथ, पंडित जवाहरलाल नेहरू ने ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ भारत के स्वतंत्रता संग्राम की मुख्य आवाज के रूप में नेशनल हेराल्ड अखबार की शुरूआत की जिसके हिंदी और उर्दू संस्करण नवजीवन और कौमी आवाज शीर्षक से प्रकाशित हुए। नेशनल हेराल्ड स्वतंत्रता संग्राम की राष्ट्रीय धरोहर है।

# जरूरतमंदों की सेवा नारायण रेकी की प्राथमिकता : अरविन्द कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भीषण गर्मी को देखते हुए नारायण रेकी सत्संग परिवार के पटना हेड अरविंद कुमार के नेतृत्व में सामाजिक पहल के तहत गरीब सब्जी बिक्रेताओं और जरूरतमंद लोगों को सैकड़ों छाते वितरित किए गए। यह वितरण सुगादेवी चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित राज अकेला एवं प्रभु आहार के अध्यक्ष राकेश कुमार के सहयोग से जक्कनपुर एवं गुलजारबाग सब्जी मंडी में किया गया। अरविंद कुमार ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य तपती धूप में मेहनत करने वाले सब्जी विक्रेताओं, ठेले वालों और अन्य जरूरतमंदों को राहत प्रदान करना है। इस अवसर पर अरविंद कुमार ने कहा कि नारायण रेकी सत्संग परिवार की संस्थापिका राज दीदी का कहना है कि 'हर इंसान तन, मन, धन व संबंधों में स्वस्थ हो, हर घर में सुख, शांति समृध्दि हो व हर व्यक्ति उन्नति, प्रगति व सफलता प्राप्त करें।' मौके पर अमित राज ने कहा कि यह छोटा सा कदम उन लोगों की मदद करेगा जो तेज धूप में अपनी आजीविका कमाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वितरण में संस्थान के पिंकी सिंह, शशि शेखर, संजय प्रसाद, संजीव कुमार एवं अन्य सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और जरूरतमंदों को छाते वितरित किए। इस कार्य की स्थानीय लोगों और लाभार्थियों ने सराहना की और इसे एक उत्कृष्ट समाजसेवा पहल बताया। मौके पर प्रभु आहार के अध्यक्ष राकेश कुमार ने कहा कि नारायण रेकी संस्थान समय-समय पर विभिन्न सामाजिक गतिविधियों का आयोजन करता रहा है और आगे भी जरूरतमंदों की सहायता के लिए तत्पर रहेगा।



# जितेंद्र गुप्ता बने बिहार कांग्रेस के कोषाध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष सहित वरिष्ठ नेताओं ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम के अनुमोदन पर राष्ट्रीय महासचिव के सी वेणुगोपाल ने जितेंद्र गुप्ता को बिहार कांग्रेस का कोषाध्यक्ष नियुक्त करने का पत्र जारी किया है। नवनियुक्त कोषाध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता के मनोनयन पर बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पार्टी के लिए लगातार उन्होंने काम किया है और मजबूती दी है। कोषाध्यक्ष के रूप में नई जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन करें इसके लिए इनका हर तरीके से सहयोग सभी कांग्रेसजन करेंगे। पार्टी में लंबे समय से विभिन्न पदों पर जितेंद्र गुप्ता काम करते रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के अलावे कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता डॉ शकील अहमद खान, विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता डॉ मदन मोहन झा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोतीलाल शर्मा, राजेश राठौड़, अजय चौधरी, जमाल अहमद भल्लू, प्रवीण सिंह कुशवाहा, स्नेहाशीष वर्धन पांडेय सहित अन्य नेताओं ने भी बधाई दी है।



# संस्कृतमय हुई संस्कृत विदुषी शांति देवी की पुण्यतिथि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सर्वत्र संस्कृतम संकल्प के साथ आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अन्तर्गत मनायी गयी संस्कृत शिक्षिका शांति देवी की पुण्यतिथि संस्कृतमय हो गयी। उद्घाटन करते हुए राजकीय संस्कृत महाविद्यालय काजीपुर के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ने शांति देवी को योग्य शिक्षिका बताया। उन्होंने कहा कि शांति देवी विदुषी होने के साथ ही उनका व्यक्तित्व संस्कृत और हिन्दी में रचा -बसा था। मुख्यातिथि शिवाकांत तिवारी ने कहा कि प्रधानाध्यापिका के रूप में शांति देवी व्यक्तित्व विकास के लिए बच्चों में परस्पर संस्कृत संवाद की पक्षधर रहीं। सभी अतिथियों ने शिक्षिका स्व. शांति देवी के व्यक्तित्व को स्मरण करते हुए उनके कृतित्व को नमन किया। अपने अध्यक्षीय भाषण में आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा ने कहा कि शांति देवी का स्मृति आयोजन संस्कृत और हिन्दी को समर्पित होने से भारत की भाषा -बोली के संवर्धन को बल मिला है। उन्होंने कहा कि एक मां के रूप में उनसे प्रेरित होकर आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान चलाया जा रहा है। विशिष्ट अतिथि डॉ मिथिलेश कुमार तिवारी, डॉ शशिकांत तिवारी, उग्र नारायण झा, हृदय नारायण झा, डॉ राघव नाथ झा, मुरलीधर शुक्ल आदि वक्ताओं ने भी संस्कृत शिक्षिका शांति देवी के व्यक्तित्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आज के हृदय नारायण झा, नव बिहार टाइम्स के प्रधान संपादक डॉ कमल किशोर, डॉ मिथिलेश कुमार, शिवाकांत तिवारी, डॉ मनोज कुमार, डॉ शशिकांत तिवारी, विवेक तिवारी, संस्कृत समाचार पत्र के पत्रकार डॉ राघव नाथ झा, मुरलीधर शुक्ल, उग्र नारायण झा, रामनाथ पाण्डेय, आयुष मिश्रा, डॉ ज्योति शंकर सिंह, कुमारी दीपाली, नीरज कुमार, नितीश कुमार सहित तीस संस्कृत प्रचारकों को सम्मानित किया गया। स्वस्ति वाचन आयुष मिश्रा एवं धन्यवाद ज्ञापन विवेक तिवारी ने किया।




# चिराग पासवान लड़ सकते हैं बिहार विधानसभा चुनाव : अरुण भारती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** केन्द्रीय मंत्री और लोजपा (रा) प्रमुख चिराग पासवान बिहार विधानसभा का चुनाव लड़ सकते हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद अरुण भारती ने सोमवार को यह बात कही। चिराग के जीजा अरूण भारती पटना पहुंचने के बाद एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चिराग पासवान बिहार विधानसभा का चुनाव लड़ सकते हैं। अरूण भारती ने कहा कि चिराग पासवान ने अपनी राजनीति की धुरी हमेशा बिहार को बनाया है। अगर पार्टी कहेगी या पार्टी के कार्यकर्ता चाहेंगे कि चिराग पासवान बिहार का विधानसभा चुनाव लड़ें तो वे चुनाव लड़ने को तैयार हैं और मैदान में उतर सकते हैं। अरूण भारती ने कहा कि उनकी ही नहीं बल्कि लोजपा (रा) के तमाम कार्यकर्ताओं की उम्मीद है कि चिराग पासवान बिहार में बड़ी जिम्मेवारी संभालें। अरूण भारती ने कहा कि वे अपनी पार्टी के सारे कार्यकर्ताओं से मिलते हैं। बिहार के जिस गांव, गली, मोहल्ले में गये हैं वहां के तमाम लोग चाहते हैं कि चिराग पासवान बिहार में आकर बड़ी जिम्मेदारी निभायें। उन्होंने कहा कि वैसे तो बिहार में हमारी पार्टी एनडीए गठबंधन में है। इस गठबंधन में सर्वसम्मति से तय होगा कि किस नेता को कौन सी जिम्मेवारी निभानी है, लेकिन चिराग पासवान तैयार हैं। अगर पार्टी आदेश करेगी तो चिराग पासवान बड़ी जिम्मेवारी निभाने को तैयार हैं। वे इससे पीछे नहीं हटेंगे। गौरतलब है कि इससे युवा लोजपा (रा) ने कहा है कि युवा शक्ति चिराग को मुख्यमंत्री बनते देखना चाहती है।

# जयप्रभा मेदांता सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने कर्मचारियों को फायर सेफ्टी की दी जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जयप्रभा मेदांता सुपरस्पेसिलिटी हॉस्पिटल, पटना ने जानकारी ही बचाव है कि तर्ज पर अपने सभी कर्मचारियों को फायर सेफ्टी का प्रशिक्षण दिया। हॉस्पिटल प्रबंधन इस प्रकार के प्रशिक्षणों को आयोजित करता रहता है और सभी कर्मचारियों को फायर सेफ्टी एक जरुरी प्रशिक्षण के रूप में पूरी करनी होती है। फायर सेफ्टी प्रशिक्षण का उद्देश्य यही है कि किसी भी आग की घटना के दौरान खुद को और मरीज को कैसे बचाया जाये। हॉस्पिटल प्रबंधन ने इस प्रकार के प्रशिक्षण को हफ्ते भर चलाया और ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसमें प्रशिक्षित करने का प्रयास किया। फायर सेफ्टी वीक पूरे देश में 14 से 20 अप्रैल तक मनाया जाता है। आपातकालीन स्तिथि से निपटने के लिए तैयारियों, आग की रोकथाम और सुरक्षा के बारे में जागरूकता तथा राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह के मौके पर 19 अप्रैल २०२५ को जयप्रभा मेदांता हॉस्पिटल पटना में फायर ड्रिल का आयोजन भी किया गया। इस फायर ड्रिल में आग की स्थिति को बनाया गया और उसे निपटने के लिए हॉस्पिटल की तैयारी को देखा गया। सभी प्रकार के अग्निशमन यन्त्र, बचाव की तकनीक, आग के दौरान क्या करें और क्या न करें और आग को काबू करने और बुझाने के यंत्रों का प्रयोग तथा आग बुझाने का प्रदर्शन किया गया। इस पूरे सप्ताह में छोटे-छोटे फायर ड्रिल, अग्नि सुरक्षा यंत्रों की प्रदर्शनी, अग्नि सुरक्षा जागरूकता मार्च, फुल एक्शन ड्रिल्स और अन्य गतिविधियों की जानकारी दी गयी। इस पहल के तहत करीब 1800 से अधिक लोगों को प्रशिक्षित किया गया। जय प्रभा मेदांता सुपरस्पेसिलिटी हॉस्पिटल पटना विश्वस्तरीय अग्निशमन सिस्टम, फायर अलार्म सिस्टम और स्मोक एग्जॉस्ट सिस्टम से लैस है। इस पूरी ईमारत का निर्माण राष्ट्रीय भवन निर्माण कोड के तहत किया गया है जिसमें आग के दौरान बाहर निकलने के सुगम रस्ते और सीढ़ियों का निर्माण भी शामिल है। हॉस्पिटल में बेसमेंट में अग्नि सुरक्षा और फैलाव को रोकने के लिए वाटर कर्टेन सिस्टम भी लगाया गया है। फायर डोर बिल्डिंग को अलग - अलग भागों में बांटते हैं जिससे आग का फैलाव बहुत जल्दी न हो और आग को बुझाने में अधिक समय मिल सके। जयप्रभा मेदांता में अपनी फायर सेफ्टी टीम भी है जिसमें 12 सदस्य हैं और पूर्ण रूप से समर्पित है जो 24 घंटे हॉस्पिटल को सेवा देते हैं।




# सीएम नीतीश के शासन में महिला सम्मान की पूरी गारंटी : जदयू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जदयू ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के रहते बिहार में महिला सम्मान की पूरी गारंटी है। पार्टी प्रवक्ता नवल शर्मा ने सोमवार को कहा कि महिलाओं के प्रति राजद के नेताओं और कार्यकर्ताओं की वाणी और व्यवहार में आज भी रत्ती भर बदलाव नहीं आया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए नीतीश कुमार जैसे सख्त प्रशासक की मौजूदगी बेहद सुकूनदायक है। जंगलराज के पंद्रह वर्षों में डर के साये में जीने को अभिशप्त बिहार की महिलाओं को सीएम नीतीश ने उनके आत्मसम्मान और निर्भीक विचरण की जो गारंटी दी है उसे वो कभी खोना पसंद नहीं करेंगी। पंचायतों और नौकरियों में आरक्षण से लेकर महिला सशक्तिकरण की अन्य योजनाओं ने बिहार में महिला क्रांति को जन्म दिया है। इसका प्रभाव आने वाले वर्षों में और ज्यादा गहराई से महसूस किया जाएगा।

# जातिगत गणना को लेकर बिहार में खूब सियासत हुई : प्रशांत किशोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर तीन बड़े मुद्दों जातिगत गणना, रोजगार सहायता योजना और भूमि सर्वे को लेकर जनता के बीच जाएंगे। प्रशांत किशोर ने सोमवार को पटना में प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि जातिगत गणना को लेकर बिहार में खूब सियासत हुई है जिन लोगों ने ये कराया उनकी मंशा जनता की मदद करना नहीं बल्कि समाज को जातीय झंझट में डाल राजनीतिक फायदा उठाने की थी। जातिगत गणना के बाद सरकार ने पांच महत्वपूर्ण बातें कही थीं। उन्होंने कहा कि तीस साल से ज्यादा समय तक लालू - नीतीश ने राज किया। बावजूद समाज के पिछड़े और दलित पिछड़े ही रह गए। चाहे शिक्षा की बात हो या सरकारी नौकरी में आने की। प्रशांत किशोर ने कहा कि जब जातिगत गणना हुआ तब सरकार ने आरक्षण का दायरा बढ़ाने के फैसला के लिए केंद्र को लिखा था। उसकी वर्तमान में स्थिति क्या है? उन्होंने आरोप लगाया कि जातीय जनगणना का उपयोग सामाजिक लाभ पहुंचाने के बजाय राजनीतिक ध्रुवीकरण के लिए किया गया। उन्होंने कहा कि बिहार में जातीय जनगणना के आंकड़े जारी हुए, लेकिन इससे जनता को कोई ठोस लाभ नहीं मिला। 34 फीसदी लोग गरीबी रेखा से नीचे हैं और सिर्फ 5 फीसदी से भी कम दलित-पिछड़े छात्र इंटर तक की पढ़ाई कर पाते हैं। पीके ने आरोप लगाया कि 94 लाख परिवारों को 2 लाख रुपये की रोजगार सहायता देने का वादा अब तक कागजों तक सीमित है। उन्होंने कहा कि दो साल बाद भी एक भी परिवार को एक रुपया नहीं मिला। 39 लाख परिवारों को आवास निर्माण के लिए आर्थिक सहायता का ऐलान हुआ था, लेकिन कितनों को मिला सरकार चुप है।

# कवयित्री श्वेता गजल की तीन पुस्तकों का लोकार्पण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार म्यूजियम और प्रायणिक की ओर से म्यूजियम के ओरिएंटेशन सभागार में चर्चित कवयित्री श्वेता गजल की पुस्तक का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्वेता गजल की तीन पुस्तकों का लोकार्पण हुआ। इनमें गजल संग्रह ख्वाहिशों के सैलाब, कविता संग्रह आहट और गद्य मेरी अभिव्यक्ति शामिल है। इस पुस्तक का लोकार्पण साहित्यकार भगवती प्रसाद द्विवेदी ने किया। उन्होंने कहा कि श्वेता गजल के व्यक्तित्व और कृतित्व में मानवीय संवेदनशीलता है। यह श्वेता के गजल रचनाओं में दिखाई देता है। उनके काव्य संग्रह में अंतरात्मा की आवाज आलाप करती है। श्वेता की गजलें छोटी-छोटी टुकड़ों में बड़ी-बड़ी बातें कहने की क्षमता रखती है। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध गजलकार अनिरुद्ध सिन्हा शामिल हुए। उन्होंने कहा कि श्वेता गजल के विरासत की जमीन पर लहलता हुआ फसल है।

# कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली "देश जोड़ो यात्रा" की तरह ही होगी विफल : मंगल पाण्डेय

## रैली के जरिए जनता को गुमराह करने की कांग्रेस करेगी कोशिश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि 25 अप्रैल से राज्य, जिला व विधान सभा स्तर पर होने वाली कांग्रेस की कथित संविधान बचाओ रैली राहुल गांधी की पूर्व में की गई देश जोड़ो यात्रा की ही अगली कड़ी है। इस रैली का मकसद केंद्र सरकार के खिलाफ दुष्प्रचार कर देश की जनता को गुमराह करना है। श्री पाण्डेय ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में फंसे कांग्रेस नेतृत्व सोनिया गांधी व राहुल गांधी की ओर से ध्यान भटकाने के लिए केंद्र सरकार के खिलाफ गलत नैरेटिव के जरिए देश की जनता को गुमराह करना चाह रहा है। राहुल गांधी की पूर्व की यात्राओं का जो हस्र हुआ वही इस कथित संविधान रैली का भी होने वाला है। कांग्रेस का मकसद जहां अपने इंडी गठबंधन के दलों पर दबाव बनाना है, वहीं झूठे व मनगढ़ंत आरोपों के माध्यम से देश के लोगों को गुमराह करना भी है। दरअसल संविधान बचाओ का ढोंग कर कांग्रेस की मंशा मुस्लिम तुष्टिकरण व देश में अस्थिरता व अविश्वास पैदा करना है। श्री पाण्डेय ने कहा कि बिहार में राहुल गांधी के कई दौरे, कन्हैया कुमार की पदयात्रा व कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की सभा की विफलता के बाद कांग्रेस में काफी निराश बढ़ गई है।



CMYK

# वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत, दो घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर (कैमूर)।** कमचट थाना क्षेत्र के सबार भीतरीबांध पथ पर अमाव गांव के पास रविवार की देर रात्रि अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक मोटर साइकिल सवार युवक की मौत हो गई जबकि दो युवक घायल हो गया। मृत युवक की पहचान अमाव गांव निवासी मुन्ना राम के 30 वर्षीय पुत्र शिव कुमार बताया जाता है। वही घायल युवक की पहचान अमाव गांव के लव कुमार तथा दूसरा कुदरा थाना क्षेत्र के ओयना गांव के संजीत कुमार बताया जाता है वहीं घायल युवक का अमाव गांव के निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद भभुआ सदर अस्पताल के लिए रेफर किया गया। उधर घटना की खबर मिलते ही करमचट थाना पुलिस मौके पर पहुंच कर पंचनामा के लिए शव को अपने कब्जे में लेने का प्रयास किया, लेकिन घटना की खबर मिलते ही घटनास्थल पर परिजनों एवं ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गयी शव को सड़क पर रख कर सड़क जाम कर डीएम एवं एसपी का मांग करने लगे। मौके पर बाहरी पुलिस के साथ सोनहन एवं बेलाव थाना पहुंच गई। पुलिस एवं स्थानीय लोगों द्वारा समझ कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेजा गया। वही परिजनों ने बताया कि तीनों युवक अमाव गांव से एक ही मोटरसाइकिल पर बारात के लिए कुकड़ा गांव जा रहे थे तभी अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने अमाव के पास मोटरसाइकिल में ठोकर मारते हुए भाग निकले। वहीं सदर अस्पताल जिप सदस्य सह बसपा नेता विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल ने परिजनों से मिलकर सांत्वना देते हुए कहा कि हम इस दुख की घड़ी में आपके साथ हैं सरकार द्वारा जो भी मुआवजा मिलता है वह दिलाने का प्रयास करेंगे।



# दो वाहनों की टक्कर में स्कॉर्पियो के उड़े परखचे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** थाना क्षेत्र के मुंजिया गांव के पास कुदरा- चेनारी सड़क पर रविवार की आधी रात में दो वाहनों की जोरदार टक्कर हो गई जिसमें स्कॉर्पियो के परखचे उड़ गए। स्कॉर्पियो सवार रोहतास जिले के चेनारी थाना से कुदरा की तरफ जा रहे थे। सूचना पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने घायलों को इलाज के लिए कुदरा अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद बेहोशी की हालत में दोनों को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों का कहना है कि स्कॉर्पियो में दो लोग सवार थे उक्त स्थान पर स्कॉर्पियो कुदरा की तरफ से आ रहे एक कार से अनियंत्रित गति में टकरा गई। घटना के बाद स्कॉर्पियो सड़क पर पलट कर दूर चला गया। घटना में स्कॉर्पियो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि कार सवार बाल-बाल बच गए। लोगों का कहना है कि कार में दुल्हन सवार थी। स्कॉर्पियो पर भी बारात का पोस्टर लगाए था जिससे लगता है कि स्कॉर्पियो सवार भी बारात जा रहे होंगे। हालांकि दोनों के बेहोश होने के चलते उनका नाम व सही पता की जानकारी नहीं मिल पाई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एक घायल अपने गांव का नाम रोहतास जिला के सासाराम थाना के चितावनपुर गांव बता रहा था। हालांकि बाद में उसने बोलना बंद कर दिया। घटना में दोनों बुरी तरह घायल थे। मामले में थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि दुर्घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बताया कि स्कॉर्पियो को पास के ही एक गांव के पास खड़ा कर दिया गया है जबकि घायल के परिजन इलाज के लिए बाहर लेकर चले गए जिससे उनका नाम व पता कि जानकारी नहीं मिल पाया।

## एक नजर

### 11 लाख 40 हजार की ठगी

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** साइबर थाना में अमित कुमार ने टाटा स्टील का रॉड दिलाने के नाम 11 लाख 40 हजार 235 रुपए ठगी की प्राथमिकी किया है। पुलिस के अनुसार डालमियानगर थाना के न्यू सिधौली निवासी अमित कुमार पाली रोड स्थित शाहाबाद इंजीनियरिंग प्रा. लिमिटेड में कार्यरत है। इनकी कम्पनी कंस्ट्रक्शन का कार्य करता है। कंपनी को सरकारी विभाग में निर्माण कार्य के लिए टाटा स्टील रॉड की जरूरत थी। उन्होंने सोशल मीडिया से टाटा स्टील के रॉड डिविजन के पटना कार्यालय का नंबर प्राप्त कर संपर्क किया। वॉट्सएप से संपर्क कर राशि उसके खाते में भेज दिया गया। मामला गत 10 अप्रैल का है। 14 अप्रैल को रॉड डिलेवरी को बोला था, लेकिन 12 अप्रैल से उसका मोबाइल बंद है। तब उन्हें आशंका हुई। बैंक से जानकारी ली गई तो पता चला कि पेमेंट राशि किसी अन्य कंपनी के खाते में मंगाया गया है। उसका संचालक विवेक शर्मा पटना के संपतचक का निवासी है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### विद्युत चोरी की प्राथमिकी

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** डिहरी मुफस्सिल थाना के पहलेजा गांव के अमीन आलम को मीटर बाईपास कर विद्युत चोरी करते पकड़ा। पुलिस के अनुसार 9843 रुपए के ऊर्जा चोरी की प्राथमिक बी एमपी विद्युत आपूर्ति के जे ई सुजीत कुमार ने प्राथमिकी दर्ज कराया है।

### प्रतिबंधित क्षेत्र में घुसे बालू वाहनों से 22 हजार की वसूली

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** डालमियानगर पुलिस ने प्रतिबंधित आवासीय कॉलोनी क्षेत्र में करने के आरोप में करीब 22 हजार जुर्माना वसूला गया। थानाध्यक्ष सुशांत कुमार मंडल के अनुसार डालमियानगर पुलिस ने आवासीय परिसर में बालू लदे वाहनों द्वारा ओवरटेकिंग किया गया।

### मारपीट का आरोपित गिरफ्तार

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** डालमियानगर पुलिस ने रविवार की देर शाम को गंभीर मारपीट के आरोपी को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष सुशांत कुमार मंडल के अनुसार मथुरापुर कालोनी निवासी अभिषेक कुमार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। मारपीट के मामले में गिरफ्तार किया गया है।

### 19 आरोपित गिरफ्तार

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के 19 आरोपितों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में आत्महत्या कांड, चोरी, वारंटी व शराब तस्कर है। 113 लीटर देशी शराब, दो बाइक जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों के पालन कराने को वाहन जांच अभियान में 78 हजार 500 रुपए जुर्माने की राशि वसूली गई।

# भाजपा ने भीमराव अंबेडकर उत्सव मनाया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** भारतीय जनता पार्टी डिहरी नगर के 12 पत्थर मोहल्ले में बूथ नंबर 287 एवं 288 पर डॉक्टर भीमराव आंबेडकर का उत्सव कार्यक्रम नगर महामंत्री कुंवर सिंह के निवास पर बूथ अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम डॉ भीमराव अंबेडकर के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। इस अवसर पर डिहरी नगर के पूर्व अध्यक्ष एवं डिहरी नगर उत्तरी के प्रभारी संजय गुप्ता ने लोगों को केंद्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजना के बारे में जानकारी साझा की एवं कहा कि आप सभी को देश के प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ उठाना जरूरी है क्योंकि हमारे प्रधानमंत्री चाहते हैं कि केंद्र सरकार की योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। यही उनका लक्ष्य है। नगर महामंत्री कुंवर सिंह ने डॉ भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर चर्चा करते हुए कहा कि हमें डॉक्टर भीमराव अंबेडकर साहब की जीवन से कुछ सीख लेनी चाहिए। उक्त कार्यक्रम में नगर महामंत्री कुंवर सिंह, बूथ अध्यक्ष सुदामा प्रसाद, दीनानाथ, बबलू सिंह, मोहम्मद नसीम, पिंटू प्रसाद, संदीप कुमार, दीपू कुमार, पप्पू राम, विमल कुमार, रमेश सिंह, तेजू कुमार, अजय कुमार, धनजी कुमार, उपेंद्र राम इत्यादि लोग मौजूद थे।




# पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर चलाया गया विशेष स्वच्छता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर व्यापक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत सभी सकुर्लेटिंग एरिया, फुट ओवर ब्रिज, प्लेटफार्मों, पोर्टिको, नालियों, रेल लाइनों तथा यात्रियों के उपयोग वाले समस्त क्षेत्रों की गहन सफाई की गई। विदित हो कि मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) उदय सिंह मीना ने स्टेशन पर तैनात सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे स्वच्छता व्यवस्था पर नियमित निगरानी रखें तथा यह सुनिश्चित करें कि स्टेशन परिसर में हर समय साफ-सफाई बनी रहे। स्टाफ एवं यात्रियों के बीच स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ स्टेशन पर स्वच्छता बनाए रखने हेतु सभी का सहयोग अपेक्षित है।



# हर परिस्थिति में भगवान निश्चित रूप से करते हैं भक्तों की रक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** प्रखंड नेवरास गांव में चल रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में सदी के महान संत लक्ष्मी प्रपन्न श्रीमद् जियर स्वामी जी महाराज ने अपने निवेदन में कहा कि भगवान हर परिस्थिति में भक्तों को निश्चित रूप से मदद करते हैं। उन्होंने नैतिक मूल्यों के संरक्षण स्त्रियों की मर्यादा तथा पुरुषों के न्यायोचित एवं मानवोचित व्यवहार करने का आह्वान किया। स्वामी जी महाराज ने अपने संबोधन के क्रम में कहा कि हमारी माता तथा बहनों के लिए वस्त्र सिर्फ एक आवरण नहीं बल्कि मर्यादा भी है। स्त्रियां यदि अपने मर्यादा का पालन नहीं करेंगी तो हमारे समाज में अनैतिक आचरण को बल मिलेगा। हमारे समाज में माता को देवी का दर्जा मिला है। अतः उनसे समाज की अपेक्षाएं और बढ़ जाती है। चाहे बच्चों को संस्कार देने की बात हो, बच्चों को शिक्षा देने की बात हो, बच्चों को मर्यादित व्यवहार सीखने की बात हो, हर क्षेत्र में स्त्रियों का महत्वपूर्ण योगदान है। आज आधुनिक वातावरण में पाश्चात्य सभ्यता से प्रेरित होकर हमारे बच्चे अपने पहनावे तथा व्यवहार को भूलते जा रहे हैं जिसमें सबसे बड़ा दोष अभिभावकों का ही है। महाभारत तथा रामायण के अनेक दृष्टांतों के माध्यम से स्वामी जी ने हमारे लिए नैतिक मूल्य मर्यादित व्यवहार तथा मानवोचित कर्म के बारे में विस्तार से चर्चा की। मालूम हो कि ज्ञात है श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ में भारत के विभिन्न धार्मिक नगरी से आए अन्य संत महात्माओं के भी प्रवचन निरंतर जारी है। वृंदावन से पधारे परम पूज्य चतुर्भुज स्वामी जी, महाराज काशी से पधारे मुक्तिनाथ स्वामी जी तथा ब्रह्मचारी जी निरंतर अपनी कथा तथा प्रवचन से श्रोताओं को मर्यादित आचरण करने की सीख दे रहे हैं तथा सनातन धर्म की महत्ता को बताकर उसे पुनर्स्थापित करने की दिशा में ठोस पहल करने का भी कार्य कर रहे हैं। सात दिवसीय श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का आज मंगलवार को पूर्णाहूति होगी। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के भाग लेने की संभावना है। यज्ञ समिति द्वारा इसके लिए उत्तम प्रबन्ध किया गया है।



# डिजिटल इंडिया से आत्मनिर्भर और भ्रष्टाचार मुक्त बन रहा भारत : राजू गुप्ता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनेगा। उक्त बातें भाजपा के वरिष्ठ नेता व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राजू गुप्ता ने 'नवबिहार टाइम्स' को बताया। उन्होंने कहा कि आज डिजिटल इंडिया से आत्मनिर्भर और भ्रष्टाचार मुक्त बन रहा है भारत। आज करीब राष्ट्रीय कृषि बाजार पोर्टल 1.78 करोड़ किसान और 2.65 लाख व्यापारी पंजीकृत हुए हैं। उन्होंने बताया कि उमंग ऐप से सरकारी और अन्य प्रकार की 2.132 सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध है। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि इनके नेतृत्व में भाजपा का जनाधार बढ़ रहा है। बिहार में भाजपा के कार्यकर्ताओं में उत्साह है कि फिर एनडीए की सरकार बनेगी।




**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**PLANNING AND INVESTIGATION DIVISION**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT (RCD),RANCHI**
**NirupanBhawan, 3rdFloor,Room No. 401,56-Set, Doranda,Ranchi-834002**

**e-Procurement ( Short Tender Notice )**
**Letter of Invitation (LOI) No.-03/2025-26**
**2nd Call**
**e-Tender Ref No:-RCD/PID/RANCHI/03/2025-26 Date:-17.04.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for Preparation of Feasibility Study Report to ease the Traffic System of Redma Chowk,Daltonganj situated at junction of Daltonganj-Lesliganj-Panki (SH 10) and NH-75 in Palamu District in State of Jharkhand. *Only Empanelled consultantwith RCD under category-I&II vide letter No. 3063(S) WE Dated 22.08.2022are allowed to bid. |
| 2 | Tentative Length | To be determined by consultant |
| 3 | Period of Completion of Work | 30 Days |
| 4 | Cost of Tender documents & Earnest Money Deposit | Cost of tender documents is Rs. 5000/(Non-Refundable) EMD:- The quotationers have to deposit a fixed amount of Rs 20000.00 (Twenty thousand only) as Earnest Money. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(https://jharkhandtenders.gov.in/) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 24.04.2025,10:30 AM |
| 7 | Online Last Date/Time of Bid Submission | 07.05.2025, 12:00 NOON |
| 8 | Date and Time of Bid opening | 08.05.2025, 12:30 PM |
| 9 | Bid validity | 120 days |
| 10 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Planning and Investigation Division,RCD, Ranchi, Mob No.-9471650883 |
| 11 | Advertisement No. | PR 348943 ROAD (2425) D |

Note:- Only e-Tender shall be accepted. Further details can be seen on e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in/).

PR 350724 Road(25-26).D

**Executive Engineer,**
**Planning & Investigation Division,**
**Road Construction Department, Ranchi.**


# स्वर्ण व्यवसायी के हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार करने की एसपी से की मांग

**सासाराम (नबिटा सं.)।** कांग्रेस सहकारिता विभाग के प्रदेश महासचिव राजेंद्र पासवान ने जिले में बढ़ते अपराध पर चिंता जताते हुए दिनारा थाना क्षेत्र के गंजभड़सरा बाजार में बाइक सवार अज्ञात अपराधियों ने स्वर्ण व्यवसायी प्रिंस कुमार की रविवार को गोली मारकर हत्या कर आभूषण से भरा झोला छीन कर भाग गए। पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से व्यवसायी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दिनारा में भर्ती कराया जहां इलाज के क्रम में मौत हो गयी। श्री पासवान ने एसपी रोशन कुमार से अपराधियों को गिरफ्तार कर स्पीडी ट्रायल चलाकर कठोर सजा दिलाने की मांग किया है और मृतक के आश्रित को मुआवजा दिलाने की सार्थक पहल करने की भी मांग के साथ पुलिस रात्रि गश्ती के साथ दिन का गश्ती करने पर बल दिया है ताकि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो और अपराध पर नियंत्रण हो सके।

# पौधशाला के कमरे में असमाजिक तत्वों ने लगायी आग

**टिकारी(गया) (नबिटा सं.)।** जीविका द्वारा संचालित पौधशाला के कमरे में असामाजिक तत्वों द्वारा आग लगा दी गई। मामले को लेकर पीड़ित द्वारा टिकारी थाना में शिकायत दर्ज कराई गई है। टिकारी थाना क्षेत्र के कल्याणपुर ग्राम निवासी अमितेश कुमार द्वारा की गई शिकायत में कहा गया है कि उनकी मां द्वारा गांव में ही जीविका के माध्यम से पौधशाला का संचालन किया जाता है। पौधशाला का सामान रखने के लिए कमरा बनाया गया था।

# दो दिवसीय प्रशिक्षण के लिए चार बीएलओ दिल्ली रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** आगामी विधानसभा चुनाव की बेहतर संचालन को लेकर दो दिवसीय ट्रेनिंग के लिए कैमूर जिले के सभी चार विधानसभा भभुआ, चैनपुर, मोहनियां एवं रामगढ़ के एक-एक बीएलओ सोमवार को दिल्ली के लिए रवाना हुए। जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इन्हें विधानसभा चुनाव को संपन्न कराने के लिए 23 व 24 अप्रैल को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। दिल्ली में भारत निर्वाचन आयोग से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद ये बीएलओ जिला स्तर पर अन्य बीएलओ को प्रशिक्षण देंगे। उप निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि बीएलओ के भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी 30 अप्रैल व एक मई को दिल्ली में भभुआ एसडीओ विजय कुमार एवं मोहनियां डीसीएलआर कमला कान्त त्रिवेदी को प्रशिक्षण दिया जाएगा।




# वीर कुंवर सिंह के शौर्य दिवस की तैयारी पूरी, ऐतिहासिक पल का गवाह बनेगा पटना का आकाश

## शौर्य दिवस और बापू सभागार में शामिल होने वालों के लिए प्रशासन ने जारी की ट्रैफिक गाइड लाइन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती को बिहार सरकार शौर्य दिवस के रूप में मनाती है। इस वर्ष 22 और 23 अप्रैल को शौर्य दिवस का आयोजन होगा। इस मौके पर वायुयानों का शौर्य प्रदर्शन पटना के जेपी गंगा पथ पर नजर आने वाला है। यह दिन पूरे बिहार खासकर पटनावासियों के लिए बेहद खास होने वाला है। प्रशासन की ओर से इससे संबंधित सभी तैयारी तकरीबन पूरी कर ली गई है। ऐसा पहली बार होगा जब राजधानी पटना के आसमान में वायुसेना की सूर्यकिरण इकाई में शामिल विमान कलाबाजी दिखाएंगे। इस भव्य एयर शो को देखने के लिए पटना के सभ्यता द्वार के सामने हजारों लोग जुटेंगे। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत अन्य गणमान्य लोगों के शामिल होने की पूरी संभावना है।

**कहां-कहां किसके लिए होगी पार्किंग**

ऐयरोबैटिक शो के दौरान पटना ट्रैफिक पुलिस ने यातायात व्यवस्था में व्यापक बदलाव किया है। शहर में जाम न लगे और लोगों को असुविधा न हो। इसके लिए कई पार्किंग जोन बनाए गए हैं। दानापुर और अशोक राजपथ से आने वाले दर्शकों को अपना वाहन जेपी सेतु घाट, दीघा घाट, 88 और 93 नंबर घाट पर पार्क करना होगा। गायघाट से सभ्यता द्वार की ओर आने वालों के लिए पटना कॉलेज ग्राउंड, साइंस कॉलेज ग्राउंड और कृष्णा घाट के पास पार्किंग व्यवस्था की गई है। जेपी गोलंबर से आने वाली भीड़ के लिए गांधी मैदान में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इस दिन गाड़ियों को खड़ा करने के लिए सभी गेट खोल कर रखे जाएंगे। ताकि लोगों को वाहनों की पार्किंग में कोई समस्या न हो और वाहन हर दिशा से आसानी से पार्क किए जा सकें। इसके अलावा महेंद्र घाट, कलेक्ट्रेट घाट और कदम कुआं घाट पर भी पार्किंग की सुविधा होगी। एलसीटी घाट के अंडरपास से गुजरने वाले वाहनों के लिए जेपी गंगा पथ की एक लेन में पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

**यहां-यहां होगा रूट डायवर्जन**

राजधानी के अलग-अलग रास्तों से आने वाले वाहनों के रूट डायवर्ट किए गए हैं। 22 और 23 अप्रैल की सुबह 6:00 से 11:00 बजे तक मुख्य यह डायवर्जन प्रभावी रहेंगे। एलसीटी घाट का एप्रोच रोड वन-वे किया गया है। ताकि एयर शो में शामिल होने वाले लोग आसानी से जेपी गंगा पथ पहुंच सकें। बापू सभागार में आयोजित एक अन्य कार्यक्रम के लिए आने वाले वाहनों को जेपी सेतु, अटल पथ और आर ब्लॉक होते हुए गांधी मैदान के गेट नंबर 10 पर पार्क कराया जाएगा। छोटे वाहनों के लिए बापू सभागार की अंडरग्राउंड पार्किंग उपलब्ध कराई गई है।

**ट्रैफिक नियमों का पालन जरूरी, छह क्रेन तैनात**

प्रशासन की ओर टैफिक नियम और निर्देशों को पालन करने की अपील की गई है। पार्किंग स्थल के अलावा इधर, उधर वाहन खड़ा करने वालों को लेकर प्रशासन सख्त है। इसके लिए 6 क्रेन की भी व्यवस्था की गई जिसे छह प्रमुख स्थानों पर तैनात किया गया है। टैफिक एसपी अपराजित लोहान ने यह भी सुनिश्चित किया है कि ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे। उन्होंने कहा कि यह आयोजन पटना के लिए गर्व का क्षण है। हम इसे सुव्यवस्थित यातायात से यादगार बनाएंगे। 'शौर्य दिवस का यह आयोजन पटना के लिए गर्व का पल है। इसे सुव्यवस्थित यातायात से यादगार बनाएं। प्रशासन की ओर से एयर शो और बापू सभागार में शामिल होने वालों की सुविधा का ध्यान रखा है। इसके लिए पार्किंग और ट्रैफिक डायवर्जन किया गया है। हमारी अपील है कि प्रशासन का सहयोग करें जो व्यवस्था की गई है उसके अनुरूप टैफिक नियमों का पालन करें।


**कार्यालय:- असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू**
**-: जिला स्वास्थ्य समिति, पलामू :-**
**Email :- Civilsurgeonpalamu@gmail.com**

Memo No. 569 Dated :- 19.04.2025

**''आवश्यक सूचना''**

विभागीय संकल्प ज्ञापांक :– 21/आयुष्मान–09–01/2024–58(21) रांची, दिनांक :– 11.01.2025 के आलोक में अनुमण्डलीय अस्पताल, छत्तरपुर एवं अनुमण्डलीय अस्पताल, हुसैनाबाद में वाह्य श्रोत से विशेषज्ञ चिकित्सकों से सेवाएं प्राप्त करने हेतु निम्न् शर्तो के साथ आवेदन आमंत्रित किए जाते है जो निम्न्वत् है:–

| '' अस्पतालवार विशेषज्ञता के अनुसार विशेषज्ञ चिकित्सक की आवश्यकता का विवरण '' | |
|---|---|
| अनुमण्डलीय अस्पताल, छत्तरपुर | अनुमण्डलीय अस्पताल, हुसैनाबाद |
| 1. Opthalmologist 2. Physician 3. Surgeon 4. Anesthetist 5. Radiologist 6. Psychiatrist | 1. Opthalmologist 2. Physician 3. Surgeon 4. Anesthetist 5. Radiologist 6. Psychiatrist 7. Orthopaedician 8. Gynaecologist |

| '' वाह्य श्रोत के विशेषज्ञ चिकित्सक के प्रोत्साहन राशि की भुगतान संबंधी विवरण '' |
|---|
| वाह्य श्रोत के विशेषज्ञ चिकित्सक को ओ0पी0डी0 सेवाएं हेतु 600 रू0 प्रति मरीज देय होगा तथा अन्य सेवाओं के लिए प्रत्येक केस पर Package अनुसार उपार्जित होने वाली राशि के 85 प्रतिशत में से 34 प्रतिशत राशि देय होगा तथा निश्चेतक/अन्य विभाग के चिकित्सक जिनके द्वारा चिकित्सा प्रबंधन में सहयोग प्रदान करने पर 12 प्रतिशत राशि देय होगा साथ ही प्रत्येक X-ray पर 125 रू0 एवं प्रत्येक Ultrasound पर 350 रू0 देय होगा। |
| नोट:– पारिश्रमिक की कुल राशि प्रति विशेषज्ञ चिकित्सक को प्रतिमाह 4,00,000/– (चार लाख) रू0 से अन्यून होगी साथ ही उपरोक्त पारिश्रमिक की राशि में प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जायेगी। |

आवेदन की प्रक्रिया :–

1. इच्छुक विशेषज्ञ चिकित्सक सलंग्न प्रपत्र में अपनी सूचना अंकित करते हुए अपना आवेदन Civilsurgeonpalamu @gmail.com पर भेज सकते है तथा हाथो–हाथ अपना आवेदन अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में समर्पित कर सकते है और उपरोक्त के लिए आवेदन प्रपत्र Palamu NIC से प्राप्त किया जा सकता है।
2. अन्य आवश्यक जानकारी हेतु जिला कार्यक्रम प्रबंधक, पलामू (दूरभाष संख्या:–9199083995) से सर्म्पक किया जा सकता है।

PR 350729 District (25-26)_D

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू

# नवादा में कुपोषण पर शिकंजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** नवादा समाहरणालय सभाकक्ष में जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में 'पोषण पखवाड़ा' के अंतर्गत जिला अभिसरण कार्य योजना एवं जिला पोषण समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत डीपीओ आईसीडीएस द्वारा पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं से संबंधित आंकड़ों की जानकारी देने के साथ हुई।

जिलाधिकारी ने सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों (सीडीपीओ) से कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों की पहचान से संबंधित अद्यतन आंकड़ों की जानकारी ली। इस पर सीडीपीओ ने बताया कि उपकरणों की अनुपलब्धता के कारण गुणवत्ता युक्त आकलन में बाधा आ रही है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जहां उपकरण नहीं हैं, वहां पास के आंगनबाड़ी केंद्रों से समन्वय स्थापित कर उपकरण लेकर कार्य सुनिश्चित किया जाए।

इसके अतिरिक्त उन्होंने निर्देश दिया कि सभी सीडीपीओ अपने-अपने क्षेत्रों में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर एवं हेल्थ सब सेंटर के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक संसाधन सुनिश्चित करें, ताकि अतिकुपोषित बच्चों की शत-प्रतिशत पहचान की जा सके। जिलाधिकारी ने कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों की पहचान हेतु तीन दिनों में सर्वे कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। रिपोर्ट के आधार पर बच्चों की स्थिति के अनुसार 10-चरणीय प्रबंधन प्रक्रिया अपनाने की बात कही गई, जिसमें वृद्धि निगरानी, भूख परीक्षण, चिकित्सीय जांच, बाल संवर्धन कार्यक्रम में नामांकन, पोषण एवं चिकित्सीय प्रबंधन, परामर्श, निगरानी, डिस्चार्ज मापदंड तथा फॉलोअप शामिल हैं। जिलाधिकारी ने कुपोषित बच्चों के अभिभावकों को उचित परामर्श देने के लिए कॉल सेंटर की स्थापना के निर्देश भी दिए। साथ ही उन्होंने सभी सीडीपीओ को निर्देशित किया कि नवजात शिशुओं और गर्भवती महिलाओं के पोषण और स्वास्थ्य के लिए जनजागरूकता अभियान चलाया जाए। इस बैठक में उप विकास आयुक्त नवादा, सिविल सर्जन, डीपीओ आईसीडीएस, प्रभारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी सीडीपीओ, प्रखंड समन्वयक, जिला प्रबंधक (पिरामल फाउंडेशन), जिला परियोजना सहायक एवं पोषण अभियान से जुड़े पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## नकद व आभूषणों के साथ चोर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** थाना क्षेत्र के नीमगंज मरियम टोला में पिछले 16 अप्रैल को हुई चोरी की भीषण घटना समेत सोहसराय, लहेरी और दीपनगर थाना क्षेत्रों में हुए हाल के दिनों में चोरी की घटनाओं का उद्भेदन करते हुए चार कुख्यात चोरों को गिरफ्तार किया है। विधि व्यवस्था डीएसपी राम दुलार प्रसाद ने बताया कि नीमचक मरियम टोला के राजो रजक ने नगर थाना क्षेत्र में शिकायत दर्ज कराया था। वह अपने पूरे परिवार के साथ हरिद्वार गए हुए थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों द्वारा उनके घर में चोरी की घटना को अंजाम देते हुए हीरे, सोने, चांदी के जेवर और घर में रखे 25 हजार नकद समेत अन्य कीमती सामान को चुरा लिया है। पुलिस अधीक्षक भारत सोनी के नेतृत्व में टीम गठित कर घटना में शामिल सभी आरोपितों को गिरफ्तार करते हुए चोरी के 77 हजार रुपए, सोने, चांदी के जेवर और चोरी करने के उपकरण को बरामद किया गया है।

# बिहारशरीफ में मॉडल हॉस्पिटल का हुआ शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने नवनिर्मित अत्याधुनिक मॉडल हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। उद्घाटन के दौरान श्रवण कुमार ने कहा कि पुराना सदर अस्पताल अब इतिहास बन गया है और उसकी जगह खड़ा हुआ है बिहार का यह चमचमाता स्वास्थ्य महल देखिए यह कोई साधारण अस्पताल नहीं है, यह है बिहार के लोगों के लिए जीवनदान का मंदिर नालंदा की धरती पर खड़ा यह अस्पताल न केवल बीमारियों को भगाएगा, बल्कि बिहार के स्वास्थ्य सेवा में एक नई क्रांति लाएगा। 5 मंजिला, 212 बेड हर मंजिल पर मिलेगा नया जीवन, इस स्वास्थ्य महल की हर मंजिल पर मरीजों के लिए अलग-अलग चमत्कारिक व्यवस्थाएं की गई हैं। पहली मंजिल पर 10 स्पेशल केयर बेड, दूसरी मंजिल पर 51 सुपर कम्फर्ट बेड, तीसरी मंजिल पर 45 हाई-टेक हीलिंग बेड, चैथी मंजिल पर 78 लक्जरी रिकवरी बेड, पांचवीं मंजिल पर 18 प्रीमियम केयर बेड बनाया गया है। इस अस्पताल में मरीज को अपना बेड छोड़ने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। बस एक जादुई बटन को दबाइए और तुरंत नर्स हाजिर यह है हमारा अत्याधुनिक नर्सिंग कॉल सिस्टम और यही नहीं, कागजी कार्रवाई के झंझट से भी छुटकारा। नवीनतम स्कैन और शेयर तकनीक से लैस डिजिटल रजिस्ट्रेशन काउंटर मरीजों को पेपरलेस इलाज का अनुभव देंगें। स्वास्थ्य समिति के श्याम कुमार निर्मल ने कहा कि मुझे तो यकीन ही नहीं हो रहा कि यह किसी 5-स्टार होटल से कम है।

# महिला संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जीविका दीदियों ने लिया भाग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पकरीबरावां।** बिहार सरकार द्वारा संचालित महिला संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को प्रखंड की उत्तरी ग्राम पंचायत के बड़ी तालाब मोहल्ले में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित की गई। आयोजन बीपीआरओ गौरव कुमार और जीविका बीपीएम पूनम प्रजापति की देखरेख में हुआ, जिसमें जीविका समूह की दीदियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बीपीएम पूनम प्रजापति ने बताया कि महिला संवाद रथ के माध्यम से सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी वीडियो के जरिए दी गई। इन योजनाओं में महिला आरक्षण, बालिका साइकिल योजना, छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री पोशाक योजना, सतत जीविकोपार्जन योजना और जीविका परियोजना जैसी कई सशक्तिकरण योजनाएं शामिल रहीं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं से उनकी जीवन यात्रा, अनुभव, आकांक्षाएं और सुझाव भी लिए गए। इन सुझावों को सूचीबद्ध कर आगे की नीति निर्माण में सहयोग हेतु संकलित किया गया। इस अवसर पर बीपीआरओ गौरव कुमार, क्षेत्रीय समन्वयक आदर्श कुमार, सामुदायिक समन्वयक लक्ष्मीनी कुमार समेत जीविका से जुड़ी कई दीदियां और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

**पंचायतों में आयोजित होंगे महिला संवाद कार्यक्रम**

**पकरीबरावां।** प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों में महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जीविका की बीपीएम पूनम प्रजापति ने बताया कि महिला संवाद कार्यक्रम प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में 18 अप्रैल से 12 जून तक आयोजित किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक महिलाओं तक सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाई जा सके।

## किराना दुकानदार की रॉड से पीट-पीटकर हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** चंडी थाना क्षेत्र के सैरापर गांव में एक बुजुर्ग किराना दुकानदार की रॉड और ईंट-पत्थर से पीट-पीटकर निर्मम हत्या कर दी गई। घटना के पीछे व्यापारिक प्रतिस्पर्धा को कारण बताया जा रहा है। मृतक इसी थाना के सैरापर गांव निवासी स्व. भोला चौधरी के 60 वर्षीय पुत्र मिथिलेश चौधरी के रूप में थे। परिजनों ने बताया कि मिथिलेश चौधरी गांव में वर्षों से किराना दुकान चला रहे थे। उसी गांव में एक अन्य व्यक्ति भी किराना दुकान चलाता था, जहां ग्राहक अपेक्षाकृत कम आते थे। इसी बात को लेकर आरोपित दुकानदार मिथिलेश चौधरी से इर्ष्या रखने लगा था। 16 अप्रैल को विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। गंभीर रूप से जख्मी अवस्था में उन्हें इलाज के लिए बिहारशरीफ स्थित पावापुरी मेडिकल में भर्ती कराया गया, जहां सोमवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

# गर्मी बढ़ते ही खीरा और ककड़ी की बढ़ी मांग

डॉ पंकज कुमार सिन्हा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** जिले में बढ़ती गर्मी से लोग खासा परेशान दिख रहे हैं। ऐसे में लोग राहत पाने के लिए रसदार फल और शीतल पेय पदार्थों का सहारा ले रहे है। गर्मियों में खाई जाने वाली कई ऐसी चीजें हैं जो तन-मन को ठंडा करने के साथ सेहत को भी कई गजब के फायदे पहुंचाती हैं । ऐसी ही एक चीज का नाम है खीरा व खीरा । पानी के साथ-साथ फाइबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम, फास्फोरस और पोटैशियम जैसे पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसके अलावा इसमें विटामिन-बी, विटामिन ए और एंटीऑक्सीडेंट भी प्रचुर मात्रा में मौजूद होते हैं। जो सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माने जाते हैं। खीरे में मौजूद ये सभी गुण गर्मियों में पेट ठंडा रखने के साथ लू से भी बचाव करने में मदद करते हैं। बाजार में खीरा, ककड़ी,तरबूज व खरबूजा की मांग बढ़ने के साथ-साथ कीमत भी बढ़ गयी है। फिर भी राहत पाने के लिए रसदार फलों की ओर लोगों का रुझान है। फल व्यवसायी सुनील सिंह ने बताया कि गर्मी के मौसम में रसदार फल की मांग बढ़ गयी है। सबसे अधिक अंगूर, संतरा व अनार की मांग बढ़ी है। फल ठंडक पहुंचाने के साथ-साथ शरीर को तरोताजा रखता है। बढ़ती गर्मी से राहत पाने के लिए लोग रसदार फलों का सेवन ज्यादा कर रहे हैं। फलों की कीमत में उछाल आया है। बाजार में दर्जनों जगह पर सड़क के किनारे भारी संख्या में तरबूज के ढेर लगे हैं। गर्मी के मौसम में खीरा और ककड़ी लोगों की पहली पसंद है। तरबूज भी खूब बिक रहें है.और जो तरबूज पहले 20 रुपये किलो था, वही अब 25 से 30 रुपये किलो हो गया है। 30 रुपये किलो वाला खीरा 40 से 50 रुपये किलो हो गया है। पपीता 40 से 50 रुपये किलो बिक रहा है। सदर प्रखंड के ओरैना गांव के किसान संत परिवार के कंचन कुमार ने बताया कि इस बार डेढ़ बीघा में खीरा और ककड़ी लगवाया है। जिसे नवादा बाजार के अलावे बंगाल के कोलकाता के व्यपारी भी ले जा रहें है। इसका दो महीने का सीजन होता है। इस दो महीने में अच्छी खासी खीरे और ककड़ी का पैदावार होता है, लेकिन इस बार बे मौसम बारिस होने पर इसके लत्ती को थोड़ा बहुत नुकसान भी हुआ है। व्यापारी अकरम ने बताया कि किसानों के खेत से हमलोग खीरा ले कर नवादा के बाजारों में थोक विक्रेता के पास बेच देते है। इसके अलावा बंगाल के कोलकाता भी रोजाना खीरा और ककड़ी भेजते है। इस साल हर दिन करीब एक क्विंटल खीरा बंगाल में बिक्री के लिये भेजा रहा है। जिसे कई गांव के किसानों से खरीददारी करना पड़ता है। डॉ रविश कुमार ने बताया कि रोजाना एक से दो खीरा खाने से कई फायदे होते हैं, जैसे कि शरीर को हाइड्रेट रखना, वजन कम करना, पाचन में सुधार करना और त्वचा को स्वस्थ रखना। खीरा में पानी की मात्रा अधिक होती है, जो शरीर को ठंडा और हाइड्रेटेड रखता है, खासकर गर्मियों में. खीरा में फाइबर होता है, जो पाचन को बेहतर बनाता है और कब्ज से राहत दिलाता है। खीरे में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो त्वचा को चमकदार और स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।

# डॉ. अंबेडकर की 134वीं जयंती पर हिसुआ में निकली महापुरुषों की आकर्षक झांकियां

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** भीम आर्मी और डॉ. अंबेडकर के अनुआईयों द्वारा हिसुआ में भारतरत्न डॉ. अंबेडकर की जन्मोत्सव समारोह व विशाल शोभायात्रा निकाला गया। इस दौरान 20 वाहनों पर महापुरुष जिसमें बाबा साहब, सम्राट अशोक, संत रविदास, रामा बाई, पेरियार रामास्वामी नायकर, सम्राट अशोक, भगवान बुद्ध, ज्योति राव फूले, सावित्री बाई फूले, जगदेव प्रसाद, फूलन देवी, दशरथ मांझी, एतवा रजवार, संत रविदास, वी. पी. मण्डल, महाराजा बिजली पासी, बाबा चौहरमल, वीरांगना ऊदा देवी पासी, कांशीराम समेत विभिन्न महापुरुषों की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। अनुशासित तरीके से पूरे शहर को लोगों ने नीले रंग के ध्वज से पाट दिया। विशाल शोभायात्रा हिसुआ में नगरपरिषद भवन के पास से शुरू हुई और नरहट रोड होते हुए नौआबागी, महादेव मोड़, रेलवे गुमटी, हिसुआ डीह से वापस अंदर बाजार से मेन रोड होते हुए टीएस कॉलेज से नवादा रोड से थाना होते हुए राजगीर रोड गयी। उसके बाद आयोजन स्थल हिसुआ नगर परिषद के पास अशोक भवन आकर कार्यक्रम में तब्दील होकर समापन हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित हिसुआ विधायक नीतू सिंह,अनिल कुमार, पंकज सिंह, सुधीर सिंह, राजेश राजवंशी, अरविंद चौधरी, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष पिंकी भारती, जिला परिषद उमेश यादव, रामस्वरूप राजवंशी, पप्पू सिंह, पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रेमा चौधरी, जिला परिषद उपाध्यक्ष निशा चौधरी, नगर परिषद अध्यक्ष पूजा कुमारी, विजय चौधरी पूर्व छात्र नायक, शंभू शर्मा, मोसाफिर कुशवाहा, राजकिशोर महथा, किरो चौधरी, भीम आर्मी जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार राजवंशी, कुलेश्वर चौधरी, शेरू चौधरी, नवल चौधरी, रेणु सिंह, अरविंद चंद्रवंशी, रामकरण पासवान, सुनील कुमार, टिंकू चौधरी , गणेश ठीकेदार, राजेश चौधरी, असगर अली, अशोक चौधरी बिल्टु, दिलीप कुमार, शंभू शर्मा, पवन कुमार गुप्ता, संजय चौधरी, शंकर चौधरी, नवीन रविदास, जीवन लाल चंद्रवंशी , उदय पासवान, कलीमउद्दीन, विनोद रविदास समेत अन्य हजारों लोगों ने सराहनीय भूमिका निभायी। थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, सर्किल इंस्पेक्टर रंजन चौधरी, एसडीपीओ सुनील कुमार, बीडीओ देवानंद प्रसाद, अंचलाधिकारी द्वारा पुलिस पदाधिकारी एवं बल के साथ सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया।

# नेतृत्व संकट के बीच दिखी एकता की नई किरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** राजनीतिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण रहे नालंदा जिले की धरती पर एक नया सामाजिक और राजनीतिक विमर्श तेजी से उभर रहा है। केंद्रीय मंत्री से लेकर राज्य के मुख्यमंत्री तक की लंबी पारी खेलने वाले नालंदा के लाल नीतीश कुमार अब राजनीतिक संध्या की ओर अग्रसर हैं। हालिया घटनाक्रमों से यह स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं कि गिरते स्वास्थ्य और बढ़ती उम्र के चलते अब वे स्वयं को मुख्यमंत्री पद के उत्तरदायित्वों के लिए सक्षम महसूस नहीं कर रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में एक महत्वपूर्ण सवाल तेजी से उठ खड़ा हुआ है—नीतीश कुमार के बाद कुर्मी समाज का नेतृत्व कौन करेगा? यह प्रश्न इसलिए भी प्रासंगिक हो गया है क्योंकि नीतीश कुमार ने अपने राजनीतिक जीवन में कभी भी अपने समाज से किसी अन्य नेता को आगे बढ़ाने की दिशा में ठोस पहल नहीं की। कुर्मी समाज इस विषय को लेकर गहराई से चिंतित है। समाज के कई नेताओं ने समय-समय पर समाज को एकजुट करने के लिए बड़े आयोजनों की पहल की, लेकिन व्यापक समर्थन के अभाव में नेतृत्व का स्पष्ट उत्तराधिकारी सामने नहीं आ सका। इसी कड़ी में 11-12 फरवरी 2025 को राजगीर स्थित कन्वेंशन हॉल में दो दिवसीय कुर्मी समागम सह चेतना शिविर का आयोजन किया गया था। आयोजकों का दावा था कि देशभर से 400 से अधिक प्रतिनिधि इसमें शामिल होंगे, लेकिन हकीकत यह रही कि शिविर में महज 10% सीटें ही भर सकी। कुर्सियों की खाली पंक्तियां समाज की एकता पर गंभीर सवाल छोड़ गईं। इसके बाद 19 फरवरी 2025 को पटना के मिलर स्कूल मैदान में कुर्मी एकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली के मुख्य आयोजक भाजपा के अमनौर विधायक कृष्ण कुमार मंटू पटेल थे लेकिन इस रैली में भी मात्र ढाई से तीन हजार लोग ही जुट पाए। नतीजा, एक बार फिर समाज अपने संभावित उत्तराधिकारी की तलाश में अधूरा रह गया। हालांकि, 20 अप्रैल को बिहारशरीफ के श्रम केंद्र मैदान में इंजीनियर प्रणव प्रकाश द्वारा आयोजित छत्रपति शिवाजी महाराज सामाजिक समरसता अभियान ने समाज में नई ऊर्जा का संचार कर दिया।

# नालियों में रिसाव से सड़कों पर बह रहे गंदे पानी से लोगों को हो रही परेशान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** नगर पंचायत क्षेत्र के डाकबंगला चौराहा से थोड़ी दूर पर स्थित सरजू धाम मंदिर के पास सड़क पर नालियों का गंदा पानी विगत एक माह से बह रहा है,जिससे राहगीरों के साथ-साथ आसपास के लोगों को काफी परेशानी हो रही है।नगर पंचायत क्षेत्र में आधुनिक तरीके का उपयोग करते हुए लाखों रुपए खर्च करके बनाए गए नालियों की स्थिति जर्जर दिखाई पड़ रही है। नालियों को सड़क से ऊंचाई पर तो बना दिया गया,किंतु उसके गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया है।इस कारणवश नालियों में घरों एवं दुकानों का बहने वाला गंदा पानी लीकेज होकर सड़क पर गिर रहा है। महीनों से सड़कों पर बह रहे गंदे पानी से दुर्गंध तो आता ही है वहीं मंदिर में पूजा करने वाले श्रद्धालुओं को भी काफी परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों द्वारा नगर पंचायत प्रशासन एवं संबंधित वार्ड पार्षद को इसकी सूचना भी दिया जा चुका है किंतु एक माह से भी अधिक समय बीत जाने के बाद,किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई है। नगरवासी राजेश विश्वकर्मा ने बताया कि सड़कों पर बहते पानी से आने जाने वाले लोगों के साथ-साथ छोटे बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार तो बाइक सवारों और राहगीरों के बीच पानी के छींटे पड़ने की वजह से झगड़ा तक हो जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस भीषण गर्मी में नालियों की यह दशा है,तो बरसात के समय में और भी भयानक परिणाम हो सकते हैं। सड़कों पर बहते नालियों के पानी से अलकतरा से बने सड़क भी छिन्न-भिन्न होते जा रहे हैं। नगरवासियों द्वारा कहा जा रहा है कि सरकार द्वारा बेहतर ड्रेनेज सिस्टम के लिए करोड़ों रुपए का फंड आवंटित किया जा रहा है,जिसका दुरुपयोग रजौली नगर पंचायत में देखने को मिल रहा है। इस दशा में सुंदर और स्वच्छ नगर पंचायत की कल्पना करना बेइमानी साबित हो रहा है। इस बाबत नगर पंचायत पदाधिकारी राजेश ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं था साथ ही बताया कि मंगलवार को नगर पंचायत प्रशासन की टीम जाकर स्थल निरीक्षण कर समस्या का समाधान कर लिया जाएगा।

# आदर्श सिटी में किया जिमखाना का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** आदर्श सिटी के जिम हाल में जिम का उद्घाटन किया गया। जिसका उद्घाटन सेवानिवृत्ति जेलर अर्जुन प्रसाद साहू ने किया। साथ में समिति के अध्यक्ष राजीव कुमार सिन्हा, सचिव श्रवण कुमार बरनवाल, कोषाध्यक्ष मनोज पांडे के साथ-साथ कुमार रुद्र प्रताप, रितेश कुमार झंनु, अलखदेव यादव, रंजीत पांडे, मनोहर पांडे, रागिनी साहू, संजीत पासवान, मुकेश कुमार सिंह, राकेश रोशन, रोशन दुबे सहित सोसायटी के सभी लोग उपस्थित थे। अध्यक्ष राजीव कुमार सिन्हा ने कहा कि इसकी आवश्यकता हर एक लोगों को है। सभी को स्वास्थ्य लाभ करना चाहिए। समिति के सचिव श्रवण कुमार बरनवाल ने कहा कि स्वास्थ्य ही धन है। अगर स्वास्थ्य आपका बढ़िया है तो आपका सब कुछ बढ़िया है। सभी लोगों ने जिम में लगे हुए उपकरणों का उपयोग किया। निरंजन पांडे के द्वारा पूजन प्रक्रिया के बाद उपस्थित लोगों ने सभी उपकरणों का उपयोग किया।

# शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार पर रहेगा फोकस : डॉ. अनुज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** विधानसभा चुनाव के होने में कुछ महीने बचे हुए हैं। नवादा शहर एवं नवादा विधानसभा के विकास हेतु जन जागृति फाउंडेशन के संयोजक और समाजसेवी एवं शिक्षाविद डॉ अनुज सिंह के द्वारा लगातार लोगों से मिलने का सिलसिला निरंतर जारी है। गांव हो या शहर हो ,वो लगातार लोगों से मिलकर नवादा विधानसभा में होने वाले चुनाव में अपनी सक्रिय भागीदारी को लेकर सहयोग करने की अपील करते दिख रहे हैं। इतना ही नहीं उनकी समस्याओं को भी जानने का प्रयास कर रहे हैं। बीते रविवार को जिला के नारदीगंज बाजार के विभिन्न स्थलों पर छोटे से लेकर बड़े व्यापारी वर्ग से मिलकर उनकी परेशानियों को जाना। जहां उन्होंने जनसंवाद को संबोधित करते हुए कहा कि आज तक जो भी यहां के जन प्रतिनिधि हुए हैं, उन्होंने केवल अपनी सुख सुविधा लेने का काम किया। जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को जानने का प्रयास किसी ने नहीं किया है। हमने यह जन जागृति अभियान आने वाले विधानसभा चुनाव 2025 के लिए चलाया है, ताकि आप सभी एक ऐसे जनप्रतिनिधि को चुनकर विधानसभा भेजें जो आपके बीच का हो, जो आपकी परेशानियों को समझे। हम वैसा करेंगे, जिससे यहां के लोगों को रोजगार मिल सके। स्वास्थ्य का समुचित उपाय हो, कृषि समस्याओं का समाधान हो, साथ ही साथ नवादा के जन-जन की सुरक्षा हो। मौके पर जनसंवाद यात्रा में चल रहे त्रिवेणी एजुकेशनल वेलफ़ेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष, टी के ऑटोमोबाइल के प्रोपराइटर संजय कुमार सिंह ने भी लोगों से एकमत होकर विधानसभा चुनाव में मतदान करने की अपील की।

# महिला संवाद में 400 महिलाएं हुई सम्मिलित, वृद्धा पेंशन में की जाए बढ़ोत्तरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के रजौली पश्चिमी पंचायत के भूसड़ी एवं सिरोडावर पंचायत के बलिया गांव के जीविका ग्राम संगठन में महिला संवाद का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 400 से अधिक महिलाएं सम्मिलित हुई। इस दौरान नोडल पदाधिकारी सह प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी राजकमल भारती व राकेश कुमार के अलावे जीविका बीपीएम मनीष कुमार मौजूद रहे। बीपीएम ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिला संवाद जमीनी स्तर पर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं में जागरूकता का कार्यक्रम है।इससे ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं की जानकारी को बढ़ावा मिलेगा और अधिक से अधिक लोग इससे लाभान्वित होंगे साथ ही महिला संवाद में उठाए गए मांग को प्राथमिकता और सरकार को योजना निर्माण में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में एलईडी वैन के माध्यम से सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। भूसडी की रहने वाली शीतल कुमारी बताती हैं कि इनको सरकार के तरफ से छात्रवृति, साइकल और पोशाक योजना का लाभ प्राप्त हुआ है,अब वो 9वीं कच्चा में पढ़ती हैं और उच्च शिक्षा प्राप्त कर नौकरी करना चाहती हैं वहीं रीना देवी कहती हैं कि शौचालय निर्माण हेतु रु 12000 प्राप्त कर घर में शौचालय बनवाई है, जिससे घर की बेटी बहु को बाहर सोच के लिए नहीं जाना पड़ता है। प्रमिला देवी को महिला आरक्षण का लाभ मिला और वो विकाश मित्र के पद पर कार्य कर रही हैं। 62 वर्षीया सूमा देवी ने बताया कि रु 400 प्रति माह वृद्धा पेंशन मिलता है, महंगाई को देखते हुए सरकार को रु 1500 करना चाहिए। बलिया की रहने वाली ऊषा देवी ने बताया कि गांव में रोजगार का अभाव है, एक सिलाई सेंटर हो जाने से महिलाओं को रोजगार मिलेगा। कार्यक्रम में उपस्थित दर्जनों जीविका दीदीयों ने अपनी सफलता की कहानी सुनाई और अपना अनुभव साझा किया,जिससे अन्य महिलाओं को प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम में कई अन्य महिलाओं द्वारा भी गांव के लिए मांगे रखी गई। सभी मांगो को एमआईएस पोर्टल के माध्यम से कलमबंद करते हुए मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों ने सरकार द्वारा योजना निर्माण में शामिल किए जाने का आश्वासन दिया। दोनों कार्यक्रम में लगभग 400 महिलाओं,बच्चियों एवं अन्य ने इस में भाग लिया।इस मौके पर जीविका से विभूति नारायण तिवारी, जैनेन्द्र कुमार, क्षेत्रीय समन्वयक, सत्येंद्र रविदास, सरिता कुमारी एवं चंदन कुमार के अलावे सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## तीन फरार वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** थाना क्षेत्र के धमनी पंचायत के कुम्हरुआ गांव एवं रजौली पूर्वी पंचायत के धुरगांव से पुलिस बलों ने फरार चल रहे तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि विभिन्न कांडों में फरार चल रहे तीन अभियुक्तों के विरुद्ध कोर्ट द्वारा वारंट निर्गत किया गया था। कोर्ट द्वारा निर्गत वारंट के आलोक में गुप्ता सूचना के आलोक में पुलिस बलों ने तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार वारंटियों की पहचान कुम्हरुआ गांव निवासी कालेश्वर यादव के पुत्र गोरेलाल यादव व वादो ठाकुर के पुत्र चंदू ठाकुर एवं धुरगांव गांव निवासी मो. इसहार अंसारी के पुत्र मो. इदरीस अंसारी के रूप में हुई है।

# उर्वरक विक्रेताओं के प्रशिक्षण कार्यक्रम की हुई शुरूआत

## कृषि विज्ञान केंद्र में उर्वरक अनुज्ञप्तिधारकों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कौआकोल।** कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा में सोमवार को खाद व उर्वरक विक्रेताओं के लिए 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार, कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. जयवंत कुमार सिंह, केवीके के वैज्ञानिक रविकांत चौबे, रौशन कुमार,कोर्स संचालक डॉ0 शशांक शेखर सिंह, सुमिताप रंजन एवं अनिल कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। वैज्ञानिकों से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशिक्षण के माध्यम से विभिन्न प्रकार के नए उर्वरकों की जानकारी के साथ-साथ समेकित पोषक तत्व एवं मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन की जानकारी प्रशिक्षुओं को उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं उन्हें गुणवत्तापूर्ण उर्वरक के पहचान,फसलवार उर्वरकों की मात्रा, मिट्टी में पोषक तत्व की कमी के लक्षण,मृदा जांच के लिए मिट्टी नमूना लेने की विधि आदि की भी जानकारी दी जाएगी। मौके पर अंगद कुमार, पिन्टू पासवान, श्रवण रविदास आदि मौजूद थे।

# मगध विश्वविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय समाजशास्त्रीय अधिवेशन की शुरूआत

**▸ शिक्षा, विकास और सामाजिक परिवर्तन विषय पर हो रहा है मंथन ▸ पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी एवं जेएनयू के प्रो आनंद कुमार रहे मुख्य आकर्षण**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग में सोमवार को 'शिक्षा, विकास और सामाजिक परिवर्तनः चुनौतियां एवं संभावनाएं' विषय पर आधारित दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन का भव्य शुभारंभ हुआ। यह आयोजन इंडियन सोशियोलॉजिकल सोसाइटी, बिहार सोशियोलॉजिकल सोसाइटी और मगध विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हो रहा है। अधिवेशन का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस.पी. शाही की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम




उद्योग मंत्री तथा गया के सांसद जीतनराम मांझी ने अपने उद्बोधन में कहा 'स्वतंत्रता के इतने वर्षों बाद भी शिक्षा के समान अवसर समाज के वंचित वर्गों तक नहीं पहुंच सके हैं। यह स्थिति हमें चिंतन के लिए विवश करती है कि शिक्षा को आमजन तक पहुंचाने की दिशा में ठोस प्रयास हों। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि, जेएनयू के प्रख्यात समाजशास्त्री प्रो. आनंद कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा अब समय आ गया है कि हम आत्ममंथन करें कि क्या हम अपने स्वतंत्रता सेनानियों के स्वराज, लोकतंत्र और समावेशी विकास के सपनों को साकार कर पा रहे हैं। उन्होंने समाजशास्त्रीय विमर्श को सामाजिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। इंडियन सोशियोलॉजिकल सोसाइटी की अध्यक्ष एवं जेएनयू की पूर्व प्रोफेसर प्रो. मैत्री चौधरी ने कहा बिहार सोशियोलॉजिकल सोसाइटी का यह दूसरा अधिवेशन समाजशास्त्रियों के लिए बड़ी उपलब्धि है। इससे स्थानीय सामाजिक समस्याओं पर गहराई से चर्चा संभव है। उन्होंने शिक्षा के निजीकरण से उत्पन्न सामाजिक विषमताओं पर चिंता भी जताई। बिहार सोशियोलॉजिकल सोसाइटी के अध्यक्ष प्रो. बीरेंद्र कुमार ने संगठन की स्थापना, उद्देश्यों एवं भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला। आयोजन समिति में सचिव प्रो. श्वेता प्रसाद, उपाध्यक्ष डॉ. अजय कुमार, सचिव डॉ. एम.डी. अकरम, कोषाध्यक्ष डॉ. संगीतम कुमार तथा आयोजन संयोजक एवं विभागाध्यक्ष प्रो. दीपक कुमार की सक्रिय भूमिका उल्लेखनीय रही। इस अवसर पर बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय, गया के प्रो. अनिल झा, डॉ. संपिका मोहपात्रा, डॉ. जितेन्द्र राम, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की प्रो. हीना तबस्सुम, डॉ. वीणा कुमारी सहित राज्य भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्राध्यापक, शोधार्थी एवं समाजशास्त्र के छात्र उपस्थित रहे। यह दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन शिक्षा, विकास और सामाजिक परिवर्तन के अंतर्संबंधों पर केंद्रित समसामयिक मुद्दों, नीतियों एवं सामाजिक संरचनाओं पर गहन विमर्श करेगा। आयोजकों का विश्वास है कि इससे समाजशास्त्रीय चिंतन को नई दिशा मिलेगी तथा सामाजिक सुधार की प्रक्रिया को बल मिलेगा।

# कुख्यात नक्सली विंदेश्वरी यादव उर्फ कर्मचारी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी(गया)।** पंचानपुर थाना की पुलिस व एसटीएफ टीम द्वारा कुख्यात नक्सली विंदेश्वरी यादव उर्फ कर्मचारी जी को गिरफ्तार करने में सोमवार को सफलता मिली है। विंदेश्वरी यादव पर कंस्ट्रक्शन कंपनी के कैम्प में घुस वाहन में आग लगा देने, बम विस्फोट करने व लेवी मांगने का मामला दर्ज है। एसएसपी कार्यालय से जारी विज्ञप्ति के अनुसार विगत रविवार की रात्रि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि कई कांडों का वांछित नक्सली विंदेश्वरी यादव रफीगंज थाना क्षेत्र में है। सूचना मिलते ही एसएसपी द्वारा पंचानपुर थानाध्यक्ष कन्हैया कुमार के नेतृत्व में एसटीएफ व अन्य पुलिस बल को शामिल करते हुए गिरफ्तार करने का आदेश दिया गया। मिली लोकेशन के आधार पर विंदेश्वरी यादव को रफीगंज थाना क्षेत्र के रफीगंज बाजार से दबोचा गया। पंचानपुर थाना की पुलिस नक्सली से पूछताछ कर न्यायालय को सुपुर्द किया गया जहां से जेल भेज दिया गया। जानकारी हो कि विंदेश्वरी यादव के खिलाफ पंचानपुर थाना में कांड संख्या 82/10 दर्ज है जिसमें विंदेश्वरी व अन्य नक्सलियों पर कंस्ट्रक्शन कंपनी के कैम्प में बमबारी कर दहशत फैलाने, लेवी मांगने, वाहन जलाने का आरोप है। उक्त कांड में पूर्व में ही पुलिस द्वारा आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

# एसएसपी ने भदवर एवं मैगरा थानों का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** जिले के एसएसपी आनंद कुमार के द्वारा सोमवार को नक्सल प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया गया।इस दौरान उन्होंने डीएसपी इमामगंज, इंस्पेक्टर इमामगंज एवं अन्य पुलिस पदाधिकारियों/कर्मियों के साथ भदवर एवं मैगरा थाना का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने में संधारित सभी संचिकाओं और अभिलेखों का गहन निरीक्षण कर उन्हें अद्यतन और व्यवस्थित रखने का निर्देश दिया।साथ ही उन्होंने लंबित कांडों, वारंटों, इश्तिहारों और कुर्की के मामलों के शीघ्र निष्पादन हेतु दिशा-निर्देश प्रदान किए।तत्पश्चात उन्होंने सीसीटीएनएस के प्रभावी संचालन, थाना सरिस्ता, मालखाना और संपूर्ण थाना परिसर की जांच करते हुए साफ-सफाई और बेहतर रखरखाव सुनिश्चित करने के लिए विशेष निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने इमामगंज अनुमंडल अंतर्गत सभी थानो एवं केंद्रीय पुलिस बल को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए बेहतर विधि व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# अवैध बालू खनन में लगे 14 ट्रैक्टर जब्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** जिले में अवैध खनन को रोकने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार छापेमारी के साथ साथ कठोर कार्रवाई की लगातार की जा रही है। जिले के डीएम डॉ० त्यागराजन एसएम एवं एसएसपी आनंद कुमार के संयुक्त निर्देश के आलोक में सभी एसडीओ, डीएसपी, सभी सीओ तथा खनन विभाग के तमाम पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश प्राप्त है कि अवैध खनन के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करें। अवैध खनन की सूचना यदि कहीं से मिलती है तो संबंधित स्थान पर छापेमारी करने में कोताही न बरतें। डीएम एवं एसएसपी के निर्देश के आलोक में अहले सुबह 05 बजे से सुबह 07 बजे तक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मानपुर भदेजा भदेजी में लगातार छापेमारी अभियान चलाया गया है। इस छापेमारी अभियान में कुल 14 ट्रैक्टर को जब्त किया गया है, सभी ट्रैकर अवैध बालू खनन में लगे थे। सभी ट्रैक्टर मालिको के विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज की गई है। इस अभियान के तहत 70 लाख से ऊपर राशि का फाइन खनन विभाग अधिरोपित की गई है। डीएम ने कहा कि अवैध खनन में संलिप्त वाहनों को जब्त करते हुए खनन तथा परिवहन विभाग के विभिन्न धाराओं को देखते हुए प्राथमिकी दर्ज करते हुए फाइन वसूलने में तनिक भी कोताही न बरतें। इसके साथ ही परिवहन विभाग द्वारा विभिन्न धाराओं अंतर्गत लगभग 10 लाख से ऊपर फाइन वसूलने का कार्य किया जा रहा है। आगे भी लागातर औचक छापेमारी अभियान लगातार चलता रहेगा।

# सामुदयिक संगठनों के माध्यम से महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** जिले के सभी 24 प्रखंडों में महिला सामुदयिक संगठनों के माध्यम से महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।यह कार्यक्रमआधी आबादी की इच्छाओं एवं आकांक्षाओं को पूरा करने क दिशा में सरकार का एक कदम है।ग्राम संगठन के माध्यम से राज्य के सभी प्रखंड में प्रतिदिन दो महिला संवाद कार्यक्रम आयोजना किया जा रहा है।विभिन्न गांवो में ग्राम संगठनों के माध्यम से प्रतिदिन सुबह 9 बजे से 11 बजे एवं शाम 3 बजे से 6 बजे के बीच महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।एक महिला संवाद कार्यक्रम औसतन 215 से 250 के बीच महिलाएं भाग ले रही हैं।प्रकार रोज सभी प्रखण्डों में दोनों पालियों को मिलाकर लगभग हजार के करीब महिलएँ संवाद कार्यक्रम में भाग ले रही है। संवाद रथ रथ जिसमें टीवी स्क्रीन लगा है के माध्यम से वीडियो दिखाकर सरकार द्वारा संचालित विभन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।साथ ही योजनाओं के विवरण युक्त लीफलेट का वितरण किया जा रहा है। कार्यक्रम में महिलाओं सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई जिनमें महिला हेल्प लाइन, महिला आरक्षण, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, अक्षर आँचल योजना, सबला कार्यक्रम आदि।उन्हें इन योजनाओं के लाभ और पात्रता के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इन कार्यक्रमों में दीदियाँ बड़े उत्साह से भाग ले रही है। वह ने केवल अपना अनुभव साझा कर सरकार से विभन्न सुविधाओं की मांग कर रही है बल्कि सरकार की योजनाओं से मिले लाभ के विषय में भी चर्चा कर रही है। वह अपने जीवन में आये सकारात्मक बदलाओं को न केवल बता रही हैं बल्कि अपने गाँव और समाज को और विकासशील गाँव-समाज बनाने की अपनी परिकल्पना भी साझा कर रही है।जैसे आमस की महिलाओं ने उनके बच्चों को छात्रवृति योजना का लाभ मिलने से बच्चों को शिक्षा दिलाने में सुविधा हुई।किसी ने कहा सतत जीविकोपार्जन योजना से दुकान मिली जिससे रोजगार का साधन मिला।वही कुछ ने कहा सरकार महिलाओं के लिया कार्य कर रही है लेकिन सभी को सामान शिक्षा का अवसर मिलें, यह कार्य किया जाना जरुरी है।डोभी की कुशा बीघा पंचायत के 12 नंबर वार्ड की एक दीदी सोनिया देवी ने कहा कि उन्हें सरकार की एसजेवाई योजना से रोजगार मिलने से उनकी गरीबी तो दूर हो गया लेकिन गांव में अभी तक शौचालय, सोलर लाइट नहीं, नाली- गली, नल जल योजना का लाभ उनतक नहीं पंहुचा है, पास में बच्चों का स्कूल नहीं है यह सब बनाना चाहिए ।

# अतिपिछड़ा माता- बहन संवाद यात्रा की सफलता को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** सोमवार को आम जनता पार्टी राष्ट्रीय की बैठक कोंच प्रखंड मुख्यालय में हुई। बैठक में कोंच स्थित गांधी हाई स्कूल खेल मैदान में आगामी 27 अप्रैल 2025 को होने वाला अतिपिछड़ा माता- बहन संवाद यात्रा की तैयारी को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के कोंच प्रखंड अध्यक्ष पप्पू कुमार ने किया। बैठक में पार्टी के कार्यकारी, राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि वात्सायन ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 27 अप्रैल 2025 को अतिपिछड़ा माता बहन संवाद यात्रा को ऐतिहासिक बनाना है, इसके लिए इन्होंने पार्टी पदाधिकारियों




और कार्यकर्ताओं को जनसंपर्क तेज करने का आह्वान किया। साथ हीं साथ इन्होंने महिलाओं से ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेने का अपील भी किया। इस मौके पर पार्टी के गुरुआ विधानसभा प्रभारी रणधीर कुमार सिंह, परैया प्रखंड अध्यक्ष अनिल कुमार, चंद्र कुमार सिंह, पार्टी कार्यकर्ता मुकेश सिंह चंद्रवंशी, नरेश दास, जितेंद्र कुमार, अमृत पासवान, डॉ आकाश प्रसाद, सुबोध कुमार प्रजापति, रवीन्द्र पासवान, संजीत गुप्ता सहित और कई गणमान्य लोग भी मौजूद थे।

# देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में विज्ञान उत्सव का भव्य आयोजन

**प्रशिक्षणार्थियों ने प्रस्तुत किए विज्ञान के अनूठे मॉडल, डॉ. कलाम पर बनी डॉक्यूमेंट्री रही विशेष आकर्षण**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विद्यापीठ, पटना के अंतर्गत संचालित देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में सोमवार को विज्ञान उत्सव-2025 का भव्य आयोजन किया गया। बी.एड. एवं डी.एल.एड. पाठ्यक्रम के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा आयोजित इस विज्ञान मेले में विज्ञान की विभिन्न शाखाओं से जुड़े मॉडलों का आकर्षक प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश (सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, भा.प्र.से.) ने की।



अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सभी मॉडल उच्च स्तरीय हैं। बदलते वैश्विक परिदृश्य में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को नवाचार से जोड़ते हुए हमें आगे बढ़ने की आवश्यकता है। प्रशिक्षणार्थियों द्वारा हाइड्रोपोनिक खेती, स्मार्ट सिटी, चंद्रयान-3, सूर्यग्रहण, इलेक्ट्रिक बेल, ज्वालामुखी, मानव किडनी व पाचन तंत्र, रॉकेट साइकिल, वॉटर प्यूरिफिकेशन सिस्टम, हाइड्रोक्लोरिक लिफ्ट, सेल साइकिल तथा वॉटर साइकिल जैसे विज्ञान मॉडल्स प्रस्तुत किए गए जिन्हें उपस्थित अतिथियों ने खूब सराहा। इस अवसर पर बिहार विद्यापीठ के सचिव डॉ. राणा अवधेश, कौशल विकास निदेशक सह वित्त मंत्री डॉ. नीरज सिन्हा, शिक्षा, संस्कृति एवं संग्रहालय निदेशक डॉ. मृदुला प्रकाश, संयुक्त सचिव अवधेश नारायण, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. पूनम वर्मा सहित कई गणमान्य अतिथियों ने विद्यार्थियों के कार्यों का अवलोकन कर उन्हें प्रेरक सुझाव प्रदान किए। कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण महान वैज्ञानिक एवं भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के जीवन पर आधारित प्रेरणादायी डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन रहा जिसे सभी ने सराहा। विज्ञान उत्सव का संचालन संयोजिका डॉ. शादमा शाहिन ने अत्यंत प्रभावी ढंग से किया। बी.एड. प्रशिक्षणार्थी कु. पुष्पांजलि कुमारी ने मंच संचालन किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक विकास कुमार ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के सामूहिक गायन से हुआ जिसका नेतृत्व संगीत प्राध्यापिका कंचन कुमारी ने किया।

# निजी विद्यालय दीक्षा कान्वेंट के खिलाफ अभिभावकों का फूटा आक्रोश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खिजरसराय।** सरबहदा बाजार में कुकुरमुत्ते की तरह बेरोक टोक बेखौफ चल रहे निजी विद्यालय की मनमानी, लूट खसोट, शोषण-दोहन, रंगदारी के विरुद्ध अभिभावकों का फूटा गुस्सा, सड़कों पर उतरे अभिभावक। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया। निजी विद्यालयों की मनमानी शोषण, दोहन, लूट खसोट के खिलाफ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के किसान सभा जिलाध्यक्ष सीताराम यादव ने धरना को संबोधित करते हुए कहा कि निजी विद्यालयों की मनमानी लूट खसोट शोषण रंगदारी अपने चरम सीमा पर सर चढ़कर बोल रहा है। प्रत्येक वर्ष प्रथम वर्ग से अष्टम वर्ग तक चार से पांच हजार की किताबें



अपने चयनित पुस्तक विक्रेता से बिक्री करना, ड्रेस में लगातार बदलाव करना, नामांकन में पैंतीस सौ से पांच हजार की राशि की वसूली। परीक्षा के नाम पर चार बार राशि का दोहन करना सात सौ से लेकर एक हजार रुपया मासिक शुल्क एवं प्रोग्राम के नाम पर साढ़े सात सौ रुपया प्रति छात्र दोहन कर भारी भरकम राशि की उगाही की जा रही है। जूता, चप्पल, टाई जिल्द आदि की बिक्री दुगुने दामों पर की जाती है। जीएसटी इनकम टैक्स की भरपाई न करना आय से अधिक संपत्ति संग्रह करना इनका पेशा बन गया है। आरटीई से चयनित छात्रों को सभी सुविधा उपलब्ध नहीं की जा रही है इस में भी लूट खासोट की जा रही है। सीताराम यादव ने सुशासन की सरकार के आलाधिकारियों से मांग की है कि एनसीआरटी की बुक निजी विद्यालयों में पढ़ाया जाय, नामांकन शुल्क, मासिक शुल्क, परीक्षा शुल्क, प्रोग्राम शुल्क विधिवत निर्धारित की जाय, आरटीई के बच्चों को मिलने वाली सारी सुख सुविधा उपलब्ध कराई जाय, जीएसटी की भरपाई के साथ आय से अधिक संपत्ति की जांच की जाय, विद्यालय के मानक होने का स्तर की जांच की जाय। प्रतिशोध में दीक्षा कॉन्वेंट के शिक्षकों ने मासूम भोले भाले अपने छात्र-छात्राओं को अपने में पक्ष बात रखने के लिए सुनियोजित ढंग से उतारे, सड़कों पर बच्चों ने लगाए विद्यालय के पक्ष में नारे, हर जगह कान्वेंट विद्यालय लूट शोषण के चल रहे हैं चर्चे। मौके पर मो.इसरार आलम, शशि कुमार, राकेश कुमार, शमशाद आलम, सुनील कुमार, राकेश कुमार आदि सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# हत्या मामले में विशेष टीम का गठन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** जिले के डुमरिया थाना के थानाध्यक्ष को सोमवार को सूचना मिली कि ग्राम सिंघपुर में एक व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या कर दी गई है। प्राप्त सूचना से एसएसपी को अवगत कराते हुए डीएसपी, इमामगंज एवं थानाध्यक्ष, डुमरिया थाना के द्वारा तत्क्षण घटनास्थल पर पहुंचकर घटनास्थल को संरक्षित किया गया तथा शव को अंत्यः परीक्षण हेतु एएनएमएमसीएच, गया भेजा गया। एसएसपी के द्वारा इस कांड को गंभीरता से लेते हुए नगर पुलिस अधीक्षक, गया के मार्गदर्शन एवं डीएसपी इमामगंज के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया और उन्हें त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। साथ ही एफएसएल एवं तकनीकी टीम को भी घटनास्थलों पर निरीक्षण के लिए भेजा गया है।

# तेजस्वी के आरोपों पर जेडीयू प्रवक्ता राजीव रंजन का तीखा पलटवार

**कहा-कानून व्यवस्था पर सवाल उठाने वालों को पहले अपना कार्यकाल याद करना चाहिए**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा राज्य सरकार पर कानून व्यवस्था की विफलता और भ्रष्टाचार के आरोपों पर जेडीयू प्रवक्ता राजीव रंजन ने कड़ा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि ये आरोप राजनीति से प्रेरित हैं और तेजस्वी यादव को पहले अपने दल और परिवार के दौर को देखना चाहिए। राजीव रंजन ने कहा कि जेडीयू इतिहास के पुराने पन्ने नहीं खोलना चाहता, लेकिन जब बार-बार गलतबयानी की जाएगी, तो जवाब देना जरूरी हो जाता है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी को यह नहीं भूलना चाहिए कि उनके माता-पिता के शासनकाल में राज्य ने अपहरण, नरसंहार, जातीय हिंसा और बाहुबलियों की समानांतर सत्ता जैसी त्रासदियां झेली हैं। उस दौर में आम आदमी का जीना मुश्किल हो गया था। उन्होंने दावा किया कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य में कानून का राज स्थापित हुआ। पुलिस थानों का आधुनिकीकरण हुआ, वैज्ञानिक पद्धतियों का प्रयोग बढ़ा और मुख्यमंत्री की सीधी मॉनिटरिंग से अपराध नियंत्रण में सफलता मिली। आज प्रति लाख जनसंख्या पर अपराध दर बिहार में कई अन्य राज्यों की तुलना में कम है। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव खुद जमीन के बदले नौकरी घोटाले में जांच एजेंसियों के सामने पेश हो रहे हैं जबकि उनके पिता लालू प्रसाद यादव चारा घोटाले में सजा पाने के बावजूद पार्टी अध्यक्ष बने हुए हैं। राजद का इतिहास घोटालों से जुड़ा रहा है। राजीव रंजन ने कहा कि पिछले दो दशकों में नीतीश कुमार के शासन में बिहार ने विकास की राह पकड़ी है। सड़क, पुल, बिजली, पानी जैसी आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ गरीबों के सशक्तिकरण, रोजगार, जातीय सर्वेक्षण और शराबबंदी जैसे कदमों ने राज्य को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि बिहार अब विकसित राज्यों की कतार में शामिल होने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है।

# 248 करोड़ रुपये की लागत से 41 शहरों में शवदाह गृह निर्माण योजना को मिली स्वीकृति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** नगरीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को अपने प्रियजन के अंतिम संस्कार में आने वाली समस्याओं को दूर करने के उद्देश्य से बिहार सरकार द्वारा आत्मनिर्भर बिहार के सात निश्चय-2 के तहत राज्य के जिला मुख्यालयों/महत्वपूर्ण नदी घाटों पर विद्युत शवदाह गृह एवं मोक्षधाम का निर्माण कराया जा रहा है। विद्युत शवदाह गृह योजना के प्रथम चरण में राज्य के जिला मुख्यालय वाले 38 शहरों एवं तीन अन्य महत्वपूर्ण शहरों/नदी घाटों पर शवदाह गृह निर्माण योजना को स्वीकृति दी गई है जिसकी प्राक्कलित राशि 248.91 करोड़ रुपये है। नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री जिवेश कुमार ने बताया कि शवदाह गृह निर्माण योजना की स्वीकृति से सुशासन के कार्यक्रम के अंतर्गत दाह संस्कार



की प्रक्रिया में प्रभावित परिवारों को अब बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में तेजी से बढ़ते शहरीकरण को देखते हुए सरकार नगर वासियों को हरेक स्तर पर बेहतर सुविधा मुहैया कराने के लिए कृतसंकल्प है। इस योजना का निर्माण होने से नदियों को स्वच्छ रखने, उन्हें प्रदूषण मुक्त बनाने एवं वायु प्रदूषण को रोकने में मदद मिलेगी। साथ ही स्वच्छता की समस्या से निपटने में भी सहूलियत होगी। विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने बताया कि कुल 41 योजनाओं में से तीन योजनाओं- सुपौल, जहानाबाद और अरवल का निर्माण का कार्य पूर्ण हो गया है। 36 योजनाओं का कार्य प्रगति पर है और दो नई योजना- बाढ़ नगर परिषद् तथा झंझारपुर नगर परिषद् में निविदा का प्रकाशन कर दिया गया है।

# 2 घंटे के अंदर ही रैयत, अपीलार्थी को ऑनलाइन आदेश की छायाप्रति उपलब्ध करायी गयी

**गया (नबिटा ब्यूरो)।** दाखिल-खारिज से संबंधित अपील वाद का भूमि सुधार उप समाहर्त्ता (डीसीएलआर), गया सदर के अपीलीय न्यायालय में सुनवाई की गई। सुनवाई के क्रम में दाखिल-खारिज अपील वाद संख्या-1087/2024-25, नेहा मधुकर बनाम अंचल अधिकारी (सीओ), नगर एवं अन्य का आदेश पर लिया गया। आदेश के उपरांत भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, गया सदर कार्यालय के द्वारा विभाग से आदेश ऑनलाइन पारित करने हेतु उपलब्ध कराये गये सुविधा के तकनिक का प्रयोग करते हुए त्वरित गति से कार्रवाई करने के पश्चात मात्र 2 घंटे के अंदर ही रैयत/अपीलार्थी को ऑनलाइन आदेश की छायाप्रति उपलब्ध करायी गयी। आदेश की छायाप्रति प्राप्त होने के उपरांत अपीलार्थी द्वारा राजस्व विभाग, जिलाधिकारी, एडीएम (राजस्व) एवं दिलीप कुमार ध्वज, डीसीएलआर सदर, प्रधान लिपिक, मुन्ना कुमार शाही एवं रंजय कुमार सिंह, कार्यपालक सहायक को धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

# सीयूएसबी में विधि स्नातकों के व्यावसायिक विकास पर केंद्रित तीन दिवसीय कार्यशाला संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी(गया)।** इंटर्नशिप एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ, विधि और शासन अध्ययन शाला, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ बिहार द्वारा विधि स्नातकों के व्यावसायिक विकास पर केंद्रित तीन दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला सफलतापूर्वक सोमवार को संपन्न हो गया। सत्र की सफलता के उपलक्ष्य में कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि इस प्रकार की पहल सीयूएसबी के छात्रों के करियर विकास में सहायक होंगी। जन संपर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि चौथे सत्र की शुरूआत डॉ. अनुराग अग्रवाल (संकाय समन्वयक, इंटर्नशिप एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ) के औपचारिक स्वागत भाषण से हुई। डॉ. अग्रवाल ने अतिथि वक्ता और प्रतिभागियों का गर्मजोशी से स्वागत किया तथा आशिष रंजन (पेन स्टेट लॉ, यूएसए के पूर्व छात्र) के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया जिन्होंने विदेशों में उच्च शिक्षा विषय पर जानकारीपूर्ण सत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने छात्र प्रतिभागियों को अमेरिका और इंग्लैंड के बार परीक्षा की तैयारी के बारे में मार्गदर्शन दिया। पांचवां व्याख्यान सत्र अनुराग सुशांत (मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं डेटा गोपनीयता प्रमुख, जेडरॉयट ग्लोबल सॉल्यूशन्स, यूएई) द्वारा प्रस्तुत किया गया। उनका प्रेरणादायक और जानकारीपूर्ण व्याख्यान उद्यमिता और स्टार्टअप्स पर केंद्रित था। उन्होंने छात्रों को विदेशों से पीजी पाठ्यक्रमों के विकल्पों के बारे में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने भारत सरकार की विकसित भारत विजन 2047 जैसी पहल का उदाहरण देते हुए छात्रों को भविष्य की सोच प्रदान की।

# दिल्ली में आयोजित विशेष निर्वाचन प्रशिक्षण में भाग लेंगे वजीरगंज के बीएलओ विकास कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वजीरगंज(गया)।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली से प्राप्त निर्देशानुसार एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-प्रधान सचिव, निर्वाचन विभाग, पटना के दिए गए लिखित पत्र के आलोक में बिहार के सभी विधानसभा क्षेत्र से एक-एक मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारी (बीएलओ) शिक्षकों का आगामी 23 एवं 24 अप्रैल 2025 को दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय निर्वाचन कार्य सम्बंधित विशेष प्रशिक्षण दिया जाना है जिसके आलोक में गया जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा गया जिले के 10 विधानसभा क्षेत्र से एक एक मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारी (बीएलओ) का चयन किया गया है जिसमें 234-वजीरगंज विधानसभा क्षेत्र से प्राथमिक विद्यालय, बसुआ के शिक्षक सह मतदान केंद्र संख्या 277 के मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारी (बीएलओ) विकास कुमार को चयन किया गया है। प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ प्रभाकर सिंह ने बताया कि जिला से प्राप्त पत्र के आलोक में विकास कुमार को दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय निर्वाचन सम्बन्धी विशेष प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए भेजा जा रहा है।

संपादकीय

## टैरिफ के बाद एक और मुद्दे पर उलझे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प?

टैरिफ जैसे अहम मुद्दे के साथ ही अन्य घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विवादों में उलझे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने देश के जाने-माने हार्वर्ड सहित अन्य प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के खिलाफ भी मोर्चा खोल दिया है. ट्रम्प ने अब हार्वर्ड और कुछ अन्य संस्थानों को दी जाने वाली फंडिंग रोकने के आदेश दिए हैं, जिससे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में ट्रम्प के राजनैतिक हस्तक्षेप से भारी असंतोष है. ट्रम्प इस मामले में लगातार आक्रामक रुख अपनाए हुए हैं. ट्रम्प ने हार्वर्ड को मिला कर मुक्त दर्जा भी वापस लिए जाने की धमकी दी है.

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प की इस रोक का हार्वर्ड के कामकाज पर बुरा असर पड़ा है, शैक्षणिक गतिविधियां बुरी तरह से प्रभावित हुई हैं, शोध कार्य ठप हो गया है, प्रोफेसरों के अनुबंधों को खत्म किया जा रहा है, देश-विदेश से इन विश्वविद्यालयों में आकर पढ़ रहे छात्रों या यहां आकर पढ़ने के इच्छुक छात्रों का सपना अधर में लटक गया है.

ट्रम्प प्रशासन का आरोप है कि विद्यालय अपने यहां अवैध तथा अनैतिक, भेदभावपूर्ण गतिविधियां चला रहे हैं जबकि विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों और छात्रों का कहना है कि यह कदम राजनीति से प्रेरित है. इसे जब न्यायालय में चुनौती दी जाएगी तो यह अवैध करार दे दिया जाएगा. ट्रम्प के इस तरह के आदेश का यहां के ऐसे अनेक विश्वविद्यालयों ने कड़ा विरोध जताया है.

एक अन्य प्रतिष्ठित कोलंबिया विश्वविद्यालय ने इस फरमान के कुछ हिस्सों को मान लिया है लेकिन साथ ही कहा है कि कुछ शैक्षणिक स्वतंत्रता पर यह आदेश लागू नहीं होता है. दूसरी तरफ प्रिंसटन, स्टेनफोर्ड के अधिकारियों ने खुलकर हार्वर्ड के साथ आवाज उठाई है तथा शैक्षणिक कार्यक्रमों का स्वरूप पूरी तरह से बदले जाने अथवा सरकारी ग्रांट बंद किए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई है.

कोलंबिया विश्वविद्यालय से 40 करोड़ डॉलर की संघीय फंडिंग वापस ली जा चुकी है. ट्रम्प प्रशासन ने कोलंबिया पर यहूदी विरोधी भावना से लड़ने और अपने परिसर में यहूदी छात्रों की सुरक्षा करने में विफल रहने का आरोप लगाया था. इसके तुरंत बाद, कोलंबिया ने प्रशासन की कई मांगों पर सहमति व्यक्त कर दी थी. विश्वविद्यालय के इस कदम की कुछ छात्रों और शिक्षकों ने आलोचना की थी.

लेकिन ट्रम्प प्रशासन ने कहा था अगर विश्वविद्यालयों को संघीय वित्त पोषण हासिल करना है, तो उन्हें सभी संघीय भेदभाव विरोधी कानूनों का पालन करना होगा. अमेरिकी राष्ट्रपति के कार्यालय ने कहा था कि यूनिवर्सिटी अपने प्रशासन, भर्ती और दाखिले की प्रक्रियाओं में बदलाव करे. हार्वर्ड ने दो दिन पहले ही इन मांगों को खारिज करते हुए कहा था कि व्हाइट हाउस उस पर नियंत्रण की कोशिश कर रहा है. अब जबकि हार्वर्ड और ट्रम्प प्रशासन इस मामले पर आमने-सामने डटे हैं ट्रम्प इस तरह के आदेश को लागू करने पर कोई समझौता करने को तैयार नहीं हैं, जबकि हार्वर्ड भी अपनी स्वायत्तता के साथ कोई समझौता करने को तैयार नहीं है. देखना होगा कि आगे क्या होता है.

# तमिलनाडु में भाजपा परचम फहराने को तत्पर

**आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु में परंपरागत रूप से भारतीय जनता पार्टी कमजोर रही है, लेकिन अब भाजपा दक्षिण में अपनी जड़ों को न केवल मजबूत करना चाहती है बल्कि दक्षिण के राज्यों में सत्ता पर काबिज भी होना चाहती है। तमिलनाडु में अगले वर्ष अप्रैल-2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। भाजपा और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) ने 2026 के विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ने की घोषणा कर दी है। शुक्रवार को अपनी महत्वपूर्ण चैन्नई यात्रा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस अहम राजनीतिक गठबंधन का ऐलान करते हुए स्पष्ट किया कि राज्य में एनडीए एडप्पादी के. पलानीस्वामी के नेतृत्व में चुनाव लड़ेगा, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही गठबंधन का चेहरा होंगे। तमिलनाडु की भाजपा में भी एक बड़ा बदलाव सामने आया है और भाजपा की तमिलनाडु इकाई की कमान नैनार नागेंद्रन को मिल गई है। भाजपा की राजनीतिक यात्रा में 2026 का तमिलनाडु चुनाव मील का पत्थर साबित होगा, वर्षों की प्यास को बुझायेगा, कमल खिलायेगा।**

ललित गर्ग

यह बात तो जगजाहिर है कि दक्षिण में हिन्दू मन्दिरों एवं संस्कृति का वर्चस्व होते हुए भी भाजपा अब तक अपनी जमीन मजबूत नहीं कर पाई है, जबकि केरल हो, कर्नाटक हो, आंध्र प्रदेश या तमिलनाडु हो, भाजपा अपनी जड़ों को सुदृढ़ करने की जद्दोजहद करती रही है। भाजपा के प्रयास दक्षिण में बेअसर ही रहे हो, ऐसी बात भी नहीं है, समय-समय पर उसके प्रयास रंग लाते रहे हैं। दक्षिण के चार में से तीन राज्यों में भाजपा अपना प्रभाव और प्रभुत्व दिखा चुकी है। कर्नाटक में कई बार भाजपा सत्ता आसीन हो चुकी है, आंध्र प्रदेश में इस समय सत्ता की भागीदार है, तेलंगाना में भी भाजपा मजबूत पकड़ बना चुकी है, केवल तमिलनाडु ही है जहां भाजपा कई दशकों से उपस्थिति दर्ज कराने के बावजूद सत्ता तक नहीं पहुंच पायी है। मोदी के प्रभाव और भाजपा के विशाल संसाधनों के बावजूद तमिलनाडू जीतना उसके लिए मुश्किल रहा है। पिछले 78 सालों में यहां कभी भी भाजपा-संघ की राष्ट्रवादी विचारधारा या हिंदुत्व के उनके संस्करण को स्वीकार नहीं किया है। यह सिर्फ भाजपा के लिए ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के लिए भी एक बड़ी वैचारिक लड़ाई है। लेकिन इस बार भाजपा की रणनीति एवं तैयारियों एवं मोदी-शाह के संकल्पों एवं इरादों में दम है, तमिलनाडु में आमूल-चूल परिवर्तन होता हुआ दिख रहा है। तमिलनाडु में भाजपा की राजनीतिक रणनीति में किये गये बदलाव एवं रणनीतियां एक बड़ा मोड़ है, एक नया उजाला है। राजनीति के चाणक्य अमित शाह का यह भरोसा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए भारी बहुमत से जीत दर्ज करेगा और राज्य में सरकार बनाएगा, कोरी हवा में उछाली गयी बात नहीं है।

एआईडीएमके और भाजपा के बीच गठबंधन 1998 से बनते-बिगड़ते रहे हैं। 1998 की अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार बनाने और फिर 13 महीने बाद उसे गिराने का श्रेय भी एआईडीएमके को जाता है। जे. जयललिता का जब तक जीवनकाल रहा तब



तक भाजपा नेतृत्व के साथ एआईडीएमके की नजदीकियां बनी रही। जब 1999 में जयललिता ने कांग्रेस के साथ गठबंधन कर लिया तो करुणानिधि ने डीएमके को भाजपा के साथ जोड़ लिया और 2004 तक सत्ता का सुख लेते रहे। 2004 के आम चुनाव में फिर से एआईडीएमके भाजपा के साथ आई लेकिन तमिलनाडु में लोकसभा की सीटें नहीं जीत सकी। लेकिन मोदी-शाह की नजरें हमेशा इस राज्य पर लगी रही। क्योंकि सामरिक रूप से तमिलनाडु एक संवेदनशील राज्य है, श्रीलंका के साथ उसका सीधा जुड़ाव है। चीन श्रीलंका के माध्यम से भारत में पैठ बनाना चाहता है, ऐसे में तमिलनाडु में केंद्र की आंख बंद कर विरोध करने वाली पार्टी का सत्तासीन रहना देश हित के लिए गंभीर सवाल पैदा करता है, अनेक संकटों का कारण बन सकता है।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष अपने तीसरे कार्यकाल की बड़ी चुनौतियों में बंगाल, तमिलनाडु, केरल को जीतना है। वैसे इन राज्यों में भाजपा की जीत एक करिश्मा ही होगा, लेकिन मोदी-शाह ऐसे आश्चर्यकारी करिश्में घटित करते रहे हैं। सर्वविदित है कि भाजपा के लिए तमिलनाडु केवल राजनीतिक संघर्ष का मैदान नहीं है, वैचारिक लड़ाई भी लड़ी जानी है। स्टालिन सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति को विवादित करने और त्रिभाषा सिद्धांत को हिंदी थोपने की कोशिश के रूप में प्रचारित करने से केंद्र आहत है, इसीलिये भाजपा अपने राजनीतिक सिद्धांतों, योजनाओं, कार्यक्रमों एवं नीतियों को गंभीर चुनौती दे रहे इन नेताओं और दलों को वैचारिक धरातल पर परास्त करने का रास्ता भी खोज रही है। प्रधानमंत्री मोदी अपनी यात्राओं एवं अन्य चर्चाओं में यह बताते रहे हैं कि पूरे तमिलनाडु की जनता एवं राज्य उनके दिल में हैं, वे उसके कल्याण एवं विकास के लिये तत्पर है। तमिल लोगों के दिलों को जीतने का काम अकेले भाजपा के द्वारा संभव नहीं है, इसीलिये एआईडीएमके की बैशाखियां उसके लिये जरूरी है।

भाजपा के राजनीतिक समीकरणों की सार्थक निष्पत्ति का एक हिस्सा है एआईडीएमके और भाजपा के ताजा गठबंधन की घोषणा। इस गठबंधन को सहज बनाने और पार्टी के अनुरूप इसका स्वरूप देने का श्रेय गृहमंत्री अमित शाह को जाता है, क्योंकि इस बार यह काम उतना आसान नहीं था। शाह एक कद्दावर नेता होने के साथ राजनीतिक गणित को समझने में माहिर है। अमित शाह जमीनी हकीकत से हमेशा वाकिफ रहते हैं। उनके पास तमिलनाडु को लेकर साफ तस्वीरें हैं, सुस्पष्ट एजेंडा है। वह एआईडीएमके के साथ अभी से उदार एवं लचीली सोच से चलना चाहते हैं लेकिन उन्हें अपना लक्ष्य पता है। डीएमके एवं स्टालिन का अहंकार ही उनका मुख्य हथियार होगा। विकास के लिये सत्ता परिवर्तन जनता के लिए यदि जरूरी है तो उसे हासिल करने का तरीका भला अमित शाह से ज्यादा कौन जानता होगा। तमिल में भाजपा के पांव जमते हुए दिख रहे हैं। इसका सबसे बड़ा कारण है भाजपा की सोच में बदलाव आना, तमिलों की बारीकियों एवं भावनाओं को समझते हुए राजनीतिक दांव चलना। भाजपा के पास द्रविड़ समाज को आकार देने का भले ही संस्थागत इतिहास नहीं है, लेकिन राज्य के विकास में उसने गहरे संसाधन लगाये हैं। वह एक नया वोट-आधार तैयार कर रही है। लोकसभा चुनाव से पहले मोदी ने काशी और तमिलनाडु के बीच विभेद को खत्म करने की कोशिश की। धार्मिक राजत्व का तमिल प्रतीक सेंगोल संसद में स्थापित किया गया। ऐसे अनेक सकारात्मक प्रयास भाजपा के द्वारा लगातार किये जा रहे हैं। त्रिभाषा फार्मूला भी तमिल लोगों को भाषा के नाम पर जोड़े रखने का एक उपक्रम है। मोदी और शाह दोनों ने तमिल भाषा के प्रति पार्टी के सम्मान को परिभाषित किया। पिछले दशक का एक बड़ा राष्ट्रीय घटनाक्रम यह रहा है कि भाजपा ने चुपचाप अपने नारे हिंदी, हिंदू और हिंदुस्तान में सुधार किया है। अब वे 'हिंदी और सभी क्षेत्रीय भाषाओं' की बात करते हैं। इन सबके चलते यदि तमिल के जातीय-मतदाता भाजपा को उसके मौजूदा स्वरूप में स्वीकार करेंगे, तब यह भारतीय सेकुलर राजनीति की एक क्रांतिकारी घटना होगी।

शाह की रणनीति सही दिशा में काम कर रही है। बावजूद यह डगर चुनौतीपूर्ण है। क्योंकि डीएमके दुबारा सत्ता में आने के लिए जो नुस्खा तैयार कर रही है उसमें तमिल स्वाभिमान और भाषा विवाद का घोल मिलाया जा रहा है। स्टालिन और उनका पूरा परिवार इस समय घोर भ्रष्टाचार और गैर कानूनी कामों में लिप्त है लेकिन उन्होंने हिंदी विरोध, दक्षिण के साथ केन्द्र का कथित सौतेला व्यवहार और मनमाने परिसीमन जैसे मुद्दों को आगामी चुनाव का एजेंडा बनाया है। इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तमिलनाडु यात्रा में जानबूझ कर मुख्यमंत्री स्टालिन गायब हो गए, जबकि यह एक सामान्य शिष्टाचार होता है कि प्रधानमंत्री प्रांत में आये तो मुख्यमंत्री उनका स्वागत करें। लेकिन ऐसा न करके स्टालिन ने यह जताया कि डीएमके भाजपा विरोध के साथ-साथ केंद्र से टकराव की राजनीति पर है।

अध्यात्म

## विपरीत परिस्थिति में कैसा व्यवहार करे?



एक साधू अपने शिष्य के साथ नदी में स्नान कर रहे थे। तभी एक बिच्छू जल की धारा में बहता हुआ उधर आया और साधू ने उसे पानी से निकालने के लिए अपने हाथ पर लेने की कोशिश की। बिच्छू ने साधू के हाथ पर तेज डंक का प्रहार किया और साधू के हाथ से छूट कर दूर जा कर गिरा. तभी साधू ने दोबारा उसे हाथ में लेकर बचने की कोशिश की पर बिच्छू ने एक बार फिर से तेज डंक का प्रहार किया और साधू के हाथ से छूट कर दूर जा कर गिरा। साधू ने उसे फिर बचने के लिए हाथ बढाया और

बिच्छू ने फिर से डंक मारा और यह क्रम कई बार चला और अंततः साधू ने बिच्छू को किनारे पर पहुंचा दिया। पर इस क्रम में साधू के हाथ में कम से कम 6-7 डंक लग चुके थे।

एक शिष्य जो ये सारा उपक्रम देख रहा था, बोला- महाराज जब ये बिच्छू बार बार आपको डंक मार रहा था तो फिर आपने उसे इतने डंक खाकर क्यों पानी से बाहर निकाला?

साधू बोले- बिच्छू का स्वभाव ही डंक मारने का होता है और वो अपने स्वभाव को नहीं छोड़ सकता।

शिष्य बोला- तो फिर आप तो उसको बचाना छोड़ सकते थे।

साधू बोले- जब बिच्छू जैसे प्राणी ने अपना स्वभाव नहीं छोड़ा तो फिर मैं क्यों साधू होकर अपना स्वभाव त्याग देता और बिच्छू को ना बचाता?।

कई बार हम सबके साथ भी कुछ ऐसा होता है बहुत से विपरीत स्वभाव के व्यक्तियों से हमारा सामना हो जाता है, उस परिस्थिति में वह व्यक्ति हमारे साथ कैसा भी व्यवहार करे, परन्तु हम उसके साथ वह व्यवहार ना करें जो एक साधू को नहीं करना चाहिए साधू केवल वेष धारण नहीं साधू तो भाव है।

# हम भारतीय वास्तव में कितने स्वस्थ हैं?

**अपोलो हॉस्पिटल्स द्वारा जारी हेल्थ ऑफ नेशन रिपोर्ट-2025 में मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मानसिक स्वास्थ्य और कैंसर जैसी कई बीमारियों को सूचीबद्ध किया गया है, जो खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है। रिपोर्ट में उपचारात्मक दृष्टिकोण से हटकर बचाव के उपायों पर ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। मुंबई के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. राजीव भागवत का कहना है कि तनाव का स्तर, अनियमित जीवनशैली (देर रात सोना आदि) व बढ़ती जनसंख्या (पढ़िए प्रतिस्पर्धा) युवाओं में बढ़ती मृत्यु दर के प्रमुख कारणों में हैं, क्योंकि वे विभिन्न दबावों का सामना करने में (शायद) असमर्थ होते हैं।**

हाल ही में कुछ परिचितों की अचानक मृत्यु ने मुझे झकझोर दिया है. वे युवा थे और उन्हें कोई गंभीर बीमारी नहीं थी. यह सिर्फ मैं ही नहीं, हम सभी ऐसी दुःखद घटनाओं के बारे में सुनते रहते हैं जो भारत में लगातार बढ़ रही हैं- जनसांख्यिकीय संदर्भों के अनुसार हम एक 'युवा देश' हैं जिसमें जनसांख्यिकीय लाभांश प्राप्त करने की 'विशाल क्षमता' है.

इस महीने के शुरू में एक प्रिय मित्र के बेटे की 37 वर्ष की आयु में अचानक मृत्यु हो गई, जिससे मुझे और उसके परिवार को बहुत बड़ा सदमा लगा. कारण पता चला कि दिल के दौरे ने युवा उद्यमी को इंदौर में चिकित्सा सहायता प्राप्त करने का भी मौका नहीं दिया और स्थानीय अस्पताल में उसे जाते ही मृत घोषित कर दिया गया.

मीडिया में ऐसी कई खबरें आई हैं कि 18 से 23 साल के युवा बिना किसी लक्षण के या समय पर चिकित्सा सहायता पाने का मौका मिले बिना ही ईश्वर को प्यारे हो गए. कुछ महीने पहले अपनी सहेली की शादी में नाच रही एक युवती बेहोश हो गई और उसे मौके पर ही मृत घोषित कर दिया गया.

मायोकार्डियल इंफार्क्शन या दिल के दौरे इतनी खामोशी से आते हैं कि वे प्रभावित व्यक्ति को जीवन बचाने के लिए डॉक्टर के पास जाने की कोई चेतावनी तक नहीं देते. ऐसी हर चौंकाने वाली आकस्मिक मौत समाज में कोविड-19 के बाद के प्रभावों और महामारी से बचाव के लिए लोगों द्वारा इस्तेमाल किए गए टीकों के बारे में चर्चा को जन्म देती है.

जहां चिकित्सा विशेषज्ञ और अन्य लोग इस बात को लेकर बहुत चिंतित हैं कि युवा लोगों की इस तरह से मृत्यु हो रही है, वहीं भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के एक अध्ययन ने स्पष्ट किया है कि कोविड-19 टीकाकरण और 19 से 45 वर्ष की आयु के लोगों की अचानक मृत्यु के बीच कोई सीधा संबंध नहीं है.

वर्ष 2023 में किए गए एक लंबे शोध और उस वर्ष नवंबर में प्रकाशित निष्कर्षों में आईसीएमआर ने स्पष्ट रूप से कहा था कि 'केस-कंट्रोल' अध्ययन ने कोविड के बाद के प्रभावों के बारे में आम तौर पर प्रचलित धारणा को गलत साबित कर दिया है. यह अध्ययन केरल के डॉ. राजीव जयदेवन ने किया था.

फिर भी, युवा पीढ़ी की अचानक मौतें जारी हैं, जिससे समाज के विभिन्न तबकों के वृद्ध और असहाय माता-पिता के बीच गंभीर चिंताएं पैदा हो रही हैं. यह घटनाएं शहरों में शायद अधिक सुनाई दे रही हैं. एकल परिवारों में, कई बार कमाने वाले सपूतों की ऐसी मौतें होती हैं, जिससे परिवार के लिए भारी आर्थिक चुनौतियां पैदा हो जाती हैं.

एक समय था जब सिकुड़ते वाल्व से लेकर कोरोनरी धमनी से संबंधित शिराओं में रुकावट (चिकित्सा की भाषा में सी.ए.डी.) या खराब कोलेस्ट्रॉल से लेकर हृदय के कमजोर होने तक के विभिन्न प्रकार के हृदय रोगों को वरिष्ठ नागरिकों या पर्याप्त रूप से शारीरिक व्यायाम न करने वालों की बीमारियां माना जाता था.



लेकिन तेजी से बदलती जीवनशैली और बाहर का खाना खाने की आदतों के कारण, जो जरूरी नहीं कि स्वास्थ्य के लिए अच्छा ही हो और हर किसी के जीवन में दबाव-सामाजिक तनाव, करियर की योजना बनाना, रोजगार के मुद्दे, कार्यस्थल पर तनाव, वित्तीय चिंताएं और विवाह से संबंधित मुद्दे आदि के चलते चिकित्सा विशेषज्ञों ने हृदय जोखिम के कारकों के लिए आयु सीमा कम कर दी है.

तो क्या हम तेजी से आर्थिक विकास करने की भारी कीमत चुका रहे हैं? शायद सरकार को भारतीयों के स्वास्थ्य जोखिमों के व्यापक प्रभावों के बारे में पता था और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अगस्त 2019 में राष्ट्रीय खेल दिवस पर राष्ट्रव्यापी अभियान -फिट इंडिया मूवमेंट- शुरू किया था. 'फिट इंडिया' की शुरुआत कुछ साल पहले ओडिशा में एक अल्पज्ञात सामाजिक-राजनीतिक नेता सुपर्णो सत्पथी ने की थी.

लेकिन यह राष्ट्रव्यापी अपील को जन्म नहीं दे सका. प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इस अभियान की शुरुआत ने परिदृश्य को थोड़ा बदल दिया है, लेकिन स्पष्ट रूप से अभी भी बहुत कुछ करने की आवश्यकता है. देश का स्वस्थ होना आर्थिक विकास के भी रास्ते आसान बनाता है. दैनिक जीवन में खेलकूद और व्यायाम (साइकिल चलाना, तेज चलना, प्राणायाम, तैराकी आदि) की और तनावमुक्त व खुश रहने की भूमिका सभी उम्र के लोगों के लिए स्वस्थ जीवन जीने के लिए निर्विवाद मार्ग है. मैं समझता हूं कि पहले से कहीं ज्यादा लोग योग या अन्य व्यायाम अपना रहे हैं जो एक अच्छा संकेत है. इस प्राचीन भारतीय व्यायाम पद्धति को दुनिया भर में स्वीकार कर लिया गया है और संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को विश्व योग दिवस को मान्यता दी है. हालांकि, जो बात वास्तव में दुर्भाग्यपूर्ण है और विशेषज्ञों की सामूहिक समझ से परे है, वह यह है कि जब जीवन प्रत्याशा आम तौर पर बढ़ रही है, तब युवाओं की जान क्यों जा रही है?

अपोलो हॉस्पिटल्स द्वारा जारी हेल्थ ऑफ नेशन रिपोर्ट-2025 में मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मानसिक स्वास्थ्य और कैंसर जैसी कई बीमारियों को सूचीबद्ध किया गया है, जो खतरनाक स्तर पर पहुंच गई हैं. रिपोर्ट में उपचारात्मक दृष्टिकोण से हटकर बचाव के उपायों पर ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है.

मुंबई के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. राजीव भागवत का कहना है कि तनाव का स्तर, अनियमित जीवनशैली (देर रात सोना आदि) व बढ़ती जनसंख्या (पढ़िए प्रतिस्पर्धा) युवाओं में बढ़ती मृत्यु दर के प्रमुख कारणों में हैं, क्योंकि वे विभिन्न दबावों का सामना करने में (शायद) असमर्थ होते हैं.

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज आपको आकस्मिक धन लाभ हो सकता है। परिवार में सामंजस्य की कमी महसूस होगी। कुछ लोग पीठ पीछे आपकी आलोचना कर सकते हैं।

**वृषभ**
व्यवसाय में विस्तार करने के लिये समय बहुत ही शुभ है। प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तम सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। धार्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे।

**मिथुन**
अपने व्यवहार को सन्तुलित रखें। क्रोध के कारण आपके प्रति लोग नकारात्मक भाव अपना सकते हैं। अपने काम को लेकर दूसरों से अद्यीक राय न लें।

**कर्क**
आर्थिक स्थिति बहुत ही उन्नत रहेगी। नौकरीपेशा लोगों को अचानक नयी जॉब ऑफर हो सकती है। काफी दिनों से चली आ रही परेशानी दूर होगी।

**सिंह**
वैवाहिक जीवन काफी तनावयुक्त हो सकता है। आज आपका मन घर में नहीं लगेगा। अड़ियल रवैये के कारण लोग आपसे दूरी बना सकते हैं।

**कन्या**
कार्यक्षेत्र और परिवार दोनों ही जगह आपकी प्रशंसा होगी। सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

**तुला**
बच्चों के करियर को लेकर तनाव हो सकता है। घर के काम में आप काफी व्यस्त रहेंगे। शेयर मार्केट में बड़ा निवेश न करें वरना हानि होने की सम्भावना भी बन रही है।

**वृश्चिक**
आज आप महँगे सामान खरीद सकते हैं। कार्यक्षेत्र में काम का दबाव कम होगा। सभी कार्य धीमी गति से पूर्ण होंगे। अपने उद्देश्यों को लेकर सतर्क रहें।

**धनु**
आज आपको लम्बी दूरी की यात्रा करने से बचना चाहिये। आत्मसम्मान को लेकर थोड़े चिन्तित रहेंगे। धर्म-कर्म के प्रति मन में रुचि कम होगी। सेहत को लेकर लापरवाह हो सकते हैं।

**मकर**
आज दिन की शुरुआत आपके लिये बहुत अच्छी रहेगी। जीवनसाथी की सलाह आपके काम आयेगी। बच्चों के साथ बहुत अच्छा समय बितायेंगे। आपकी सेहत काफी अच्छी रहने वाली है।

**कुंभ**
प्रत्येक कार्य समझदारी से करेंगे। लोग आपसे इस समय काफी अपेक्षा रख रहे हैं। इसीलिये आप उनकी मदद करेंगे। नयी जॉब ढूँढ रहे हैं तो समय बहुत ही अच्छा है।

**मीन**
राजनीति से जुड़े लोगों की प्रतिष्ठा में हानि हो सकती है। नौकरीपेशा लोगों का मन काम में नहीं लगेगा। व्यर्थ बातों पर अद्यीक ध्यान न दें। धूप और धूल से बचना चाहिये।

# लाइव फायर ड्रिल के साथ एनटीपीसी सुरक्षा सप्ताह सम्पन्न

## 14 से 20 अप्रैल तक चला जागरुकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरौनी।** एनटीपीसी बरौनी के टाउनशिप परिसर में राष्ट्रीय अग्नि सुरक्षा सप्ताह का समापन रविवार को गरिमामयी माहौल में संपन्न हुआ। 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक चले इस जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य था आम जनों में अग्नि सुरक्षा को लेकर सतर्कता और जागरूकता बढ़ाना। सप्ताहभर के इस अभियान में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की अग्निशमन इकाई ने लोगों के बीच व्यापक जनजागरूकता का संदेश फैलाया। समापन कार्यक्रम की खास बात रही लाइव फायर ड्रिल डेमोंस्ट्रेशन, जिसमें आग की असली स्थिति में लोगों को बचाव की तकनीक सिखाई गई। आग के प्रकार, अग्निशमन यंत्रों का सही चयन, और फायर फाइटिंग तकनीकों को बहुत ही व्यावहारिक ढंग से दिखाया गया। इस दौरान सीआईएसएफ की टीम ने न केवल प्लांट कर्मियों बल्कि स्कूल-कॉलेज के बच्चों, गृहिणियों और आम नागरिकों को भी प्रशिक्षण दिया। केन्द्रीय विद्यालय गढ़हरा, डीएवी स्कूल हर्ल, राजकीयकृत मध्य विद्यालय बिहट जैसे कई संस्थानों में छात्र-छात्राओं को अग्निशमन यंत्रों का प्रयोग करना सिखाया गया। सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) जैसे जीवन रक्षक उपायों की जानकारी भी दी गई। हफ्ते भर चले कार्यक्रम में फायर प्रिवेंशन रैली, क्विज, निबंध लेखन, चित्रकला प्रतियोगिता, तथा गृहिणियों के लिए विशेष फायर सेफ्टी डेमो आयोजित किए गए। प्लांट में कार्यरत स्थायी और संविदा कर्मियों के लिए भी व्यावहारिक अग्निशमन प्रशिक्षण सत्र आयोजित हुआ। समापन समारोह में परियोजना प्रमुख जयदीप घोष ने अग्निशमन टीम की निष्ठा की सराहना करते हुए कहा सुरक्षा केवल नियम नहीं, जीवनशैली का हिस्सा होनी चाहिए। वहीं सीआईएसएफ उप कमांडेंट आकाश सक्सेना ने कहा कि सतर्कता और जागरूकता से ही हम किसी भी संकट से समय रहते निपट सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। यह सप्ताह हमें सिखाता है कि मिलजुल कर, सही प्रशिक्षण और सजग दृष्टिकोण से हम आग जैसी आपदा को रोक सकते हैं और एक सुरक्षित समाज की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं।




# श्रीराम जानकी ठाकुरबाड़ी में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने किया उद्भेदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर/विभूतिपुर।** रविवार को पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पिछले दिनों विभूतिपुर थाना क्षेत्र के भुसवर वार्ड नं0-06 स्थित श्रीराम जानकी ठाकुरबाड़ी में हुये चोरी की घटना का पुलिस ने सफल उद्भेदन करते हुए 03 अपराधियों को चोरी की 03 मूर्तियों के साथ गिरफ्तार कर लिया। साथ ही घटना में प्रयुक्त चार चक्का वाहन तथा 03 मोबाइल भी जब्त किया गया है। सोमवार को संवाददाताओं से उक्त जानकारी साझा करते हुए रोसड़ा डीएसपी सोनल कुमारी ने बताया कि विभूतिपुर थाना क्षेत्र के भूसवर स्थित श्रीरामजानकी ठाकुरबाड़ी से चोरों ने श्रीराम, लक्ष्मण, जानकी की तथाकथित अष्टधातु की मूर्ति एवं श्री कृष्ण भगवान की चाँदी की मूर्त्ति एवं अन्य सामान चुरा लिये थे। इस संदर्भ में विभूतिपुर थाना कंाड सं0-147/25 दर्ज कर पुलिस अधीक्षक समस्तीपुर के दिशा-निर्देशन में अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। अनुसंधान के कम में प्राप्त मानवीय व तकनीकि आसूचनाओं के आधार पर थानाध्यक्ष, विभूतिपुर अपने दलबल के साथ अनुसंधान के क्रम में पूर्वी चम्पारण थाना महेषी पहुंचे तथा संदिग्ध राधेश्याम कुमार पिता राज मंगल यादव ग्राम भिमलपुर वार्ड नं0-01 थाना मेहसी जिला पूर्वी चम्पारण को गिरफ्तार कर पूछताछ किया गया तो इसने इस कंाड में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली तत्पश्चात इनके निशानदेही पर घटना में संलिप्त अन्य अपराधकर्मीयो क्रमशः सुबोध कुमार पिता रामस्वरूप महतो ग्राम रामनगर वार्ड नं0-06 थाना सिवायपट्टी जिला मुजफ्फरपुर तथा नितीश कुमार पिता रामबालक सहनी ग्राम सौरवा वार्ड नं0-03 थाना गरहईया ओ0पी0 (मधुवन थाना) जिला पूर्वी चम्पारण को गिरफ्तार कर लिया गया। इनलोगो के निशानदेही पर इस घटना में चोरी किया हुआ की कुल 03 मूर्त्तियों को बरामद किया गया तथा घटना कारित करने में प्रयुक्त किया गया 01 चार चक्का वाहन तथा 03 मोबाईल को भी जब्त किया गया है। शेष बचे अभियुक्तो के विरूद्ध छापेमारी जारी है। इस कार्रवाई में पुअनि थानाध्यक्ष विभूतिपुर आनंद कुमार कश्यप, डीआईयू शाखा प्रभारी, समस्तीपुर पुनि शिवपूजन कुमार आदि थे।

## एक नजर

### नाबालिग लड़की बरामद

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के देवपुरा से भगाई गई नाबालिग लड़की एवं अपहरणकर्ता को पुलिस ने पटना से गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया की 22 जनवरी को देवपुरा के राधा देवी ने अपनी नाबालिग पुत्री के अपहरण कर शादी की नीयत से भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए डंडारी के मोती तांती का पुत्र सुशील कुमार को नामजद किया था। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पटना के जकनपुर थाना क्षेत्र से सुशील कुमार और किशोरी को बरामद कर लिया है। उसे 183 के बयान के लिए कोर्ट भेज दिया गया है। इस बरामदगी में सब इंस्पेक्टर रंजीत कुमार एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### नदी में डूबने से एक की मौत, दूसरे की खोज

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह साढ़े सात बजे दो अलग-अलग जगहों पर डूबने की घटना हुई। जिसमें एक की मौत हो गई। वहीं दूसरे की तलाश जारी है। स्थानीय लोगों के सहयोग से थाना क्षेत्र के राजापुर बूढ़ी गंडक नदी में डूबे 50 वर्षीय संजीव पासवान का शव नदी से बरामद की गई। वे राजापुर सिकरहुला बूढ़ी गंडक नदी घाट में स्नान करने के लिए गये थे। दूसरी घटना मलहडीह बूढी गंडक नदी के तिनमुहानि घाट की है। यहां जितेंद्र सहनी की दस वर्षीय पुत्री दर्पण कुमारी उर्फ शिवानी स्नान करने के दौरान डूब गई। उसकी शव की तलाश जारी है। घटना की सूचना पाकर उप प्रमुख सुबोध पासवान, मुखिया दीपक कुमार वार्ड सदस्य अमित पासवान सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी। इधर घटना की सूचना पाकर थानाध्यक्ष संजीव कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचकर मृतक संजीव पासवान के शव को बरामद करते हुए पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल बेगूसराय भेज दिया। वहीं इस घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। समाचार प्रेषण तक दर्पण की तलाश जारी थी।

### मारपीट के आरोपित को सजा

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सप्तम नवीन कुमार श्रीवास्तव ने अभियोजन साक्ष्य के आधार पर नावकोठी थाना अंतर्गत छतौना निवासी इंद्रदेव पासवान, गुजो पासवान एवं जनार्दन पासवान को दोषी पाकर सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए भादवि की धारा 323/34 में एक साल सश्रम कारावास की सजा एवं 500 रूपये की अर्थदंड, धारा 342/34 में एक माह की सश्रम कारावास की सजा एवं 500 रूपये की अर्थदंड एवं धारा 352/34 में चार साल की सश्रम कारावास की सजा एवं एक हजार अर्थदंड की सजा सुनायी। तीनों अभियुक्तों पर आरोप है की 14 जुलाई 2010 की सुबह पड़ोसी सूचक देवेंद्र पासवान एवं पवन कुमार पर घर में घुसकर खंती से प्राणघाटक हमला किया एवं सूचक देवेंद्र पासवान की पत्नी इंदु देवी के गले से सोने की चेन ले लिया।न्यायालय में अपर लोक अभियोजक विभूति चंद्र झा ने कुल आठ गवाहों की गवाही करवायी। न्यायालय ने अभियोजन के द्वारा प्रस्तुत गवाहों के गवाही एवं जख्म प्रतिवेदन के अवलोकन एवं दोनों पक्ष की सजा के बिन्दु पर बहस को सुनकर सजा सुनायीद्य अभियुक्तों के बिरुद्ध सूचक देवेंद्र पासवान ने नावकोठी थाना काण्ड संख्या 86/2010 दर्ज करवायी थी।

### छिनतई कर फरार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के अज्ञात तीन बदमाशों ने जेवर दुकानदार से नगदी, मोबाइल तथा जेवरात छीन कर फरार हो गया। लगभग सात लाख रुपए की जेवर तथा नगदी की छीनतई हुई है। घटना रविवार की देर शाम की है। पीड़ित दुकानदार विष्णुपुर पंचायत के गौरीपुर का संतोष कुमार है। उसने बताया कि वह सैदपुर में जेवर की दुकान चलाता है। प्रत्येक दिन की तरह वह रविवार की शाम काम समाप्त कर दुकान बढाकर अपनी बाइक से घर गौरीपुर रवाना हुआ। विष्णुपुर मोइन से गौरीपुर जाने वाले रास्ते से घर जा रहा था। उसके बाइक से आगे उजले रंग के अपाची बाइक पर सवार होकर एक व्यक्ति हार्न बजाते हुए आगे निकला। थोड़ी दूर आगे सूनसान रास्ते में आगे बढने पर सड़क पर दो व्यक्ति अचानक आ गये। दोनों व्यक्तियों के हाथ में देसी तमंचा था। तमंचा का भय दिखाकर बाइक रोकवा लिया। पिस्तौल से पिटाई करने लगा। मारपीट करने के बाद बाइक का चाभी ले लिया। बाइक के डिक्की को खोलकर उसमें रखा जेवर का थैला निकाल लिया। थैला में 35 ग्राम सोने के बने जेवर, 350 ग्राम का चांदी का हसुली, 55 हजार रुपए नगद था। मोबाइल छीन लिया। तीनों बाइक पर सवार होकर गौरीपुर की तरफ भाग गए। पीड़ित बदहवास होकर गाँव की ओर जाकर गांव में विधायक सूर्यकांत पासवान तथा ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। विधायक ने एसडीपीओ को इसकी जानकारी दी। घटना की सूचना पाकर एसडीपीओ कुंदन कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर बखरी सर्किल आनंद कुमार, थानाध्यक्ष दिनेश कुमार दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुँच कर मामले की तहकीकात की। पुलिस पदाधिकारियों ने रास्ते में लगे कई सीसीटीवी कैमरे को खंगाला। बदमाशों की शिनाख्त हेतु सभी तकनीकी साधनों को खंगाला जा रहा है। पुलिस प्रशासन अपनी ओर से अपराधियों को पकड़ने के लिए सभी कार्यवाही करने की व्यवस्था में जुटी हुई है।

### आपसी विवाद में मारपीट से मौत

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के पहाड़पुर पंचायत के तुलसीटोल गांव में दो दिन पूर्व हुई आपसी में मारपीट के दौरान घायल बृद्ध की इलाज के दौरान रविवार को मौत पटना पीएमसीएच में हो गयी। मृतक तुलसीटोल निवासी स्व लखन यादव का पुत्र किशोर यादव बताया गया। मृतक के शव को पुलिस कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर स्वजन को सौप दिया। घटना के संबंध में बेगूसराय पुलिस कार्यालय से जारी प्रेस रिलीज में बताया गया कि स्थानीय लोगों व स्वजनों से पूछताछ करने पर बताया गया कि बिगत शुक्रवार को बरसात का पानी घर के आगे जमा हो गया था जिसे हटाने के लिए अपने गोतिया को कहा गया। उसी बात पर गोतिया पक्ष के लोग किशोर यादव व उसके पुत्र सुबोध यादव को लाठी से मारपीट करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को स्थानीय लोग व स्वजनों ने उठाकर इलाज के लिए बलिया अनुमंडल अस्पताल लाया। जहां से बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय भेजा जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पटना पीएमसीएच भेजा जहां इलाज के दौरान रविवार को बृद्ध किशोर यादव की मौत हो गयी। मृतक के पतहु के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। घटना को गंभीरता से लेते हुए एसपी मनीष कुमार ने बलिया डीएसपी व थानाध्यक्ष को जांच कर आरोपी को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया है। इधर शव घर तुलसीटोल पहुंचते ही स्वजनों में कोहराम मच गया।वही डीएसपी नेहा कुमारी व आइपीएस सह थानाध्यक्ष साक्षी कुमारी पुलिस बल के साथ पहुंचकर मामले की छानबीन कर रहे है। वही आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### पीएम के आगमन को लेकर तैयारी

**समस्तीपुर/कल्याणपुरइ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन पर झंझारपुर में आयोजित जन सभा को सफल बनाने की कावायद जोरों पर है। इसको लेकर जिले में प्रखण्डवार विधायक, सांसद सहित भाजपा नेता व पदाधिकारी लोगों से अगामी 24 अप्रैल को झंझारपुर चलने की अपील करते दिख रहे हैं। इसी कडी में सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री बिहार सरकार महेश्वर हजारी ने रविवार की देर शाम कल्याणपुर प्रखण्ड में पीएम के जनसभा में अधिकाधिक उपस्थिति सुनिश्चित करने को लेकर एनडीए के विभिन्न घटकदलो के नेताओं व कार्यकताओं के साथ बैठक की। जिसमें प्रधान मंत्री के आने तथा बिहार को अनेक योजनाओं सौगात मिलने के घडी का साक्षी बनने की बात कहते हुए कल्याणपुर विधान सभा (सु0)के सभी घटदलों को एक साथ चलने का आह्वान किया। मौके पर कल्याणपुर पूसा के प्रखण्ड अध्यक्ष सह समिति अध्यक्ष (जद यू), भाजपा के मण्डल अध्यक्ष गण एंव अन्य गण मान्य नेता, कार्यकर्तागण मौजूद रहें।

# सीएसपी से बाइक सवार आधे दर्जन नकाबपोश अपराधियों ने हथियार के बल पर 2.13 लाख लूटे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोहिउद्दीननगर।** थाना क्षेत्र के कल्याणपुर बस्ती स्थित सीबीआई के सीएसपी से दिनदहाड़े सोमवार की दोपहर बाइक सवार आधे दर्जन नकाबपोश अपराधियों ने हथियार के बल पर 2.13 लाख रुपए लूट लिए। घटना की वारदात के बाद सभी फरार हो गए। इसकी जानकारी होते ही पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया। डीएसपी बीके मेधावी व थानाध्यक्ष गौरव प्रसाद ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन की। सीएसपी संचालक राजा प्रीतम ने बताया कि करीब आधा दर्जन नकाबपोश अपराधी सीएसपी के अंदर घुस गए। पहले ग्राहकों को हथियार दिखाकर खौफ पैदा किया। फिर बाहर निकल जाने को कहा। जिससे खौफ व अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया। इसी बीच सीएसपी के काउंटर के अंदर अपराधी घुस गए और कर्मी सौरभ कुमार और सविता देवी से कैश की मांग करने लगे। विरोध करने पर दोनों को चाकू से वार कर जख्मी कर दिया। इस क्रम में काउंटर में रखे 2.13 लाख रुपए लूट लिए। इस दौरान सीएसपी में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। सभी अपराधी गोली मारने की धमकी देते हुए बाइक से पूरब दिशा की ओर फरार हो गए। इधर,डीएसपी बीके मेधावी ने बताया कि घटना की जांच टेक्निकल टीम द्वारा की जा रही है। अपराधियों को पकड़ने के लिए टीम गठित की गई है।अपराधियों की भागने की दिशा में स्थित सीसीटीवी कैमरे को खंगाला जा रहा है। शीघ्र उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# श्रद्धांजलि सभा सह काव्यांजलि समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** भटगामा स्थित शिक्षा विहार परिसर में शिक्षा विहार एजुकेशनल ट्रस्ट के संस्थापक स्मृति शेष आदित्य नारायण मिश्र के पांचवें पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सह काव्यांजलि समारोह का आयोजन किया गया। वरिष्ठ साहित्यकार चांद मुसाफिर की अध्यक्षता तथा डॉ. परमानन्द लाभ व प्रो. पीके. झा प्रेम के संचालन में काव्यांजलि समारोह का आयोजन किया गया। काव्यांजलि समारोह में सर्वप्रथम अध्यक्षता कर रहे चांद मुसाफिर और चेन्नई से पधारे मुख्य अतिथि डॉ ईश्वर करुण, प्रो प्रेम, डॉ लाभ सहित प्रांत के विभिन्न हिस्से से पधारे करीब दर्जनाधिक कवियों को मैथिली परम्परा के अनुसार अंगवस्त्र पाग पुष्पहार, प्रशस्ति पत्र तथा आदित्य नारायण स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ ईश्वर करुण ने कहा कि व्यक्ति के साहित्य प्रेम उसे अमर बना देता हैं, आज आदित्य बाबू भी अपने साहित्य प्रेम अमरता को प्राप्त कर लिया है। डॉ करुण ने समारोह के आयोजक तथा आदित्य बाबू के सबसे छोटे सुपुत्र सुशांत चन्द्र मिश्र से आग्रह किया कि आदित्य बाबू के अगामी पुण्यतिथियों पर भी काव्यांजलि का आयोजन करते रहे। समारोह में अध्यक्षीय उद्बोधन में वरिष्ठ साहित्यकार चांद मुसाफिर ने आयोजक परिवार को अभिव्यक्ति के तत्वावधान में काव्यांजलि समारोह करते रहने का आग्रह किया। सम्मान समारोह का संचालन करते हुए प्रो प्रेम ने कहा कि आज आदित्य बाबू की आत्मा इस काव्यांजलि समारोह को देख कर तृप्त हो रही होगी। समारोह में विशिष्ट अतिथि द्वय गोरखपुर से विजय कुमार मिश्र और पिढौली से सतीश चन्द्र झा को भी आदित्य नारायण मिश्र स्मृति विशिष्ट सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मानित अतिथि एवं कवियों के सम्मान में स्वागत भाषण एंव स्वागत गान के उपरांत स्मृति झा ने जय जय भैरवी,,,,,, से काव्यांजलि का शुभारंभ किया। मिथिला ही नहीं बिहार के सुप्रसिद्ध कवि डॉ सचिदानंद पाठक जयनगर से पधारे डॉ नारायण यादव तथा दरभंगा से पधारे हास्य व्यंग के चर्चित कवि डॉ बिनोद हसौडा, दिल्ली से पधारे मनीष कुमार झा ने श्रोताओं को रसविभोर कर दिया। स्मृति शेष आदित्य बाबू की सबसे छोटी पुत्रवधू प्रिति प्रियद्र्शिनी ने भी इस अवसर पर काव्यांजलि प्रस्तुत की। समारोह में समस्तीपुर से डॉ परमानन्द लाभ, विद्यापति नगर से सीताराम शेरपुरी, प्रो सत्य संघ भारद्वाज, एरौत से तृप्ति नारायण झा, बछबाडा से अनिल झा आदि कवियों ने स्मृति शेष आदित्य बाबू के प्रति काव्यांजलि अर्पित किया। समारोह के अंत में सुशांत चन्द्र मिश्र ने सभी सम्मानित कवियों एवं सम्मानित श्रोताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर काफी संख्या में ग्रामिणों के अतिरिक्त डॉ गोपाल प्रसाद, ई मनोहर सिंह, विकास चंन्द्र मिश्र, विधान चंद्र मिश्र, प्रफुल्ल चंद्र मिश्र, प्रशांत चंद्र मिश्र, विमला देवी, सुगंधा,कुम कुम, गुड़िया, वैष्णवी, वीरेंद्र कुमार, बिरेंद्र झा, दिगम्बर झा,रतीश झा, अशोक झा, प्रभात चैधरी, डॉ कृष्ण मुरारी झा, डॉ राजकुमार, वेद प्रकाश आदि उपस्थित थे।

# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में हुआ नामांकन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**समस्तीपुर।** जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र, समस्तीपुर, क्राई - चाइल्ड राइट्स एंड यू एवं जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन अलायंस के कार्यकर्ताओं वीभा कुमारी, ललिता कुमारी, बलराम चैरसिया, राखी कुमारी के अथक प्रयास से नरघोघी मुसहर टोला के चार बच्चे और मुसहर टोला, खालिसपुर के छह बच्चे का कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, बथुआ बूजूर्ग, सरायरंजन में नामांकन कराया गया। नामांकित बच्चों में रीना कुमारी, माता- रेखा देवी, पिता- राजेंद्र सादा, आशा कुमारी, माता- राजमाला देवी, पिता- रंजीत सादा, कामनी कुमारी, माता- मनती देवी, पिता- बिशुन दयाल सादा, सोनम कुमारी, माता- गोलकी देवी, पिता- गणेश सादा, आरती कुमारी, माता- उषा देवी, पिता- कैलू सादा, अंजली कुमारी, माता- संजू देवी, पिता- झगरू सादा, रुबी कुमारी, माता- रेखा देवी, पिता- राजकुमार सादा, रानी कुमारी, माता- संजू देवी, पिता- छोटेलाल सादा, रंगीला कुमारी, माता- सरस्वती देवी, पिता- लखिन्द्र सादा, रजनी कुमारी, माता- द्रौपदी देवी, पिता- चंदन सादा, शमिल हैं। इन बच्चों का नामांकन कराने में संजू कुमारी, सुलेखा कुमारी, रीता देवी, उर्मिला देवी, कंचन देवी, रूबी देवी तथा कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय, बथुआ बूजूर्ग की शिक्षिका अनुपम कुमारी, नादरा परवीन, जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र द्वारा संचालित शिक्षा केंद्र की शिक्षिका नेहा कुमारी नें भरपूर सहयोग दिया।

# आपसी विवाद को लेकर जमकर मारपीट, गोलीबारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलिया।** नुरजमापुर पंचायत के वार्ड एक बरबीघी अमबेडकर नगर के पास शनिवार की रात्रि आपसी विवाद को लेकर जमकर मारपीट हुई। मारपीट के दौरान एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वही दहशत फैलाने को लेकर गोली फायरिग होने की बात घायल के स्वजनों ने बतायी है। घायल युवक थाना क्षेत्र के बरबीघी अमबेडकर नगर निवासी राजाराम पासवान का पुत्र सोनू कुमार है। जिसका इलाज बलिया अनुमंडल अस्पताल में कर बेहतर इलाज के लिए बेगूसराय भेज दिया। घटना की सूचना मिलते ही प्रशिक्षु आइपीएस सह थानाध्यक्ष साक्षी कुमारी पुलिस बल के साथ पहुंचकर मामले की छानबीन की। घटना के संबंध में जिला पुलिस कार्यालय बेगूसराय से जारी प्रेस रिलीज के माध्यम से बताया गया कि शनिवार की रात्रि सूचना मिली कि नुरजमा पुर वार्ड एक बरबीघी अमबेडकर नगर में गांव के ही कुछ व्यक्तियों द्वारा आपसी विवाद को लेकर सोनू कुमार के साथ मारपीट कर घायल कर दिया एवम फायरिंग करते हुए भाग गया। घटना की सूचना मिलते ही बलिया थानाध्यक्ष एवम सशस्त्र पुलिस बल के साथ पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल किया।आसपास जुटे स्थानीय लोगो से पूछताछ करने पर घायल ब्यक्ति का नाम राजाराम पासवान के पुत्र सोनू कुमार बताया गया। जिसे गांव के ही कुछ व्यक्तियों के द्वारा आपसी विवाद को लेकर सोनू कुमार को उसके घर से वाहर बुलाकर मारपीट करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया तथा फायरिग करते हुए भाग गया। स्वजनों के द्वारा स्थानीय लोगों के सहयोग से इलाज कराने को लेकर सदर अस्पताल बेगूसराय ले गया। पुलिस टीम सदर अस्पताल पहुंचकर जख्मी व्यक्ति के संबंध में चिकित्सा पदाधिकारी से पूछताछ करने पर बताया गया जख्मी व्यक्ति की स्थिति खतरे से बाहर है तथा इलाज किया जा रहा है परंतु गोली नही लगी है। पुलिस अधीक्षक बेगूसराय के द्वारा घटित घटना को गंभीरता से लेते हुए निर्देशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बलिया के नेतृत्व में बलिया थाना की पुलिस टीम के द्वारा घटना की सभी पहलुओं पर छानबीन करने एवम घटना में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी करते हुए विधि सम्मत करवाई करने का आदेश दिया।

# पेप्सी प्लांट के विरुद्ध युवाओं ने दिया धरना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बेगूसराय।** संघर्षशील युवा समिति के बैनर तले रविवार को पेप्सी प्लांट के समक्ष एकदिवसीय धरना का आयोजन किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता सौरभ कुमार भारद्वाज की अध्यक्षता में एक दिवसीय धरना वियाडा परिसर में पेप्सी प्लांट के सामने दिया गया। जिस धरने का उद्देश्य पर्यावरण जल को प्रदूषित किया जा रहा है। जिसे बंद किया जाए और स्थानीय लोगों को कुशल मजदूर के साथ साथ तकनीशियन में भी 80 प्रतिशत स्थानीय लोगों नौकरी मिलें। मौके पर जिला षार्पद अंजनी कुमार ने कहा कि किसानों की अच्छी फसल की जमीन को एक्वायर करके कौड़ी के दाम में ऐसे कंपनी को देकर कैंसर का शहर बना रहा है। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता संजय गौतम ने कहा कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण के नियम का पालन नहीं हो रहा है। पेप्सी के द्वारा भूतल जल अधिग्रहण एंव पर्यावरण संरक्षण के नियम की घज्जी उड़ाई जा रही है। ऐसे कंपनी के जल उपयोग प्रथाओं की जांच हो कंपनियां जल आडिट रिपोर्ट संरक्षण योजनाओं का खुलासा करें इसके सभी एनओसी की जांच हो तथा तत्कालीन भूजल निष्कर्षण को निलंबित किया जाए। केंदीय और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एंव जिला प्रशासन को सभी स्थिति को स्पष्ट करना चाहिए मौके पर विंग कमांडर रंजीत कुमार प्रभाकर कुमार अनिकेत कुमार झा युथ कांग्रेस के राहुल कुमार डां सोनू शंकर इन्द्रजीत कुमार हरिशंकर कुमार मंजेश कुमार रौशन कुमार केशव कुमार इत्यादि सैकड़ों युवक स्थानीय लोग उपस्थित थे। वक्ताओं ने कहा बिहार में केंसर अस्पताल खुलना खुशी की नहीं बल्कि शर्म की बात है कि हम बिहार में ऐसे उधोग फैक्ट्री के चलते कैसर मरीज में आने में पहले स्थान पर बिहार में है। अब हक हकूमत की लड़ाई होगी। सफ़ेदपोश की दलाली बंद होगी। आवाज आम आवाम के अधिकार और बेगूसराय विकास की बात होगी।

# जिले भर में चला सघन वाहन जांच अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बेगूसराय।** जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा सोमवार को सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि शहर के ट्रैफिक चौक, हर हर महादेव चौक, जेल गेट, सुभाष चौक, शाहपुर टोल प्लाजा, बाजार समिति सहित अन्य कई जगहों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान लगभग 200 वाहनों की चेकिंग की गई जिसमें से 63 वाहनों से 384500 रूपये की वसूली की गई। श्री कुमार ने बताया कि वाहन चेकिंग में 10 प्रवर्तन अवर निरीक्षक, चार मोटरयान निरीक्षक तथा एक अपर परिवहन पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई थी। अब मोटरसाइकिल के पीछे बैठने वालों के लिए भी हेलमेट लगाना अनिवार्य होगा। इसके लिए लगातार जागरूकता चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वैसे चालक जो लगातार परिवहन नियम का उल्लंघन करते हैं उनके लाइसेंस रद्द करने की भी प्रक्रिया की जा रही है अब तक कुल 300 चालकों का लाइसेंस रद्द किया जा चुका है।साथ ही हिट एंड रन एवं नॉन हिट एंड रन मामले में जानकारी देते हुए परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि इसके तहत दुर्घटना में प्रभावित लोगों को शीघ्र मुआवजा राशि देने हेतु सभी थाना अध्यक्षों को निर्देशित किया गया है। पुलिस उपाधीक्षक यातायात बेगूसराय के द्वारा भी इसकी लगातार समीक्षा की जा रही है। जिला परिवहन पदाधिकारी ने अभी लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाने की बात कही साथ ही सभी चालकों से परिवहन के नियम का पालन करते हुए ड्राइविंग करने की अपील की है ताकि आप सुरक्षित रहे।

# अग्निपिड़ित परिवार से मिलकर दी राहत सामग्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** उजियारपुर प्रखंड अंतर्गत भगवानपुर कमला गांव निवासी, युवा समाजसेवी भाई राजू सहनी के टीम ने उजियारपुर प्रखंड के ही चांदचैर गांव के अग्निपिड़ित परिवार से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना, तथा करीब 30-35 हजार रूपए की राहत सामग्री उपलब्ध कराया। जिसमें 8 पैकेट चावल, 02 पैकेट आंटा, 10 किलो दाल, 1 क्विंटल आलू, 5 किलो प्याज, 06 लीटर सरसों तेल, 10 किलो नमक, 5 किलो मसाला, सर्फ, साबून, थाली, गिलास, लोटा, कलछुल, छोलनी, कड़ाही, बड़ा व छोटा टोकना, साड़ी, गंजी व लुंगी, आवास निर्माण के लिए एसबेस्ट्स आदि शामिल है। इस दौरान मौके पर मौजूद स्थानीय ग्रामीण मोहम्मद आलमगीर ने बताया कि, विगत 10 अप्रैल को मोहम्मद जसीम के घर में देर रात को अचानक आग लग गयी थी। जिसमें मोहम्मद जसीम के घर का सारा सामान जलकर राख हो गया था। घटना की सुचना मिलते ही जिले के चर्चित युवा समाजसेवी, भगवानपुर कमला गांव निवासी भाई राजू सहनी ने अग्निपीडित परिवार को राहत सामग्री व अन्य उपयोगी सामान उपलब्ध कराया है। मौके पर मौजूद युवा समाजसेवी भाई राजू सहनी के टीम के लखनीपुर महेशपट्टी गांव निवासी, सुरेश प्रसाद सहनी ने बताया कि आने वाले दिनों में भी हमलोग पिड़ित परिवार के साथ रहेंगे। वहीं इस संबंध में भाई राजू सहनी ने बताया कि, अगलगी की घटना में प्रभावित परिवारों की मदद के लिए उन्होंने तत्काल प्रभावित परिवार को राशन, कपड़े और बर्तन उपलब्ध करा दिए हैं, ताकि वह अपने जीवन को एकबार फिर से शुरू कर सकें। बहुत जल्द उन्हें आवास निर्माण से संबंधित अन्य सामान भी उपलब्ध करा दिया जाएगा।

# समय पर ओपीडी सेवा सुनिश्चित करें चिकित्सक : जिलाधिकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की जिलास्तरीय बैठक जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित राजेंद्र भवन सभागार में आयोजित की गई। जिसमें जिले मे उपलब्ध हो रहीं स्वास्थ्य सुविधाओं, भव्या कार्यक्रम, ओपीडी सेवा सुनिश्चित कराने के साथ एचएमआईएस पोर्टल पर डाटा समय से अपलोड कराए जाने को लेकर एवं स्वास्थ्य केंद्र पर उपलब्ध सभी सेवाओं का प्रखंडवार उपलब्धियों की समीक्षा की गई। साथ ही बैठक मे मुख्यमंत्री डिजिटल हेल्थ योजना अन्तर्गत भव्या कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देने के साथ ही भव्या के सभी मॉड्यूल पर क्षमता वर्धन भी किया गया। मौके पर डीएम के द्वारा



सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया की सभी डॉ समय ओपीडी सेवा देना एवं डाटा को अपडेट करना सुनिश्चित करे, सभी मरीजों का शत-प्रतिशत जांच किया जाय। सभी मरीजों का ऑनलाइन कंसलटेशन सुनिश्चित किया जाए। अस्पताल मे आए हुए मरीजों का आयुष्मान आईडी बनाया जाए। स्वास्थ्य केंद्र में आए मरीजों को स्कैन एंड शेयर के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कराने के लिए प्रोत्साहित किया जाय ताकि रजिस्ट्रेशन काउंटर पर भीड़ से बच सके।ओपीडी व्यवस्था को पूर्णतः डिजिटलाइजेशन करते हुए पेपरलेस करने पर जोर दिया जाए।एएनएम अथवा स्टॉफ नर्स द्वारा मरीजों की

**भव्या एवं एचएमआईएस पोर्टल पर सही डाटा हो अपलोड एवं प्रत्येक माह हो डाटा वैलिडेशन**

**एईएस/जेई से बचाव के लिए जागरूकता जरूरी**

**परिवार नियोजन कार्यक्रम पर दें विशेष ध्यान**

वाईटल, चीफ कम्प्लेन आदि दर्ज करने का निर्देश दिया गया। सिविल सर्जन डॉ रविभूषण श्रीवास्तव ने एईएस/जेई के मरीजों, इलाज, अस्पताल व्यवस्था की जानकारी दी, उन्होंने बताया कि ऐसे कोई लक्षण दिखे तो तुरंत बच्चे को लेकर सरकारी अस्पताल ले आए ताकि इलाज उपलब्ध कराया जा सकें। इसको लेकर आशा व स्वास्थ्य कर्मियों के साथ जागरूकता फैलाई जा रही है। जिले में बेहतर चिकित्साकीय कार्य करने पर सदर अस्पताल की डॉ रश्मि, डॉ सुरुचि, रवि भूषण सिंह, एंव ब्रजेश ओझा को राज्य द्वारा सम्मानित किया गया है। जिले के अनुश्रवण एवं मूल्यांकन पदाधिकारी अमानुल्लाह अमन ने बताया कि मई 2024 में भव्य कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 1 लाख 21 हजार 161 मरीज का पंजीकरण किया गया जिसमे कॉल 4757 मरीजों को ऑनलाइन कंस्टेलेशन प्रदान की गई। 28,790 मरीज का वाइटल एवं 48,200 मरीज का मुख्य समस्याओं का निदान किया गया। जिला प्रतिनिधि पीएसआई इंडिया के द्वारा परिवार नियोजन कार्यक्रम से संबंधित सूचकांक पर प्रस्तुतिकरण किया गया, प्रदर्शित डाटा में वित्तीय वर्ष 2024-25 महिला बंध्याकरण में जिले की उपलब्धि 58 प्रतिशत, पी.पी.आई.यू.सी.डी. 20 प्रतिशत एवं इन्जेक्शन अंतरा में 101 प्रतिशत की उपलब्धि थी साथ हीं जिला प्रतिनिधि जिला प्रतिनिधि पी.एस.आई. इंडिया के द्वारा जिला पदाधिकारी महोदय से निवेदन किया गया की जिले अंतर्गत सभी स्वास्थ्य केन्द्र के शल्य कक्ष को सुदृढ़ किया जाए। बैठक में सिविल सर्जन, एसीएमओ, जिला सुचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, डीपीएम, अनुश्रवण पदाधिकारी, डीसीएम, डी.पी.सी. सभी प्रखंड के एमओआईसी, पीएसआई इंडिया, डब्लूएचओ, यूनिसेफ,पिरामल स्वास्थ्य, सी3, सिफार, भव्या के जिला प्रतिनिधि व अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# अनुमंडल पदाधिकारी ने किया रेल निर्माण कार्य का निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी / अरेराज।** अनुमंडल पदाधिकारी अरुण कुमार के द्वारा आज हाजीपुर -सुगौली रेल लाइन का कार्य का हरसिद्धि के कनछेदवा में निरीक्षण किया गया। यहां युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। इस कार्य को शांतिपूर्वक एवं समय पर कार्य पूर्ण करने हेतु दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई। उन्होंने बताया है कि 800 से 900 मी कार्य शेष बचा हुआ है। स्टेशन परिसर का निर्माण कार्य भी किया जा रहा है जिसे यथाशीघ्र कर लिया जाएगा।

# बहुउपयोगी और कारगर सिद्ध हो रही प्लाज्मा स्प्रे कोटिंग्स : डॉ अनूप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** स्थानीय एसएन कॉलेज में आइक्यूएसी एवं गणित विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शैक्षणिक व शोध महत्व के सेमिनार में "इवॉल्विंग एलोरिथम टू इंटेलिजेंसल इश्यूज एंड चैलेंजेज' विषय पर डॉ0 वशिष्ठ नारायण सिंह व्याख्यान माला के तहत ''एडवांसमेंट इन प्लाज्मा स्प्रे कोटिंग्स'' विषय पर व्याख्यान का आयोजन हुआ। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे आईआईटी, पटना के मेटलजिकल एंड मैटेरियल्स इंजीनियरिंग विभाग के एसोसिएट प्रोफ़ेसर डॉ0 अनुप केशरी ने कहा कि स्वास्थ्य, ऊर्जा, कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन में कमी एवं वैश्विक तापमान को कम करने में प्लाज्मा स्प्रे कोटिंग्स का काफी महत्व है। उन्होंने ने इस संबंध में टाइटेनियम एवं ग्रेफिन जैसे मेटल के महत्व को रेखांकित किया। प्रो0 ए.एन.सिंह ने अपने व्याख्यान में बताया कि सुपर इंटेलिजेंस का प्रयोग कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के उपचार में किया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि विकसित देशों में सुपर इंटेलिजेंस का प्रयोग हो रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि रेल एवं सड़क दुर्घटना से बचने में भी सुपर इंटेलिजेंस का प्रयोग हो रहा है। इस अवसर पर प्रेरक वक्ता इंजीनियर रमन सिंह सिंधी ने छात्र-छात्राओं को जीवन में सफलता के अनेक टिप्स दिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 डॉ0 दीपक कुमार ने कहा कि सुपर इंटेलिजेंस के जटिल प्रकृति को देखते हुए इसके सकारात्मक और नकारात्मक प्रभावों के संबंध में विस्तृत अध्ययन किए जाने की जरूरत है।

# आग की लपटों ने ली ग्यारह घरों की बलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** रक्सौल प्रखंड के सिसवा पंचायत स्थित कोनही टोला गाँव में शनिवार रात करीब तीन बजे भीषण अगलगी की घटना में ग्यारह घर पूरी तरह जलकर खाक हो गए। इस हादसे में कई मवेशी भी झुलसकर मर गए और लाखों की संपत्ति पल भर में राख हो गई। घटना की सूचना मिलते ही दमकल की तीन मौके पर पहुंची और करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। बताया गया कि पीड़ितों में एक सिकंदर यादव की बेटी की सगाई समारोह की तैयारियाँ चल रही थीं, लेकिन सारी सामग्री अग्निकांड की भेंट चढ़ गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय विधायक प्रमोद सिन्हा घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया।

# स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित, नौ संभावित टीबी मरीज चिह्नित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आदापुर (पूर्वी चंपारण)।** पूर्वी चंपारण के आदापुर प्रखंड अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेंद्र मझरिया में सोमवार को टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निक्षय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संतोष कुमार सिन्हा ने की। डॉ. सिन्हा ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य टीबी रोगियों की समय पर पहचान कर उन्हें मुफ्त इलाज प्रदान करना है। शिविर में अल्ट्रा पोर्टेबल एक्स-रे यूनिट मशीन की सहायता से टीबी रोगियों की पहचान की गई। साथ ही, पांच साल पूर्व टीबी से ठीक हो चुके रोगियों की पुनः जांच की गई और दो साल पुराने मरीजों के परिजनों को भी जांच कराने की सलाह दी गई। शिविर में



कुल 9 संभावित टीबी मरीजों का बलगम सैंपल एकत्रित कर जांच हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर मरीजों को निशुल्क दवा देकर इलाज शुरू किया जाएगा। इसके अलावा, बीपी, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन, एचआईवी, हाइट और वजन की भी जांच की गई। आवश्यक दवाओं का वितरण भी किया गया। शिविर में कुल 134 महिलाओं और पुरुषों का चेस्ट एक्स-रे कर टीबी की स्क्रीनिंग की गई। शिविर के सफल आयोजन में वरीय चिकित्सा पर्यवेक्षक पप्पू कुमार राय, एएनएम प्रतिमा कुमारी, वर्ल्ड विजन के मिथलेश कुमार, एक्स-रे टेक्नीशियन मोहम्मद सैफ, आशा कार्यकर्ता उषा कुमारी, सुषमा देवी, आरती देवी, रुक्मिणी देवी, रंजीता देवी तथा गार्ड सुजीत कुमार सहित कई ग्रामीणों का सहयोग सराहनीय रहा।

## एक नजर

### एमएस कॉलेज व डॉ. एसकेएस कॉलेज में परीक्षा कदाचारमुक्त वातावरण में सम्पन्न

**मोतिहारी।/नवबिहार टाइम्स संवाददाता** बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के अंतर्गत संचालित स्नातक (सीबीसीएस) तृतीय सेमेस्टर, सत्र 2023-27 की परीक्षा 3 अप्रैल 2025 से प्रारंभ हुई है। सोमवार, 21 अप्रैल को परीक्षा के ग्यारहवें दिन मोतिहारी के मुंशी सिंह महाविद्यालय (एमएस कॉलेज) और डॉ. एस.के.एस. कॉलेज में 'कौशल संवर्धन पाठ्यक्रम' विषय की परीक्षा प्रथम और द्वितीय पाली में आयोजित की गई। एमएस कॉलेज परीक्षा केंद्र पर पहली पाली में 1344 और दूसरी पाली में 1514 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। परीक्षा पूरी तरह कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। यह जानकारी कॉलेज के सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. मनोहर कुमार श्रीवास्तव ने दी, जिसे कॉलेज के मीडिया प्रभारी डॉ. गौरव भारती ने साझा किया। वहीं, डॉ. एस.के.एस. कॉलेज परीक्षा केंद्र पर पहली पाली में 1188 और दूसरी पाली में 1473 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा की संपूर्ण प्रक्रिया पारदर्शी और व्यवस्थित रही। परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की अनियमितता या अशांति की कोई सूचना नहीं मिली। यह जानकारी परीक्षा नियंत्रक डॉ. नीतू के हवाले से कॉलेज की मीडिया प्रभारी डॉ. नीतू ने दी। दोनों केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न परीक्षा व्यवस्था की सराहना की जा रही है।

### शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

मोतिहारी। डुमरियाघाट थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के जलवा टोली में छापेमारी कर एक कार में लदे 129 लीटर विदेशी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया है। उक्त जानकारी एसपी स्वर्ण प्रभात ने प्रेस-रिलीज जारी कर दी है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार कारोबारी सीतामढ़ी जिले के सुरसंड थाना क्षेत्र के सिमराही वार्ड 04 निवासी दीपलाल राम का पुत्र रविश कुमार बताया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार कारोबारी के विरुद्ध डुमरियाघाट थाना में उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कारोबारी को जेल भेज दिया गया है।

### सडक दुर्घटना में युवक की मौत

**मोतिहारी।** अहले सुबह पश्चिम चम्पारण जिले के बेतिया थाना के आगे मनुआ पुल के समीप दो डीसीएम के आमने सामने की सिद्धि टक्कर में एक डीसीएम के चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया, जिसे बेहतर इलाज के लिए मोतिहारी स्थित एक नीजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी है। मृतक पूर्वी चम्पारण जिले के मुफसिल थाना क्षेत्र के थरघटवा वार्ड नं0-10 निवासी सुरेश सहनी का 25 वर्षीय पुत्र मंजर कुमार बताया गया है। घटना की सूचना मिलते ही छतौनी थाना के जमादार संतोष कुमार सिंह अस्पताल पहुँच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। घटना के संदर्भ में पूछे जाने पर मृतक के परिजनों ने बताया कि वह सुगौली थाना क्षेत्र के छपरा बहास स्थित गैस प्लांट से 360 सिलिंडर गै डीसीएम ट्रक पर लोड कर युपी के आशीष इंडियन गैस एजेंसी पर पहुंचाने गया था। खाली कर लौटने के दौरान जैसे ही वह घटनास्थल पर पहुंचा कि विपरीत दिशा से एक डीसीएम ट्रक के चालक तेजी व लापरवाही बरतते हुए आया और सीधी टक्कर मार दिया जिसमें मृतक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना के बाद पहुंची पुलिस व बगलगीर ने आनन-फानन में बेहतर इलाज के लिए बेतिया स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद मोतिहारी स्थित रहमानिया अस्पताल रेफर कर दिया, जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गयी।

### नि :शुल्क जांच शिविर आयोजित

**चकिया।** लायंस क्लब ऑफ चकिया के सौजन्य से मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन चकिया गांधी मैदान परिसर में किया गया। जिसमें डायबिटीज के अलावा बीपी, कैल्शियम, कॉलेस्ट्रॉल, यूरिक एसिड का भी जांच किया गया। जांच हेतु ब्लड सैंपल मेदांता लैब के द्वारा एकत्र किया गया। वहीं स्वस्थ्य सलाह हेतू लायन डॉ. आसिफ हुसैन उपस्थित रहे। शिविर में सुबह मैदान में टहलने वाले लगभग 55 लोगों ने जांच कराया। शिविर का कुशल प्रबंधन लायन सत्यम वत्स व मरीजों के स्वास्थ्य जाँच हेतू जरूरी सुविधाएं सचिव कुंवर संदीप द्वारा किया गया। वहीं क्लब अध्यक्ष रीना यादव ने आगामी माह मई में कल्याणपुर के भुवनछपरा चौक पर शिविर आयोजित करने की बात कही। निः शुल्क जांच शिविर को सफल बनाने में लैब संचालक प्रवीण सिंह, नवीन बजाज आदि की अहम भूमिका रही।

### जन सुराज की सरकार बनी तो पलायन व बेरोजगारी होगी समाप्त : नितेश

**पहाड़पुर (पूर्वी चम्पारण)।** जनसुराज की सरकार बनी तो बिहार से पलायन व बेरोजगारी पूरी तरह से समाप्त हो जायेगा उक्त बाते गोविन्दगंज विधानसभा के जनसुराज नेता नितेश कुमार श्रीवास्तव ने इनरवाभार के मौजे गांव मे जन संवाद के दौरान ग्रामीणों को को बताया। श्री श्रीवास्तव ने आगे कहा की जनसुराज पार्टी की यह सोच है की सता मे आने के बाद बदहाल बिहार को खुशहाल बिहार बनाया जाये रोजगार के लिए बिहार के लोग अन्य प्रदेश मे न जाये इसके लिए बिहार मे ही रोजगार की व्यवस्था करना जनसुराज की प्रथम प्राथमिकता है। बिहार के मनरेगा मजदूरों की मजदूरी 4 महिने से नही मिला है जिसके कारण अब मनरेगा मे मजदूर काम नही करना चाहते है और इन सभी का समाधान हमलोगो के पास है। जन संवाद मे उपस्थित ग्रामीणों ने जनसुराज की सराहना की और गोविन्दगंज मे भी बदलाव के लिए अपनी सहमति व्यक्त किया। इस जनसंवाद मे नवीन पटेल, अमरेन्द्र कुमार, अभिषेक कुमार सिंह, लड्डू कुशवाहा, प्रकाश गुप्ता, जितेन्द्र कुशवाहा, शोएब आलम, विशाल कुशवाहा सहित अन्य मौजूद थे।

### डीएम ने होमगार्ड बहाली का लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** बिहार गृह रक्षा वाहिनी के स्वयंसेवी गृह रक्षको (होमगार्ड) की बहाली के लिए मैदान की तैयारी का जिलाधिकारी के द्वारा आज पुनःभौतिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ट्रैक का निर्माण शीघ्र करा लेने सहित अन्य तैयारियों को भी जल्द पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया गयाद्य निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त नगर निगम मोतिहारी, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन शाखा,एसडीओ सदर, एसडीपीओ सदर, जिला समादेष्टा, डीएसपी पुलिस लाइन, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# विश्व रचनात्मकता एवं नवाचार दिवस समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** स्थानीय एसएन सिन्हा कॉलेज में संस्थान नवाचार परिषद के तत्वावधान में 'विश्व रचनात्मकता एवं नवाचार दिवस' बड़े उत्साह और नवाचार की भावना के साथ मनाया गया। यह दिवस छात्रों के लिए रचनात्मक विचारों को मंच प्रदान करने और नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिससे वातावरण में सकारात्मक ऊर्ज़ा का संचार हुआ। मंच का संचालन बीसीए प्रथम वर्ष की छात्रा प्रतिमा और अंबिका ने किया। इस दौरान मीडिया समन्वयक डॉ. सुनील कुमार ने सभी आमंत्रित अतिथियों और छात्रों का औपचारिक स्वागत किया। इसके तुरंत बाद आईआईसी संयोजक डॉ. शशिधर गुप्ता ने आईआईसी द्वारा प्रस्तुत नवाचार सीढ़ी की विस्तृत जानकारी दी, जो विचार से स्टार्टअप तक की यात्रा को चरणबद्ध तरीके से दर्शाता है। इसके बाद नवाचार सीढ़ी के आधिकारिक बैनर का उद्घाटन किया गया। डॉ. शशिधर गुप्ता, संयोजक ने कहा कि नवाचार सीढ़ी मॉडल छात्रों के लिए दिशा और मंच दोनों प्रदान करता है। यह कार्यक्रम छात्रों की रचनात्मक क्षमता को सशक्त करने की दिशा में एक प्रेरक पहल है। दूसरे सत्र की शुरुआत डॉ. बबलू कुमार, आईआईसी इंटर्नशिप समन्वयक, के व्याख्यान से हुई, जिसमें उन्होंने नवाचार की समझ और उसके विस्तार पर रोशनी डाली। इसके बाद श्री ओम प्रकाश वर्मा, नवाचार समन्वयक, ने विषय पर विचार प्रस्तुत किए। दोनों वक्ताओं ने छात्रों को रचनात्मक सोच और नवाचार अपनाने के लिए प्रेरित किया। वहीं तीसरे सत्र में 'पिच योर आइडिया' प्रतियोगिता, आयोजित की गई जिसमें छात्रों ने समाज में व्याप्त विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु अपने नवीन विचार प्रस्तुत किए। प्रत्येक प्रतिभागी को 5 मिनट की प्रस्तुति और 3 मिनट की चर्चा के लिए समय दिया गया। निर्णायक मंडल में प्रो. (डॉ.) सुबोध कुमार झा, डॉ. शशिधर गुप्ता, ओम प्रकाश वर्मा, डॉ. बी. के. जयसवाल, इंतेखाब आलम एवं पंकज कुमार शामिल थे। कार्यक्रम के आख़िरी चरण में आईआईसी के उपाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) सुबोध कुमार झा ने विद्यार्थियों एवं युवाओं को संबोधित करते हुए कहा आज के युवा देश की नवाचार शक्ति है। यह मंच उन्हें अपने विचारों को दिशा देने में सहायक होगा। डॉ. झा ने सभी को मिलकर छात्रों को नवाचार की दिशा में निरंतर प्रेरित करने का आग्रह किया।

# 10 हज़ार से अधिक महिलाओं ने महिला संवाद कार्यक्रम में लिया भाग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** बिहार सरकार द्वारा बिहार के विकास में राज्य की महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु महिलाओं हेतु चलाये जा रहे विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभुक महिलाओं से संवाद स्थापित आधी आबादी की इच्छाओं एवं आकांक्षाओं को पूरा करने हेतु महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन पूर्वी चंपारण जिले के सभी 27 प्रखंडों में किया गया। जीविका परियोजना अपने ग्राम संगठन के माध्यम से जिले के सभी प्रखंड में प्रतिदिन दो महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित कर रही है। पूर्वी चंपारण जिला के विभिन्न पंचायतों में जीविका द्वारा गठित ग्राम संगठन के माध्यम से प्रतिदिन सुबह 9 बजे से एवं शाम 3 बजे से महिला संवाद रथ द्वारा महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। पूर्वी चंपारण जिले में प्रतिदिन 28 महिला संवाद रथ द्वारा कुल 56 जीविका ग्राम संगठन में 10 हज़ार से अधिक महिलाएं महिला संवाद कार्यक्रम से जुड़कर समाज में आये बदलाव और गाँव-समाज के नव निर्माण हेतु संवाद स्थापित कर रही हैं। सोमवार को महिला संवाद रथ जिला के मधुबन प्रखंड के लक्ष्मी ग्राम संगठन, घोडासहन प्रखंड के कविता ग्राम संगठन, रक्सौल प्रखंड के गोल्डन ग्राम संगठन, सुगौली प्रखंड के चन्द्रमा ग्राम संगठन, सहित सभी प्रखंडों महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला संवाद के सभी आयोजनों में संवाद रथ द्वारा सरकारी योजनाओं पर बही बनी फिल्म के प्रसारण के माध्यम से लोगों तक योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इन कार्यक्रमों में उपस्थित दीदियां अपना अनुभव साझा करते हुए सरकार की पहल से स्वयं में आये सकारात्मक बदलाओं को न केवल बता रही हैं बल्कि अपने गांव और समाज को और अधिक उन्नत, समृद्ध तथा विकासशील गांव-समाज बनाने के लिए अपनी परिकल्पनाओं को सरकार तक पहुंचा रही हैं। प्रतिदिन दो चरणों में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रत्येक ग्राम संगठन में दो सौ से अधिक महिलाएं शिरकत कर रही हैं और अपनी इच्छाओं और आकांक्षाओं को सुचिवद्ध करा रही हैं। सूची का विवरण एमआईएस पर भी प्रविष्टि कराई जा रही है। आमतौर पर बिजली, सड़क, पानी, शिक्षा और अस्पताल, ग्राम संगठन भवन, पुस्तकालय जैसी बुनियादी सुविधाओं को और बेहतर बनाने एवं गाँव में लाने की बात कर रही हैं। सभी कार्यक्रमों में कई महिलाओं ने जीविका से संबद्ध स्वयं सहायता समूह से जुड़कर जीवन में आये सामाजिक तथा आर्थिक बदलाव को साझा किया द्य उपस्थित महिलाओं ने बताया कि जीविका से जुड़कर

# शिवशक्ति इंडस्ट्रीज प्रा.लिमिटेड (न्यूट्रिनो) की धूमधाम से मनी 11वां वर्षगांठ

## न्युट्रीनो सभी किसानों की पहली पसंद : एमडी संजय गुप्ता

**रक्सौल (पूर्वी चम्पारण)/नबिटा ब्यूरो।** शिवशक्ति इंडस्ट्रीज प्रा.लिमिटेड(न्यूट्रिनो) रक्सौल बिहार का 11वां वर्षगांठ पड़ोसी देश नेपाल के चितवन जिला के पटियानी स्थित रिभर बैंक जंगल रिसॉर्ट मे मनाया। इस दौरान बिहार, झारखंड, बंगाल एवं उत्तर प्रदेश के लगभग 117 डिलर तथा किसानों ने तीन दिवसीय वार्षिक अधिवेशन में भाग लिया। जिसमें पश्चिम बंगाल के तेजी चढ्ढा,रमन चढ्ढा एवं पटना (बिहार) के रविरंजन तथा मनीष कुमार का भी विशेष योगदान तथा सहभागिता रहा। मैनेजिंग डायरेक्टर संजय गुप्ता ने डिलर्स व किसानों उत्पादों की गुणवत्ता के बारे में जानकारी देते हुवे कहा की न्युट्रीनो सभी किसानों की पहली पसंदीदा ब्रांड है, हमारी कंपनी सदैव फार्मर्स एवं डिलर्स के हितार्थ कार्यों के प्रति जागरूक एवं समर्पित है। जहां सभी छोटे-बड़े किसानों व डिलरों को एक साथ एक छत के नीचे सम्मानपूर्वक एकत्रित कर कंपनी के बेहतरीन व व्यापक व्यापारिक कार्यशैली का मिशाल कायम करने की समुचित प्रयास करती है। वहीं कंपनी के साथ लगातार ग्यारह वर्षों से बेहतरीन परफॉर्मेंस के साथ जुड़े रहने के लिए ओमप्रकाश सिंह छपरा (बिहार)एवं भारत पॉलेट्री मनीष कुमार रांची (झारखंड) को पारितोषिक के रूप मे सोने के सिक्के देकर सम्मानित किया। साथ ही सभी डिलर्स एवं किसानों को भी सम्मानित करते हुए गिफ्ट हैंपर के रूप मे आयरन,रुम हीटर, घड़ी, कैलकुलेटर, डायरी,पैड,पेन,चाभी रिंग,तथा बेहतर कार्यशैली को ध्यान रखते हुए सोने-चांदी के सिक्के भी उपहार स्वरूप दिए गए।

# बराबर थाना में तैनात एएसआई ने की खुदकुशी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखण्ड के बराबर पर्यटन थाना में तैनात एएसआई परमेश्वर पासवान ने फांसी लगा कर खुदकुशी कर ली है। सोमवार की शाम प्रखण्ड के बराबर पर्यटन थाना से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां थाना में तैनात एएसआई परमेश्वर पासवान अपने कमरे में पंखे में फांसी लगाकर खुदकुशी करने का मामला सामने आया है। वहीं परमेश्वर पासवान द्वारा फांसी क्यों लगाया गया इसका अब तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं किया गया है हालांकि घटना की सूचना मिलते ही जिले से वरीय पदाधिकारी घटना स्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रहे हैं। वही खबर लिखने तक घटना के कारण की पुष्टि नहीं हो सकी है।

# 203 सप्ताह में युवाओं ने लगा दिए जिले में 40264 पौधे

**डॉ. रंजीत कुमार भारतीय/नबिटा ब्यूरो**

**जहानाबाद।** इस वर्ष पूरी दुनियां 22 अप्रैल को 55वां पृथ्वी दिवस मना रही है। इसका उद्देश्य पृथ्वी पर रहने वाले समस्त जनों को पृथ्वी की सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध और जागरूक बनाना है। देखा जाए तो हर पीढ़ी की यह नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि वह आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ और खुशहाल पृथ्वी बनाए रखने में अपना योगदान दे। पृथ्वी दिवस कार्यक्रम के माध्यम से हम दुनियां के लोगों को पृथ्वी के अस्तित्व को बनाए रखने के लिए कई महत्वपूर्ण संदेश देते हैं जिनमें प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को बढ़ावा देना, पर्यावरण को सुरक्षित रखना, पर्यावरण संरक्षण में आने वाली चुनौतियों से लड़ना, लोगों को प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के तरीके बताना, जनसंख्या वृद्धि पर नजर रखना, वनों की कटाई को रोकना, प्रदूषण कम करने की तरफ कदम बढ़ाना और पृथ्वी के हित में कार्य करने के लिए सभी को जागरूक करना इत्यादि ऐसे कदम हैं जिससे हम पृथ्वी को संतुलित रख सकते हैं। इसी उद्देश्य को लेकर पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। पृथ्वी दिवस मनाने की परिकल्पना से अलग कुछ इसी तरह के उद्देश्यों को पूर्ण करने के दृढ़ संकल्प और आध्यात्मिक चेतना को मनोभाव मन में लिए जहानाबाद जिले के पांच युवाओं ने वृक्षारोपण का संकल्प वर्ष 2021 में लिया। तब यह कोई नहीं जानता था कि यह संकल्प आज एक बड़े मुहिम का हिस्सा बन जाएगा। वर्ष 2020 में जब भारत



भी दुनियां के अन्य देशों की तरह वैश्विक महामारी कोबिड के प्रकोप से त्रस्त था और उन दिनों ऑक्सीजन की कमी के कारण हजारों- लाखों लोग मर रहे थे ऐसे में इस भयावह त्रासदी के मंजर को अपनी आंखों से देखने के बाद जिले के इन पांच युवाओं ने यह दृश्य संकल्प लिया कि आने वाले कुछ वर्षों में अपने जिले को इतना हरा भरा बना देंगे की कोई सांस ऑक्सीजन की कमी के कारण नहीं रुकेगी। बताया जाता है कि जिले के इन युवाओं ने पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा स्थापित संगठन अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा संचालित वृक्षारोपण अभियान से प्रेरित होकर साप्ताहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाने का संकल्प लिया। इस बीच प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ जहानाबाद के ये युवा शांतिकुंज हरिद्वार जाकर अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुख डॉ. प्रणव पंड्या से मार्गदर्शन एवं देव संस्कृति विश्व विद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ चिन्मय पंड्या से मार्गदर्शन प्राप्त कर अपने जिले को हरा-भरा बनाने का संकल्प लेते हैं। जहानाबाद में गायत्री परिवार के प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के बैनर तले वृक्षारोपण महाअभियान के इस कारवां की शुरुआत 05 जून 2021 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हुआ। इसके तहत पहला वृक्षारोपण कार्यक्रम जिले के पावन तीर्थ स्थल वाणावर स्थित शिवरामपुर ग्राम से किया गया। तत्पश्चात उसके अगले रविवार से गायत्री परिवार के पांच युवा कार्यकर्ता रंगेश कुमार, बचन देव कुमार, श्यामनारायण कुमार, कुमार श्रीकांत, कौशल कुमार ने प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के बैनर तले सुरदासपुर गांव में प्रथम रविवार से वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तब से लेकर आज तक जहानाबाद जिले के विभिन्न इलाकों में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन अनवरत चलते रहा है। इस सप्ताह गायत्री परिवार के प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के युवाओं ने 203 वें रविवासरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न किया है। इन युवाओं द्वारा विशेष अवसरों पर भी वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया जाता है जिनमें जन्मदिवस, विवाह दिवस एवं राष्ट्रीय पर्व शामिल है। गायत्री परिवार की युवा इकाई के माध्यम से जिले के विभिन्न स्थानों पर अभी तक कुल 40264 पौधों का रोपण किया जा चुका है।जहानाबाद नगर स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में करीब पांच सौ पौधा लगाया जा चुका है।

# शशिकांत कुमार 'भारत गौरव पुरस्कार' से हुए सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

कल्याणपुर (पूर्वी चंपारण)। जिले के केसरिया प्रखंड अंतर्गत नयागांव निवासी युवा पत्रकार शशिकांत कुमार को पुणे (महाराष्ट्र) में आयोजित अखिल भारतीय प्रतिभा सम्मान महासम्मेलन में 'भारत गौरव पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान को देखते हुए प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन 20 अप्रैल 2025, रविवार को चिंचवाड़, पुणे में किया गया था। समारोह के मुख्य अतिथि पद्मश्री भूषण मुरलीकांत राजाराम पेटकर थे, जो देश-विदेश में अपने समर्पण और सेवा के लिए अनेक पुरस्कारों से सम्मानित हो चुके हैं। इस भव्य कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आए पत्रकार, शिक्षाविद, चिकित्सक, कोरोना योद्धा, समाजसेवी, मिस महाराष्ट्र सहित कई विशिष्ट जनों को उनके कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। आयोजन के मुख्य संयोजक श्री क्रांति महाजन थे। कार्यक्रम के दौरान महाराष्ट्र की पारंपरिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने वातावरण को और भी भव्य बना दिया। इस अवसर पर डॉ. गुरतेज सिंह ब्रार (राष्ट्रीय परीक्षक, भठिंडा पंजाब), डॉ. सुनील सांवले (निदेशक, आरटीबीआर, पुणे) सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# बीडीओ अपने प्रखंड के एक टोला को चिन्हित कर उसे 'मॉडल टोला' के रूप में करें विकसित : डीएम

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति बैठक में दिए गए कई निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**आरा।** समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय समन्वय समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को हुआ। अध्यक्षता जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने की। बैठक की शुरुआत में डॉ अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के अंतर्गत आयोजित विशेष कैंप की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों से फीडबैक लिया और निर्देश दिया कि सभी लंबित मामलों का अविलंब निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने बीडीओ को अपने-अपने प्रखंड में एक टोला चिन्हित कर उसे ''मॉडल टोला'' के रूप में विकसित करने का निर्देश दिया। साथ ही, सभी प्रखंड विकास एवं कल्याण पदाधिकारियों को इन टोलों की मूलभूत आवश्यकताओं को संकलित कर जिला विकास शाखा को भेजने के लिए कहा गया। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी नोडल एवं वरीय पदाधिकारी सप्ताह में कम से कम एक टोला का निरीक्षण करें, जिससे जमीनी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का आकलन हो सके। बैठक में ग्राम संगठन स्तर पर संचालित 'महिला संवाद' कार्यक्रम पर भी चर्चा हुई। डीपीएम, जीविका द्वारा बताया गया कि यह संवाद कार्यक्रम जिले के 1398 ग्राम संगठनों में निर्धारित रोस्टर के अनुसार 58 दिनों तक चलेगा। जिसमें प्रतिदिन दो ग्राम संगठनों में महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। उनकी अपेक्षाओं एवं सुझावों को भी संकलित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने सभी नोडल एवं वरीय पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्वयं इन कार्यक्रमों में भाग लें और महिलाओं को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दें। इसके अतिरिक्त, उन्होंने सभी नगर निकायों को सम्राट अशोक भवन निर्माण एवं कचरा संग्रहण के लिए जमीन चिन्हित कर शीघ्र रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया। शौचालय निर्माण कार्य में तेजी लाने और ''हर घर नल का जल'' योजना के तहत छूटे हुए घरों को शीघ्र जोड़ने पर भी बल दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड कल्याण पदाधिकारियों को अपने क्षेत्र के विकास मित्रों से विकास रजिस्टर को अद्यतन कराने तथा बीडीओ एवं अनुमंडल पदाधिकारी को इसके नियमित अनुश्रवण का आदेश दिया। उन्होंने सभी अंचलाधिकारी एवं राजस्व पदाधिकारियों को भूमिहीन परिवारों को पर्चा वितरण एवं भूमि उपलब्धता की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही लंबित बिजली बिल भुगतान एवं अनुरक्षण भुगतान के त्वरित निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मौके पर डीडीसी डॉ अनुपमा सिंह, अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, डीआरडीए निदेशक, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता, अंचलाधिकारी, बीडीओ, डीपीआरओ, कार्यपालक अधिकारी, नगर निकाय अधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी समेत अन्य मौजूद थे।

# जगह-जगह भाजपा कार्यकर्ताओं ने अनुराग ठाकुर का किया भव्य स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोईलवर (आरा)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री सह हिमाचल प्रदेश से सांसद अनुराग ठाकुर का आरा जिला भाजपा कार्यालय बैठक में शामिल होने जाने के दौरान विभिन्न जगहों पर भव्य स्वागत किया गया। भोजपुर जिला में प्रवेश करते ही कोईलवर में भाजपा कोईलवर नगर मंडल द्वारा सिक्सलेन पुल पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। जिसमें भाजपा मंडल अध्यक्ष कोईलवर नगर संजीत कुमार रजक, युवा मोर्चा अध्यक्ष पुरुषोत्तम सोलंकी, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष सीतानंद पासवान, अतिपिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष पिन्टू साहनी, उपाध्यक्ष प्रशांत मिश्रा, पूर्व अतिपिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष ॠतुराज, पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष रामदिनेश यादव, कोईलवर दक्षिणी मंडल अध्यक्ष सबिता सिंह, शकुंतला सिंह, शालिनी सिंह, जिला प्रवक्ता संतोष सिंह, विवेक सिंह, विजय केशरी, पूर्व कोईलवर नगर चेयरमैन विनोद राय समेत अन्य शामिल थे। उसके बाद गीधा गांव के समीप पैक्स अध्यक्ष राम नारायण सिंह के नेतृत्व में अपने चहेते नेता को स्वागत किया गया। मौके पर मनेर निवासी भाजपा नेता गोपाल सिंह भी मौजूद थे। गीधा में स्वागत करने वालों में उमेश सिंह, बबली सिंह, पुनीता सिंह, राधे सिंह, विशाल सिंह, अतुल सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

## शराब कारोबारी गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** रफीगंज प्रखंड के पौथु थाना अंतर्गत पौथु गांव निवासी नरेश सिंह उर्फ बबलू के घर से देशी शराब के साथ कारोबारी बबलू को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष सोमेश्वर नाथ ने बताया कि सूचना के आधार पर घर में छापामारी की गई, विधिवत तलाशी के क्रम में कारोबारी के घर से 15 लीटर शराब बरामद किया गया।

# मानव तस्कर को गिरफ्तार कर भेजा जेल, बच्चा बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोईलवर (भोजपुर)।** पुलिस ने आरा नवादा थाना क्षेत्र से बच्चे को बहला फुसलाकर कर व्यापार के नीयत से ले जा रहे एक मानव तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बच्चे को भी बरामद कर लिया है। इस आशय की जानकारी व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से कोईलवर थाना अध्यक्ष नरोत्तम चंद्र ने सोमवार को देते हुए बताया कि कोईलवर बबुरबानी स्थित वार्ड नंबर 14 निवासी अनिल चौधरी के 12 वर्षीय पुत्र अंकित राज को बहला फुसलाकर व्यापार के नीयत से बक्सर जिला के कृष्णा ब्रहम थाना अंतर्गत चौकिया गांव निवासी स्व अवध बिहारी राम के पुत्र गोल्डेन कुमार उर्फ पप्पू राम ले जा रहा था। इसकी सूचना प्राप्त होते ही छापेमारी कर मानव तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया तथा बच्चे को बरामद कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# लावारिस पड़े वाहनों को सड़क से हटाने पर दिया बल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**आरा।** 'संसद सदस्य सड़क सुरक्षा समिति' की एक समीक्षात्मक बैठक सोमवार को समाहरणालय सभागार में हुआ। इस में सड़क दुर्घटनाओं के विभिन्न कारणों, सड़क सुरक्षा मानकों के क्रियान्वयन, ब्लैक स्पॉट की पहचान, हिट एंड रन तथा नॉन-हिट एंड रन मामलों की अद्यतन स्थिति, पोर्टल की प्रगति, हेलमेट अभियान, ड्राइविंग लाइसेंस की रद्दीकरण एवं निलंबन रिपोर्ट, गुड समैरिटन रिपोर्ट तथा सड़क सुरक्षा के 4-ई कार्य-शिक्षा, प्रवर्तन, आपातकालीन देखभाल एवं इंजीनियरिंग के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर लावारिस पड़े वाहनों को सड़क से हटाने की आवश्यकता पर बल दिया गया, जिससे सड़क सुरक्षा को बढ़ावा मिल सके। सांसद द्वारा निर्देश दिए गए कि ब्लैक स्पॉट्स की जानकारी आम जनता तक विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार के जरिए पहुंचाई जाए। कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग को इन ब्लैक स्पॉट्स की सतत निगरानी कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पोर्टल की समीक्षा करते हुए पुलिस उपाधीक्षक एवं जिला परिवहन पदाधिकारी को सभी लंबित मामलों का शीघ्र अनुश्रवण एवं निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर अगिआंव के विधायक शिव प्रकाश रंजन, डीएम तनय सुलतानिया, डीडीसी डॉ अनुपमा सिंह, सिविल सर्जन, डीईओ, सभी अनुमंडल अधिकारी, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल आरा, ग्रामीण कार्य विभाग के अभियंता, नगर पंचायत एवं नगर परिषद के कार्यपालक अधिकारी, सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य व अन्य मौजूद थे।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज पांडेय निलंबित

- राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के कार्यक्रम में अनियमितता एवं लापरवाही का लगा आरोप
- प्रदेश नेतृत्व के साथ समन्वय का भी दिखा अभाव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बक्सर/ पटना।** बक्सर में आयोजित अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की जय बापू जय भीम जय संविधान कार्यक्रम में अनियमितता, समन्वय की कमी और कर्तव्य की लापरवाही पर एक्शन लेते हुए राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर बक्सर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ मनोज कुमार पांडेय को बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के द्वारा तत्काल प्रभाव से सभी पदों से मुक्त करते हुए निलंबित कर दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने बताया कि बक्सर में आयोजित राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के जय बापू जय भीम जय संविधान कार्यक्रम में प्रदेश नेतृत्व के साथ समन्वय नहीं बिठाने और अपने कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के साथ दी गई जिम्मेदारियों के निर्वहन में अनियमितता के कारण बक्सर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ मनोज कुमार पांडेय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

# 'किसान कल्याण संवाद' एवं 'कृषक युवा कल्याण सम्मान' कार्यक्रम का आयोजन आज

## उप मुख्यमंत्री- सह- कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा करेंगे अध्यक्षता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बक्सर।** जिले में आज 22 अप्रैल को उप मुख्यमंत्री- सह- कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में 'किसान कल्याण संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह संवाद कार्यक्रम राज्य सरकार द्वारा किसानों की भागीदारी बढ़ाने, योजनाओं की जानकारी देने और उनकी समस्याओं को समझकर समाधान निकालने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर 'कृषक युवा कल्याण सम्मान' के तहत जिले के उन युवा किसानों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने कृषि में नवाचार, जैविक खेती, बागवानी, फूलों की खेती, या तकनीकी उन्नयन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। यह सम्मान उन्हें प्रोत्साहित करेगा और अन्य किसानों को भी प्रेरणा देगा। साथ ही जिला कृषि टास्क फोर्स की बैठक भी आयोजित की जाएगी, जिसमें कृषि विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। बैठक में जिला प्रशासन, कृषि विभाग, कृषि वैज्ञानिक, तकनीकी विशेषज्ञ एवं किसान प्रतिनिधि भाग लेंगे। यह कार्यक्रम न केवल किसानों की समस्याओं को समझने का माध्यम बनेगा, बल्कि योजनाओं के सुचारु क्रियान्वयन और किसानों की आयवृद्धि की दिशा में एक ठोस प्रयास भी होगा।

## दुर्घटना में युवक घायल

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** नबीनगर प्रखंड के माली थाना क्षेत्र के सोरी पूल के समीप अनियंत्रित स्कार्पियो की चपेट में आने से 18 वर्षीय एक युवक घायल हो गया। घायल युवक की पहचान रिसियप थाना क्षेत्र के खेतपुरा गांव निवासी अमरेश पासवान के रूप में हुई है। सोमवार के दोपहर सदर अस्पताल में इलाज के दौरान परिजनों ने बताया कि अमरेश बाइक से माली थाना क्षेत्र के नौघड़ा गांव बारात जा रहा था। इसी दौरान अनियंत्रित स्कार्पियो ने टक्कर मार दिया, जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# तीन दिवसीय हनुमत कृपा उत्सव कार्यक्रम से माहौल भक्तिमय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड क्षेत्र के जम्होर के मुख्य बाजार स्थित दुर्गा मैदान रोड के पास सैकड़ो वर्ष प्राचीन हनुमान मंदिर के प्रांगण में तीन दिवसीय हनुमत कृपा उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रथम दिन गुंबज आरोहण कार्यक्रम के निमित योग्य आचार्यों के सान्निध्य में वेद मंत्रोच्चार के साथ षोडशोपचार विधि से पूजा अर्चना किया गया। कार्यक्रम संयोजक रौशन अग्रवाल ने बताया कि यह पूजा त्रिदिवसीय है जिसकी आज शुरुआत हो रही है। आज शुभ मुहूर्त में हनुमान जी के मंदिर के ऊपर गुंबज को प्रतिष्ठापित किया जाएगा, दूसरे दिन 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया गया है। वहीं 23 अप्रैल को हनुमत चर्चा के साथ भंडारे का आयोजन किया गया है। जम्होर विकास मंच के संयोजक ने बताया कि ऐतिहासिक एवं धार्मिक ग्राम जम्होर में विष्णुधाम से लेकर जम्होर गांव के अंतिम छोर तक 51 मंदिरों की श्रृंखला है। इसी श्रृंखला में मुख्य बाजार अवस्थित हनुमान मंदिर भी है जिसकी स्थापना सैकड़ो वर्ष पूर्व की गई थी। विदित हो कि ग्राम जम्होर के स्थापना काल में पांच शताब्दी पूर्व मारवाड़ी अग्रवालों का आगमन हुआ था जिन्होंने कई ठाकुरबाड़ी शिवालय एवं मंदिरों की स्थापना कराई थी उसी कड़ी में यह हनुमान जी का भी मंदिर है जिन्हें वैष्णवी परंपरा का प्रमुख देवता माना जाता है। कलयुग में हनुमान जी को प्रमुख देवता माना गया है इन्हें चिरंजीवी का वरदान भी प्राप्त है। इस मंदिर में विराजमान हनुमान जी का मुख शक्ति के अधिष्ठात्री देवी मां दुर्गा के आमने-सामने है। शास्त्रों में वर्णन है कि ऐसे मंदिर स्वतः जागृत होते हैं और इन मंदिरों में की गई पूजा पाठ विशेष फलदायी होती है। आचार्य के रुप में प्रेमचंद पांडेय की सराहनीय भूमिका रही। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में सोनू अग्रवाल, विक्की अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, शंकर अग्रवाल, पंचायत समिति सदस्य अनिल अग्रवाल एवं उमेश प्रसाद महाजन की विशेष भूमिका रही।

# जलभरी के साथ रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जगदीशपुर (भोजपुर)।** जगदीशपुर नगर में सोमवार को श्री श्री रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ जलभरी यात्रा के साथ किया गया। जलभरी यात्रा में जगदीशपुर सहित विभिन्न गांवों के लोगों ने भाग लिया। बाजा-गाजा, हाथी, घोड़े एवं ऊंट के साथ सैंकड़ों श्रद्धालु माथे पर कलश लिए जलभरी यात्रा में शामिल हुए। जलभरी यात्रा का शुभारंभ गजराज पूजन के साथ हुआ। जगदीशपुर के शिव तालाब स्थित यज्ञ स्थल से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालु शिवजी तालाब से पवित्र जल लिए और सदर बाजार होते हुए नया टोला पहुंचे तथा उनके बाद पुनः वापस लौट आये। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पवित्र शिव तालाब से जल लेकर नया टोला होते हुए यज्ञ स्थल पर पहुंचे। यज्ञ कमिटी के सदस्यों ने बताया कि श्री श्री रूद्र महायज्ञ को लेकर नगर का माहौल भक्तिमय हो गया है। 22 अप्रैल को पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश और अरणीमंथन होगा। 29 अप्रैल को पूर्णाहुति व भंडारा का आयोजन किया जाएगा। हर शाम विद्वान पंडितों के प्रवचन होंगे और कलाकार रामलीला और रासलीला की प्रस्तुति देंगे। इस महायज्ञ में शामिल हुए पूर्व आरा मेयर सह राजद नेता सुनील यादव को कमिटी के सदस्य द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मौजूद रहे पप्पू पांडेय संरक्षक, अनिल चौधरी सह संरक्षक, राजू मिश्रा अध्यक्ष और मिथलेश कुशवाहा संयोजक बने हैं। अन्य पदाधिकारियों में मिलिंद चौधरी, संजय पासवान, अर्जुन प्रसाद और बजरंगी कुशवाहा,सुरेंद्र शाह,अमर चौबे, रबी आखिरी समेत अन्य लोग शामिल थे।

## बाइक सवार युवक घायल

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** एनएच- 139 पर ओबरा थाना क्षेत्र के भरूब मोड़ के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक सवार युवक सड़क किनारे खड़ी पोल से टकराकर घायल हो गया। घायल युवक की पहचान रफीगंज प्रखंड के पौथू थाना क्षेत्र के सबदत गांव निवासी जीतवहन पासवान के पुत्र अनूप कुमार के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि अनुज सोमवार की सुबह अपने घर से बाइक द्वारा ओबरा थाना क्षेत्र के मंगरु बिगहा अपने ससुराल गया था। इसी क्रम में भरूब मोड़ के समीप सड़क किनारे खड़ी पोल से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

# तिहरे हत्याकांड के विरोध में किया सड़क जाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गड़हनी (भोजपुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत लाहरपा गांव में रविवार की रात तीन लोगो की मौत के बाद सोमवार को सुबह ग्रामीणों व परिजनों ने आरा- अरवल मार्ग पर अगिआंव में शवों को रखकर सड़क जाम कर हंगामा किया। ग्रामीणों की मांग थी कि हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार करें व परिजनों को जल्द मुआवजा दे। ग्रामीण एसपी को बुलाने की मांग कर रहे थे। जाम सुबह 6 बजे से था और 12:30 बजे एसपी के बयान पर जाम हटाया गया। एसपी राज ने कहा कि जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी की जाएगी। बता दें कि रविवार कि रात करीब 9 बजे गली में गाड़ी सटने को ले विवाद हुआ और अंधाधुंध फायरिंग होने लगी। फायरिंग में 7 लोगो को गोली लगी, जिसमे तीन लोगों की मौत हो गई एवं कई घायल हो गए।

# लंबे समय से फरार वारंटी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा थाना के पुलिस ने सोमवार की सुबह मीरपुर गांव में छापेमारी कर कुर्की जब्ती के वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। वारंटी की पहचान उक्त गांव निवासी अनिल कुमार यादव के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि वारंटी पर वर्ष 2012 में प्राथमिकी दर्ज की थी। कई बार नोटिस जारी करने के बावजूद वह न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हो रहा था। जिसके आलोक में न्यायालय द्वारा उसके विरुद्ध कुर्की जब्ती का वारंट जारी किया गया था। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि वारंटी अपने घर आया हुआ है। सूचना के आधार पर छापेमारी कर उसे उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय के सुपुर्द कर दिया गया।

## शराब के साथ आरोपित गिरफ्तार

- गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने की कार्रवाई
- गिरफ्तार कर भेजा जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** रविवार की रात्रि उपहारा पुलिस ने थाना क्षेत्र के लोदीपुर गांव से महुआ शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष मनेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि लोदीपुर गांव में शराब की बिक्री की जा रही है, जिसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए शैलेश पासवान को तीन लीटर शराब के साथ गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया गया है।

# ग्राम विकास की योजनाओं में प्रभावी बना रहा 'महिला संवाद'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**आरा।** राज्य सरकार द्वारा संचालित 'महिला संवाद कार्यक्रम' आज गांव की आधी आबादी की इच्छाओं और आकांक्षाओं को साकार करने की दिशा में एक सशक्त पहल बनकर उभर रहा है। यह कार्यक्रम महिलाओं को न केवल जागरूक बना रहा है, बल्कि उन्हें ग्राम विकास की योजनाओं में भागीदार भी बना रहा है। 'महिला संवाद' जीविका के ग्राम संगठनों के माध्यम से पूरे बिहार के सभी प्रखंडों में प्रतिदिन दो चरणों- सुबह 9 बजे और शाम 3 बजे में आयोजित किया जा रहा है। भोजपुर जिले के 1398 ग्राम संगठनों के जरिए रोजाना महिला संवाद रथ गांव-गांव जाकर कार्यक्रम आयोजित कर रहा है, जिससे प्रतिदिन चार हजार से अधिक महिलाएं जुड़ रही हैं और अपने विचारों एवं अनुभवों से समाज में बदलाव की लहर ला रही हैं। सोमवार को जिले के विभिन्न प्रखंडों- अगिआंव, आरा सदर, बड़हरा, बिहिया, चरपोखरी, जगदीशपुर, कोइलवर, पीरो, सहार, शाहपुर, तरारी और उदवंतनगर के चयनित ग्राम संगठनों में महिला संवाद कार्यक्रमों का सफल आयोजन हुआ। इस दौरान महिलाओं ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी, ग्राम संगठन भवन, पुस्तकालय जैसी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने की मांग के साथ-साथ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ भी साझा किए। कार्यक्रम में संवाद रथ की आधुनिक टीवी स्क्रीन के माध्यम से राज्य सरकार की योजनाओं का प्रदर्शन किया गया। साथ ही वीडियो और ऑडियो प्रसारण के माध्यम से सूचनाओं को सरल और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। इन आयोजनों में शामिल दीदियां अपने अनुभव साझा करते हुए यह बता रही हैं कि किस प्रकार जीविका से जुड़कर उनके जीवन में सामाजिक और आर्थिक बदलाव आए हैं। कई महिलाओं ने बताया कि जीविका के स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर वे अब आत्मनिर्भर उद्यमी बन रही हैं। स्कूली छात्राओं ने पोशाक योजना की सराहना करते हुए कहा कि इससे पढ़ाई में रुचि बढ़ी है और आत्मविश्वास में भी इजाफा हुआ है। वहीं, साइकिल योजना ने उच्च शिक्षा प्राप्त करने की राह को सरल बना दिया है। हर कार्यक्रम में औसतन 200 से अधिक महिलाएं भाग ले रही हैं और अपनी आकांक्षाओं को सुव्यवस्थित रूप में सूचीबद्ध कर एप पर दर्ज भी करवा रही हैं। यह संवाद कार्यक्रम न केवल महिलाओं को सशक्त बना रहा है, बल्कि एक समृद्ध, उन्नत और विकसित गांव-समाज की नींव भी रख रहा है।

CMYK

# चांद नगर कॉलोनी में व्यवसायी के घर लाखों की चोरी

## फुलवारी थाना से कुछ ही दूरी पर चोरों ने दिखाई हिम्मत



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फुलवारीशरीफ।** फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र से चंद कदम दूर हाईप्रोफाइल चांद नगर कॉलोनी में भीषण चोरी की वारदात ने इलाके की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। इस कॉलोनी में सीआईडी के डीएसपी अलाउद्दीन, कई पुलिस अफसर और प्रशासनिक अधिकारी रहते है. लेकिन चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्होंने थाना से चंद कदम दूर ही एक व्यवसायी के घर से 6 लाख की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद से चांद नगर कॉलोनी में दहशत और आक्रोश है। मोहम्मद राशिद ने थाने में आवेदन दे दिया है, लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

पीड़ित मोहम्मद राशिद, जो पटना जंक्शन के पास दुकान चलाते हैं, रोज़ की तरह दुकान पर गए थे. उनका परिवार इलाज के लिए चंडीगढ़ गया हुआ है। रात 10 बजे जब राशिद घर लौटे तो देखा कि पिछला दरवाज़ा टूटा पड़ा है। अंदर घुसते ही घर का नज़ारा चौंकाने वाला था। अलमारी, ट्रंक, पेटी– सब कुछ टूटा हुआ था और सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था। मां, पत्नी और बच्चों के ज़ेवरात के साथ-साथ एक लाख नकद भी गायब था। चोरी गई कुल संपत्ति की कीमत 6 लाख आंकी गई है. ये वही कॉलोनी है जहां कभी फुलवारी शरीफ के थानाध्यक्ष रहे और अब सीआईडी में डीएसपी पद पर कार्यरत अलाउद्दीन साहब का मकान है. यानि पुलिस और प्रशासन की निगरानी में रहने वाले इलाके में चोरों ने जिस तरह वारदात को अंजाम दिया, उसने सबको हैरान कर दिया है। स्थानीय लोग पुलिस की निष्क्रियता से नाराज़ हैं। कॉलोनी के लोगों का कहना है कि पुलिस रात में गश्ती छोड़कर सड़क पर वसूली में व्यस्त रहती है, और चोर अपना काम बेधड़क कर रहे हैं. अब सवाल यह उठ रहा है कि जब आला अफसरों के घरों से चंद क़दम की दूरी पर चोर आराम से चोरी कर सकते हैं, तो आम जनता कितनी सुरक्षित है।

## बैंक से पैसा निकाल कर जा रहे युवक के बैग में ब्लेड मार डेढ लाख उड़ाए

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी मे अपराधियों के हौसले इन दिनो बुलंद है। दरअसल सोमवार को चप्पे चप्पे पर थी पुलिस का पहरा, इसी बीच एसबीआई बैंक से 2 लाख निकाल कर जा रहे हैं। युवक के बैग में ब्लेड मारकर डेढ़ लाख निकाल लिया। बताया जाता है की सोमवार को तकरीबन 11:30 के आसपास मसौढ़ी मेंन रोड स्थित स्टेट बैंक से बेलौटी निवासी पिता पुत्र सुरेश साव और करण कुमार 2 लाख की निकासी की जहां डेढ़ लाख बैग में रखा और 50 हजार अपने पिता के पैकेट में रखे हुए थे, और जैसे ही अपने बाइक पर बैठकर अपने पिता के साथ आगे बढ़ा तो उसके बाद उसे महसूस हुआ कि बैग हल्का है जहां उसने बैग की जांच की तो पता चला कि बैग में ब्लेड मारा हुआ है और पैसे गायब है। आनन फानन में वह भाग कर मसौढ़ी थाना में पहुंचा, और घटना की सूचना दी। वहीं पुलिस पहले से ही विभिन्न बैंको और चौक चौराहे पर किसी अपराधी के तलाश में घात लगाए बैठी थी, इसी बीच ब्लेड मार गैंग अपनी कारामात दिखा दी। ऐसे यह घटना पुलिस के लिए चुनौती बन गई है। थानाध्यक्ष समेत नौ पुलिस पदाधिकारी तबातोड़ हर गली मोहल्ले में छापेमारी की, कई जगहों पर वाहन चेकिंग भी लगाये गये। मगर चोर गैंग का कोई जानकारी नही मिली, फिलहाल पुलिस बैंक के फूटेज खंगालने मे जुटी है।

## महिला सशक्तिकरण के लिए गांवों में हो रहा 'महिला संवाद'

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढी।** प्रखंड जीविका के तत्वाधान में मसौढी के निशियावां पंचायत के उसमानचक और चपौर पंचायत हरवंशपुर में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन प्रगति जीविका महिला ग्राम संगठन और गंगा ग्राम संगठन के द्वारा किया गया। इस महिला संवाद कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही हैं, साथ ही योजनाओं के प्रति जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जिसमें महिला सशक्तिकरण, महिला का आर्थिक शक्तिकरण, सामाजिक, और राजनैतिक विकास पर जोर दिया जा रहा है साथ ही सरकार की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दिया गया। आयोजन के दौरान उपस्थित महिलाओं से योजनाओं में सुधार हेतु सुझाव भी लिया जा रहा हैं। इस आयोजन के लिए बिहार सरकार द्वारा महिला संवाद वैन दिया गया हैं जिसके द्वारा वीडियो चला कर योजनाओं की जानकारी महिलाओं को दी जा रही। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं के बीच लिप लेट का वितरित भी किया गया। कार्यक्रम में जीविका के जयप्रकाश शर्मा, सामुदायिक समन्वयक डेजी कुमारी, प्रजन्या कुमारी, रॉकी कुमार एवं उस गांव के ढेर सारी महिलाएं शामिल हुए।



## पालीगंज की पुरानी सड़क उपेक्षा की शिकार, ग्रामीणों में आक्रोश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालीगंज (पटना)।** पालीगंज अनुमंडल क्षेत्र की एक अति प्राचीन सड़क, जो डीहपाली से होते हुए जिंजर तक जाती है और निरखपुर व गौसगंज को जोड़ती है, आज बदहाल स्थिति में है। यह सड़क पूर्व में डिस्ट्रिक बोर्ड के अधीन था जिसे बाद में पीडब्ल्यूडी ने ले लिया था। यह रोड का 16 किलोमीटर लंबी निजी जमीन आज भी उपलब्ध है। बावजूद इसके, अब तक इस सड़क पर पक्कीकरण तो दूर, मिट्टी तक नहीं डाली गई है। यह सड़क न सिर्फ दक्षिणी गांवों को पालीगंज, किंजर और गौसगंज से जोड़ती थी, बल्कि ऐतिहासिक समदा मवेशी मेले का मुख्य मार्ग भी रही है। लेकिन आज इस सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई वर्षों से सड़क निर्माण की मांग की, लेकिन किसी जनप्रतिनिधि या अधिकारी ने इस पर ध्यान नहीं दिया। यहां तक कि पिछले विधानसभा चुनाव में ग्रामीणों ने सड़कों के मुद्दे को लेकर मतदान का बहिष्कार भी किया, फिर भी हालात जस के तस बने हुए हैं। अब ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द इस सड़क का निर्माण शुरू नहीं किया गया तो वे आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनावों में भी मतदान का बहिष्कार करेंगे। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सड़क कई जिलों को आपस में जोड़ने का जरिया बन सकती है और पालीगंज से किंजर की दूरी 30 मिनट में तय की जा सकती है। लेकिन अब लोग मजबूरी में अन्य लंबे रास्तों से सफर कर रहे हैं। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि कई नेता सिर्फ चुनाव के समय आते हैं, वादे करते हैं और फिर भूल जाते हैं। वहीं, अन्य जगहों पर बिना जमीन के भी सड़कें बन रही हैं, पर यहां जमीन मौजूद होने के बावजूद सड़क उपेक्षित है। जनप्रतिनिधियों की बेरुखी और प्रशासन की अनदेखी से नाराज ग्रामीण अब आंदोलन की राह पर हैं और चाहते हैं कि उनकी आवाज सुनी जाए।



## ट्रेन से कट कर दे दी जान

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पटना गया रेल खंड के नदवां रेलवे स्टेशन के पास सोमवार की सुबह तकरीबन 9:00 बजे एक घरेलू विवाद में एक युवक ने ट्रेन से कट कर जान दे दी है। मृतक की पहचान मिश्रीचक के रहने वाले रामचरित्र दास के पुत्र पप्पू दास उम्र 40 वर्ष बताया जाता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कल रात में पति-पत्नी में झगड़ा हुआ था और उसके बाद तनाव में आकर पलामू एक्सप्रेस से ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर दी है। वहीं जीआरपी पुलिस की सूचना दी लेकिन पुलिस के आने से पहले ही परिजन उसके डेड बॉडी को लेकर चले गए पुलिस छानबीन में जुटी है।

## फक्कर महतो घाट पर चलाया गया स्वच्छता अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दानापुर।** नगर परिषद क्षेत्र के 40 वार्डों में सफाई के नाम पर प्रति माह करीब सवा करोड़ से अधिक राशि खर्च की जाती है. इसके बाद भी नगर के प्रमुख नासरीगंज के फक्कर महतो घाट पर गंदगी का अंबार लगा हुआ था जिससे श्रद्धालुओं कचरे से उठ रहे बदबू के बीच गंगा स्नान करने को विवश है। राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर स्वच्छता अभियान के तहत नगर परिषद प्रशासन ने फक्कर महतो घाट पर सफाई अभियान चलाया गया था और फक्कर महतो घाट पर विशेष रूप से स्वच्छता अभियान को लेकर घाट के ऊपर सड़क पर सफाई अभियान चलाया गया. परंतु गंगा नदी किनारे पर कचरे का अंबार लगा हुआ था। यह हाल सिर्फ फक्कर महतो घाट की ही नहीं है। अन्य सभी घाटों का हाल है. घाटों पर केवल झाड़ू लगाकर सफाई कार्य का कोरम पूरा किया जाता है। जो कच्चा घाट हैं वहां की हालत और भी दयनीय है। नगर परिषद क्षेत्र के 40 वार्डों समेत सभी गंगा घाटों की सफाई समेत अन्य कार्यों को निपटान के लिए एडम एजेंसी के साथ करार हुआ है। करार के अनुसार संबंधित एनजीओ को नगर के 40 वार्डों समेत सभी गंगा घाटों पर सफाई कार्य कराना है। परिषद के पूर्व पार्षद सह भाजपा नेता अखिलेश कुमार उर्फ मूटुर व लोजपा जिलाध्यक्ष चंदन यादव ने बताया कि परिषद के 40 वार्डों व गंगा घाटों की सफाई के नाम पर पैसा का बंदरबांट हो रहा है। जनता के पैसे बर्बाद किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सफाई के नाम पर करीब सवा करोड से अधिक राशि हर माह खर्च किये जाते हैं। इसके लिए जिस एनजीओ से करार हुआ है, वह एकरारनामा के शर्त के अनुसार कार्य कर रहा है या नहीं इसकी जांच कभी नहीं की जाती है। उन्होंने बताया कि इस तरह के मामले में जांच होनी चाहिए. बता दें कि एडम एजेंसी द्वारा करीब 900 दैनिक सफाई कर्मी के नाम पर प्रति माह नगर परिषद से भुगतान लेते हैं। परिषद के ईओ पंकज कुमार ने बताया कि घाट पर से कूडे-कचरा का उठाव किया गया है। उन्होने बताया कि गंगा घाटों से कचरा को उठाव जल्द शुरू किया जाएगा। दानापुर राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर फक्कर महतो घाट पर सफाई अभियान चलाया। दानापुर राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर नगर परिषद प्रशासन द्वारा सोमवार को नासरीगंज फक्कर महतो घाट पर सफाई अभियान चलाया गया. घाट के सड़क पर सफाई अभियान चलाया गया. परिषद के ईओ पंकज कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर फक्कर महतो घाट पर सफाई अभियान चलाया गया और लोगों जागरूक पैदा किया गया है। मौके पर परिषद के ईओ (नगर व्यवस्था) पंकज कुमार, स्वच्छता अधिकारी अपर्णा, नगर प्रबंधक अमरेंद्र कुमार व सफाई निरीक्षक संजय कुमार समेत अन्य मौजूद थे।



## पटना-गया एनएच के किनारे 25 अवैध दुकानों को किया गया ध्वस्त



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** पटना-गया नेशनल हाईवे 22 पर सड़क के किनारे लगे हुए अतिक्रमण के रूप में तकरीबन 25 अतिक्रमणकारियों पर चला बुलडोजर, दरअसल लगातार नेशनल हाईवे के किनारे अवैध रूप से अतिक्रमण कर रहे लोगों के लिए एनएचआई के द्वारा नोटिस दिया जा रहा था। ऐसे में सोमवार को मसौढ़ी अनुमंडल प्रशासन द्वारा दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति हुई और उसी के उपस्थिति में से लेकर 25 अवैध अतिक्रमणकारियों पर बुलडोजर चलाया गया। अंचलाधिकारी प्रभात रंजन, मनरेगा पदाधिकारी राकेश नंदन समेत सड़क निर्माण में लगी हुए जेएसपी के द्वारा यह पूरा कारवाई किया गया।यह कारवाई पोठही के बाबा का ढाबा से लेकर मसौढ़ी सकरपुरा मोड तक यह कार्रवाई की गई है बताया जाता कि पिछले 3 महीना पहले ही सबो को नोटिस दी गई थी बावजूद लोग हटा नहीं रहे थे ऐसे में आज पूरे दलबल के साथ यह कार्रवाई की गई है।

## दानापुर में महिला संवाद का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दानापुर।** बिहार सरकार की ओर से आयोजित महिला संवाद सोमवर को प्रखंड के कोथावां तथा लखनीबिघा गांव में आयोजित की गई जिसमें महिलाओं के लिए चलाई जाने वाली विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारियां दी गई। साथ ही महिलाओं के नजरिए से विकास के मापदंड पर चर्चा किया गया जिसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर अपनी सहभागिता दर्ज कराई। महिला संवाद हेतु जागरूकता वाहन से महिलाओं को सरकारी योजनाओं के बारे में बताया व वाहन में लगे एल ई डी स्क्रीन के माध्यम से दिखाया गया। इस संवाद के दौरान कोथावां गांव के वार्ड नं 7 में बारिश का पानी जम जाने से 2 महीनों तक घरों से निकला मुश्किल हो जाता है, वहां पर नाला और सड़क को ऊंचा करने के लिए दीदियों का सुझाव आया है। मुसहर टोली में कच्ची सड़क है आने जाने में समस्या हो जाती हैं .वहां पर पक्की सड़कों का निर्माण करने की मांग की.कोथावां गांव में सरकारी स्वास्थ्य केंद्र भी नहीं है। कुछ दीदियों के द्वारा यह सरकार से मांग की गई कि उन्हें बिजली बिल में और रियायत चाहिए। अभी बिजली बिल का दर अधिक है .कार्यक्रम में क्षेत्रीय समन्वयक ज्योति कुमारी, सामुदायिक समन्वयक सुरेखा कुमारी,श्वेता कुमारी,आरती कुमारी सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रही।

## मुन्ना भाई गिरफ्तार

**दानापुर।** थाना क्षेत्र के सगुना मोड़ स्थित ओमेगा मिशन स्कूल में सीबीएसई दिल्ली के द्वारा आयोजित जूनियर असिस्टेंट के परीक्षा में दूसरे परीक्षार्थी के जगह पर परीक्षा देते हुए एक मुन्ना भाई को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वरूण कुमार चन्द्ररोवती थाना रामपुर जिला गया के निवासी है। थानाध्यक्ष पीके भारद्वाज ने बताया कि स्कूल के प्राचार्य ने परीक्षा में दूसरे के जगह परीक्षा देते हुए एक परीक्षार्थी को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया गया है। इस संबंध में स्कूल के प्राचार्य ने स्थानीय थाना में मामला दर्ज कराया गया है. गिरफ्तार वरुण से पुछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## 178 कार्टन शराब जब्त

**मसौढ़ी।** पुनपुन थाना क्षेत्र के सम्मनचक गांव के पास गुप्त सूचना के आधार पर मिली जानकारी के अनुसार एक ट्रक में छुपा कर भारी मात्रा में शराब राजस्थान से समस्तीपुर ले जाया जा रहा था, ऐसे में पुलिस ने सम्मनचक गांव के पास में ट्रक को जप्त किया, जहां ट्रक के तहखाना में भारी मात्रा पर विदेशी शराब थी जब शराब में 178 कार्टून शराब बरामद की गई है इसके अलावा 60 पीस अन्य कंपनियों को शराब बरामद की गई है, थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि यह राजस्थान से शराब लाया गया था और समस्तीपुर ले जाने की तैयारी थी। जिसमें विभिन्न कंपनियों की विदेशी शराब है। 750 ml, 350 द्द्य और 180 एमएल के कुल 178 कार्टून में शराब भरी हुई है और सबसे बड़ी बात यह है कि बाहर से देखने पर यह ट्रक खाली दिखता था और चेंबर में अंदर उसे एडजस्ट कर शराब ले जाना जा रहा था, ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार किया गया है और पूरे मामले की छानबीन की जा रही है इस पूरे जब शराब की कीमत तकरीबन तिन लाख में बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस जप्त किए गए विदेशी शराब की गिनती कर रही है।

## मसौढ़ी प्रखंड मुख्यालय पर घेराव

**मसौढ़ी।** बीते कुछ दिनों पहले तेज आए आफत की आंधी पानी में मसौढ़ी के कई क्षेत्रों में भारी नुकसान हुआ है। एक तरफ जहां किसानों को भारी नुकसान हुआ है वही महादलित बस्तियों में कई परिवार बेघर हो गए हैं। दरअसल मिट्टी के दीवाल गिर गए हैं तो कहीं करकट और झोपड़ी तबाह हो गए थे। ऐसे में मसौढ़ी के दिनकर नगर महादलित टोले में तकरीबन 80 घर के परिवार बेघर हो गए थे। उनका आशियाना उजड़ गया था। जिसको लेकर अंचलाधिकारी को मुआवजे की मांग को लेकर गुहार लगाई हैं वहीं स्थानीय विधायक ने भी इन पीड़ितों को जल्द राहत देने की बात कही थी। लेकिन अभी तक उन सभी पिडित को राहत नहीं मिल सका है। जिसको लेकर सोमवार को एक बार फिर से सभी पीड़ित परिवार मसौढ़ी कार्यालय पर पहुंचकर घेराव किया हैं और सरकार से मांग कर रहे हैं कि जल्द से जल्द हम सभी क्षतिग्रस्त और टूटे मकान को दुरुस्त करने को लेकर मुआवजा दिया जाए।

## एक नजर

### सिंचाई के लिए रखे गए मोटर पाइप ले उड़े चोर

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** संपतचक प्रखंड के सोना गोपालपुर इलाके में एक खेत के केबिन में चोरों ने सेंध लगाकर करीब 60 हजार की सामग्री चुरा ली. चोरी गई वस्तुओं में मोटर पंप सेट, लगभग 2000 फीट पाइप और अन्य जरूरी सिंचाई उपकरण शामिल हैं। पीड़ित राजीव कुमार, जो सुरेश रविदास का बेटा है, धर्मेंद्र सिंह के खेत में बने केबिन को किराए पर लेकर सिंचाई का काम करता था. उसका कहना है कि वह आस-पास के खेतों में पट्टे पर सिंचाई करवाता है. सुबह जब वह केबिन पहुंचा तो देखा कि साइड से सेंधमारी कर चोरी की गई है. पुलिस को सूचना दी गई और 112 डायल के बाद मामला गौरीचक थाना में दर्ज कराया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है. वहीं स्थानीय किसानों का कहना है कि इलाके में लगातार खेतों से मोटर, पाइप और स्टार्टर चोरी की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन पुलिस का ध्यान इधर नहीं है। अब ग्रामीणों की मांग है कि खेतों की ओर भी पुलिस गश्ती बढ़ाई जाए ताकि ऐसी वारदातों पर लगाम लग सके।

### फुलवारीशरीफ में भाकपा-माले का प्रदर्शन

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** फुलवारीशरीफ प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन परिसर में भाकपा-माले द्वारा एक जोरदार धरना प्रदर्शन किया गया.इस प्रदर्शन में सैकड़ों की संख्या में महादलित समुदाय के लोग शामिल हुए, जिनकी प्रमुख माँगें थीं – सभी भूमिहीनों को 5 डिसमिल जमीन दी जाए, बिना वैकल्पिक व्यवस्था के गरीबों को उजाड़ना बंद किया जाए, तथा रेलवे की जमीन पर वर्षों से बसे महादलित नट जाति को उजाड़ने पर रोक लगाई जाए। प्रदर्शन की अगुवाई भाकपा-माले विधायक गोपाल रविदास और फुलवारीशरीफ प्रखंड सचिव गुरुदेव दास ने संयुक्त रूप से की. प्रदर्शन में भाकपा-माले के वरिष्ठ नेता शरीफा मांझी, शाधू शरण, भोला, देवीलाल पासवान समेत अन्य नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। धरना के दौरान अंचलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि चिन्हित स्थानों पर राजस्व कर्मचारी जाकर स्थल का निरीक्षण करेंगे और रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे. साथ ही अंचलाधिकारी ने यह भी कहा कि वे स्वयं अगले दिन स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

### दो पक्षों में मारपीट पिस्तौल लहराते वीडियो हुआ वायरल, दो गिरफ्तार

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** परसा बाजार थाना क्षेत्र के महुआबाग में दो पक्षों के बीच मार पीट के दौरान पिस्तौल लहराते वीडियो इंटरनेत मीडिया पर वायर होने के बाद पुलिस हरकत में आई और गांव पहुंच कर पिस्तौल लहराने वालों की तलाश कर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना के संबंध में परसा बाजार थानाध्यक्ष मेनका रानी के बताया कि महुआबाग गांव में पूटटू कुमार और बिपुल कुमार के बीच झगड़ा हो गया था. इस झगड़े में यह लोग पिस्तौल लहरार रहे थे. गांव वालों ने इनका वीडियो बना कर इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया। इसकी सूचना पुलिस को लगी और वह गांव पहुंच कर दोनों पक्षों से इस बाबत पूछताछ कर हथियार उपलब्ध कराने की बात कही मगर दो पक्ष हथियार उपलब्ध नहीं करा रहे थे इस कारण दोनों पक्षों से पूटटू कुमार और विपुल कुमार को पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर करवाई करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. पुलिस इनके परिजनों से हथियार के बारे में जानकारी ले रही है. इसके साथ ही यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि हथियार इन लोगों ने कहां छूपाया है।

### निधन पर शोक

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जदयू महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व पार्षद सावित्री देवी (100) के लंबी बीमारी के कारण सोमवार को अपने आवास गोलापर बिचली गली में अंतिम सांस ली। उनकी निधन पर पार्टी में शोक की लहर दौड़ गई. इनके निधन पर पार्टी नेताओं व समर्थकों ने शोक व्यक्त किया है. अपने पीछे दो पुत्र व चार पुत्री समेत पूरे परिवार छोड़ गए हैं.वहीं जदयू के प्रदेश महासचिव विनोद कुमार सिंह ने कहा कि सावित्री देवी राजनीतिक जीवन में पार्टी हित से उपर उठकर लोगों की सेवाएं की।

पृष्ठ 1 का शेष

### बिहार को मिलेगी अमृत भारत...

जयनगर-पटना नमो भारत रैपिड रेल में 16 कोचों की व्यवस्था की गई है जिसमें 2000 से अधिक यात्री एक साथ सफर कर सकते हैं। नमो भारत रैपिड रेल जो मेड इन इंडिया कार्यक्रम के तहत बनाया गया है, कई नए सेफ्टी एवं पैसेंजर एमेनिटी फीचर से लैस है। इस ट्रेन में कवच सुरक्षा सिस्टम लगाया गया है। साथ ही सभी कोचों में सीसीटीवी तथा फायर डिटेक्शन सिस्टम भी इंस्टॉल किया गया है। आपातकालीन स्थिति में ट्रेन के मैनेजर से यात्री बात कर सकें, इसके लिए प्रत्येक कोच में आपातकालीन टॉकबैक सिस्टम भी लगाया गया है। वंदे भारत एक्सप्रेस की तर्ज पर नमो भारत रैपिड रेल में भी दोनों छोर पर लोको पायलट कैब लगाया गया है जिससे इंजन रिवर्सल की समस्या समाप्त हो गई है। इस ट्रेन में यात्रियों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की एर्गोनॉमिकली डिजाइन सीटें लगाई गई है जो काफी कंफर्टेबल हैं। ट्रेन में यात्रियों की सुविधा के लिए टाइप सी और टाइप ए चार्जिंग सॉकेट लगाए गए हैं। ट्रेन के सभी टॉयलेट्स को आधुनिक वैक्यूम आधारित बनाया गया है। दिव्यांगों के लिए अलग से फ्रेंडली शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। ट्रेन में ऑटोमेटिक दरवाजे और डस्ट प्रूफ शील्ड गैंगवे की व्यवस्था की गई है। ट्रेन में सेमी परमानेंट कपलर भी लगाए गए हैं। मेट्रो ट्रेन की तर्ज पर रेलवे ओपन लाइन में पहली बार हर कोच में रूट मैप इंडिकेटर की व्यवस्था की गई है जो यात्रियों को आने वाले स्टेशनों के संबंध में जानकारी देगी। सहरसा से लोकमान्य तिलक टर्मिनस के लिए चलाई जाने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस देश की तीसरी अमृत भारत एक्सप्रेस है। पहले दो अमृत भारतीय एक्सप्रेस गाड़ियों का परिचालन दरभंगा से आनंद विहार टर्मिनल तथा मालदा टाउन से कर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल बेंगलुरू के बीच में किया जा रहा है। इस अमृत भारत एक्सप्रेस को 130 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार के हिसाब से डिजाइन किया गया है। इस आधुनिक ट्रेन का निर्माण मेड इन इंडिया अभियान के तहत इंटीग्रेटेड कोच फैक्ट्री, श्री पेरम्बूर, चेन्नई में किया गया है। ट्रेन में पुश एंड पुल टेक्नोलॉजी है जिससे गाड़ी को दोनों दिशाओं में चलाया जा सकता है। वंदे भारत की तरह की सुविधा इस नॉन एसी एक्सप्रेस में उपलब्ध कराई गई है। इसके सभी कोच स्लीपर और नॉन एसी अनरिजर्व्ड क्लास के होंगे। इस ट्रेन में फोल्डेबल स्नेक्स टेबल मोबाइल होल्डर फोल्डेबल बॉटल होल्डर हवाई जहाज की तर्ज पर रेडियम एलिमिनेटेड फ्लोरिंग स्ट्रिप और स्प्रिंग बॉडी जैसी सुविधाएं दी गई है जिससे यात्रा अधिक आरामदायक होगी। इस ट्रेन के शौचालय में इलेक्ट्रो न्यूमेटिक फ्लशिंग प्रणाली लगाई गई है जिससे शौचालय को साफ सुथरा रखने में मदद मिलेगी और पानी का भी कम खर्च होगा। सॉप डिस्पेंसर एवं एरोसोल आधारित फायर सप्रेशन सिस्टम भी लगाया गया है। यात्रियों और ट्रेन मैनेजर के बीच दो तरफ संचार के लिए प्रत्येक कोच में इमरजेंसी टॉकबैक सिस्टम है। सभी कोच में फायर डिटेक्शन सिस्टम लगाया गया है। भारतीय रेल के गैर एसी कोच में पहली बार फायर डिटेक्शन सिस्टम की सुविधा दी गई है। गाड़ी की सेफ्टी को बढ़ाने के उद्देश्य से ऑन बोर्ड कंडीशन मॉनिटरिंग सिस्टम लागू किया गया है जिसके माध्यम से रियल टाइम व्हीलल और बियरिंग निगरानी संभव हो पाएगी। रेलवे ने पिपरा और सहरसा के बीच नई पैसेंजर सेवा प्रारंभ करने का फैसला लिया है जो कि नवनिर्मित सुपौल पिपरा लाइन को भी जोड़ेगा। इसी तरह समस्तीपुर और सहरसा के बीच एक नई पैसेंजर सेवा प्रारंभ की जा रही है जिसका परिचालन बिथान और अलौली के रास्ते होगा। इन सेवाओं के प्रारंभ हो जाने से उत्तर बिहार के लोगों खासकर मिथिला क्षेत्र के लोगों को काफी सहूलियत होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### छह हजार लीटर शराब की गई विनष्ट

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सराय थाना क्षेत्र के उखई चवर में अवैध शराब के खिलाफ एएलटीएफ टीम के साथ पुलिस ने कार्रवाई की है.इस छापेमारी छह हजार लीटर शराब नष्ट हुए है. थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया एएलटीएफ टीम के साथ विशेष अभियान चलाया गया. जिसमें चवर से छह हजार लीटर शराब बरामद किया गया है.इस छापेमारी के दौरान धंधेबाज फरार हो चुके थे. जिसके कारण उनकी गिरफ्तारी नहीं हुई है। टीम गठित की गई हैआसपास के क्षेत्र में भी छापेमारी की जाएगी.

### विकास शिविर में अनुपस्थिति को लेकर मांगा स्पष्टीकरण

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के सभी पंचायतों में विकास शिविर का आयोजन कर सरकार की योजनाओ के बारे में आमजन को अवगत कराना है। इसको लेकर शिविर में सभी विभाग के अधिकारी व कर्मियो को उपस्थित रहने का निर्देश प्राप्त है। वावजूद पंचायतो में आयोजित विकास शिविर में कई विभाग के पदाधिकारि नदारद रह रहे है। इसको लेकर बीडीओ ने एक पत्र जारी कर अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारी व कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा है। इसमें जेएसएस अनिल कुमार सिन्हा, बीएओ अमरनाथ ठाकुर, मनरेगा पीओ शीलभूषण, एलसबीए के बीसी रामविनय प्रसाद, जनसेवक बाबूराम प्रसाद यादव, टोला सेवक नंदू राम, संतोष कुमार राम, दीपक कुमार, नंदू राम, रीता देवी शामिल है। पत्र में बीडीओ ने कहा है कि जिला प्रशासन के निर्देशांनुसार विशेष विकास शिविर में सभी शिविर पदाधिकारियों व प्रतिनियुक्त कर्मियों को उपस्थित रहकर क्रियान्वयन करना था। इसके बावजूद शिविर में कई विभाग के पदाधिकारी व कर्मी अनुपस्थित रहे। जो सरकारी कार्य मे लापरवाही व अनुशासनहीनता को दशार्ता है। सभी से 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण देने को कहा गया है।

### 20 हजार का इनामी हत्या के आरोपी गिरफ्तार

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोमवार को स्थानीय पुलिस ने कई वर्षों फरार 20 हजार के इनामी हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है.जानकारी इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष विश्वमोहन चौधरी ने दी.उन्होंने बताया कि मझौलिया थाना कांड संख्या 520/20 हत्या के आरोपी पूर्वी चंपारण के फेनहारा थाना अंतर्गत पिपरा करीमदाद निवासी सूरज मेहता उर्फ सूरज कुमार जो कई वर्षों से फरार चल रहा था।जिसपर 20 हजार का इनाम घोषित किया गया था।जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।



### स्थानांतरण पर दारोगा को दी गई भावभीनी विदाई

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मैनाटांड थाना परिसर में सोमवार को अपर थानाध्यक्ष अमित पाल की अध्यक्षता में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पदस्थापित दारोगा श्यामली कमल के स्थानांतरण के बाद उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान थाना परिसर में एक सादे कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। सोमवार को गमगीन माहौल में अपर थानाध्यक्ष अमित पाल ने उन्हें एक बेहतर पुलिस अफसर बताया। इस अवसर अपर थानाध्यक्ष अमित पाल समेत मौजद पुलिस पदाधिकारी ने उनके सुखमय जीवन की कामना की। मौके पर पुअनि रंजीत राम पुअनि तपेश्वर सिंह,सअनि जीतेश कुमार,सअनि संजय कुमार,पीटीसी शिवनाथ तूरी आदि मौजूद रहें।



### मकान के निर्माण को लेकर दो पक्षों में हुआ विवाद

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना के गौरीपुर अमवा टोला में मकान निर्माण के दौरान दीवार बढ़ने को लेकर दो पक्षो में मारपीट की घटना घटी है। घटना नौ अप्रैल की है। मामले में गौरीपुर अमवा टोला निवासी रफीक मियां के फर्द बयान पर शिकारपुर थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर में गाव के ही इमामुद्दीन मियां, जमालुद्दीन मियां, मोबारक मियां,अंसार मियां,अरमान मियां, तेतरा खातून, मिसरुना खातून को नामजद किया है। आरोप है कि इमामुद्दीन अपने घर का निर्माण करवा रहा था जिसका दीवार मेरे जमीन में बढ़ रहा है। दीवार बढ़ने को लेकर पूछने पर सभी लोग गाली गलौज करने लगे। और गाली गलौज का विरोध करने पर सभी एकजुट होकर मारपीट कर जख्मी कर दिए। मारपीट होता देख बचाने आई पत्नी जैतून नेशा एवं बेटा इरशाद को भी मारपीट कर जख्मी कर दिया। वही स्थानीय लोगो के बीच बचाव से मामला शांत हुआ और सभी को अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सको ने बेतिया रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार के बताया कि फर्द बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले में छानबीन करते हुए अग्रेतर करवाई की जा रही है।

### ब्रेक फेल होने पर टेम्पो ने मारी टक्कर

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के मनोहर पेट्रोल पंप के समीप एक टेम्पो का ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित होकर टक्कर मार दी। इस घटना में कई यात्री जख्मी हो गए। घटना सोमवार की दोपहर करीब 12 बजे की है। जहां पेट्रोल पंप के समीप पंडई चौक के तरफ से तेज रफ्तार से आ रही एक टेम्पो अनियंत्रित होकर करीब आधा दर्जन बाइक सवार को टक्कर मारते हुए निकली। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नही है। वही टक्कर के बाद स्थानीय लोगो और बाइक सवार ने टेम्पो चालक को पकड़ लिया। इस दौरान लोगो ने टेम्पो का बैटरी निकाल लिया और वाद विवाद करने लगे। जिससे सड़क पर कुछ देर के जाम की स्तिथि उत्पन्न हो गई। वही वाद विवाद की सूचना पर पहुचीं शिकारपुर पुलिस ने लोगो को समझा बुझाकर शांत करवाया। गौरतलब हो कि शहर के मुख्य मार्ग में प्रशासन के द्वारा अतिक्रमण तो हटाया जाता है। लेकिन क्या अतिक्रमण की करवाई से शहर के लोगो को लाभ मिलता है? अतिक्रमण के दूसरे दिन से ही अतिक्रमणकारी फिर से पहले की तरह काबिज होने लगते है।

### श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**छपरा (एकमा)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के प्रभुनाथ नगर के चांदमारी रोड स्थित वीआईपी कॉलोनी में जेपी सेनानी, पूर्व प्रधानाध्यापक व समाजवादी नेता नगर पंचायत एकमा बाजार के भरहोपुर निवासी स्व. चंदेश्वर सिंह की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। स्व. सिंह के पुत्र प्रधानाध्यापक अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों लोगों ने उनके तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# बाइक के विवाद में माता-पिता को पीटा, पिता की मौत

## छोटे भाई के बाइक ले जाने से नाराज था युवक





**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आंदर थाना क्षेत्र के भवराजपुर गांव मे रविवार की रात शराब के नशे में धुत बेटे ने अपने माँ और पिता को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया. जिसमें पिता की मौत हो गई,वहीं माँ गंभीर रूप से घायल हो गई है. मृतक की पहचान 65 वर्षीय हदीस अंसारी के रूप में की गई. जबकि घायल 60 वर्षीय हदीसन खातून है. रिश्ते में मृतक और घायल पति पत्नी हैं. घटना के संबंध में बताया जाता है कि हदीस अंसारी के बड़े पुत्र किताबुद्दीन हमेशा शराब के नशे में रहता है और रविवार की संध्या भी वह शराब पीने के लिए आपने पिता से रुपए की मांग कर रहा था. जिसके बाद उन्होंने रुपए नहीं दी फिर वह चला गया .देर रात्रि शराब के नशे में धुत होकर आया इसके बाद बाइक के संबंध में अपने पिता से पूछताछ करने लगा. हदीस अंसार ने कहा कि बाइक छोटा पुत्र लेकर गया है. जिस पर वह आग बबूला हो गया और अपने पिता को मारने पीटने लगा है. मारपीट व हदीश की शोरगुल सुन उसकी मां हदीशन खातून बीच बचाव करने गई. जहां उसे भी उसने मारपीट कर घायल कर दिया. मारपीट की स्थिति भयावह देख किसी ने इसकी सूचना डायल 112 को दी. जहां डायल 112 की टीम भवराजपुर गांव पहुंची. इसके बाद गंभीर रूप से घायल हदीस अंसारी और उनकी पत्नी हदीशन को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आंदर में इलाज के लिए भर्ती कराया गया .जहां चिकित्सकों ने हदीश अंसारी को मृत घोषित कर दिया. जबकि घायल हदीशन खातून की स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया. जहां उसका इलाज चल रहा है. इधर हदीस मियां की मौत की सूचना जैसे ही परिजनों को लगी की परिजन दहाड़ मार कर रोने लगे.

**हत्यारा पुत्र हुआ गिरफ्तार**

इधर घटना को अंजाम देने के बाद पुलिस को आते देख किताबुद्दीन मौके से फरार हो गया. जिसकी तलाश पुलिस कर रही थी. जहां उसे सोमवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया गया. वही इस घटना के बाद तरह तरह की चचाएं चल रही हैं.

**बाजार में होते हदीश तो नहीं होती मौत**

स्थानीय लोगों का कहना है कि नशे में दूध किताबुद्दीन ने इस घटना को अंजाम रात्रि 10 से 11 के बीच में दिया है. पहले भी वह इन लोगों के साथ मारपीट करता था हालांकि वह बाजार में आकर बैठ जाते थे और लोग बीच बचाव करते थे .जिसके कारण मामला शांत हो जाता था. यदि रविवार को भी हदीश बाजार में चले आते तो लोग बीच बचाव करते हैं और उनकी मौत नहीं होती.

**पुत्री ने बताया पिता की कहानी**

इधर सदर अस्पताल में मौजूद किताबुद्दीन की पुत्री ने अपने पिता की कहानी बयां की. जहां उसने कहा कि मेरे पिता हमेशा शराब के नशे में धुत रहते हैं और रविवार की संध्या वह काफी शराब पी रखे थे. आते ही वह दादा के साथ मारपीट करने ल.गे दादा की आवाज सुन हम लोग उन्हें बीच बचाव करने गए तब तक उन्हें मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिए थे और बीच बचाव करने गए अन्य लोगों के साथ भी उन्होंने मारपीट किया. उसने बताया कि यह पहली घटना नहीं बल्कि इसके पहले भी कई बार उन्होंने ऐसी घटना को अंजाम दिया है.

**बोले थानाध्यक्ष**

आंदर थानाध्यक्ष प्पन कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है.

# बड़े भाई की चाकू से गोदकर हत्या

## शिक्षक के पद पर कार्यरत थे मृतक

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर थाना क्षेत्र के नौरंगाबाग कोढ़ियापट्टी वार्ड नंबर 18 में रविवार की रात मामूली विवाद में सगे छोटे भाई प्रदीप कुमार ने अपने बड़े भाई साहिल कुमार (32) की चाकू गोद हत्या कर दी । साहिल की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। हालांकि लोग उसे गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। उसके शरीर पर तीन-चार जगह चाकू लगी है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपित भाई प्रदीप कुमार को गिरफ्तार कर ली। पुलिस घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर ली है। पुलिस व एफएसएल की टीम मामले की जांच कर रही है। मृतक साहिल नौतन प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय शिवराजपुर अनुसूचित जाति में शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। आरोपित भाई मानसिक रूप से बीमार बताया जा रहा है। उसका इलाज चंडीगढ़ में हो रहा था। घटना की सूचना पर सदर एसडीपीओ वन विवेक दीप मौके पर पहुंचे और मामले की जांच की। स्थानीय लोगों ने बताया कि प्रदीप घर के बाहर चाकू लेकर घूम रहा था। साहिल उसे रोककर पूछा कि वह चाकू लेकर कहां जा रहा है। तब वह भड़क गया और साहिल पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। चाकू लगते ही साहिल वहीं गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल साहिल को जीएमसीएच ले गई। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की गंभीरता को देख एसडीपीओ विवेक दीप मौके पर पहुंचे। जांच के लिए एफएसएल की टीम को बुलाया गया। इस बावत एसडीपीओ ने बताया कि दो सगे भाइयों के बीच चाकूबाजी हुई है। आरोपित मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया जा रहा है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया गया है।



# घर में फंदे से लटका मिला चाय दुकानदार का शव

## शव को कब्जे में लेकर जांच में जुटी शिकारपुर पुलिस



**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के मस्जिद रोड स्तिथ एक चाय दुकान के ऊपरी मंजिल पर चाय दुकानदार ने फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली है। मृतक की पहचान प्रकाश नगर निवासी संतोष कुमार के रूप में की गई है। परिजनो ने उसे आनन फानन में अनुमंडलीय अस्पताल में ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद शव को उसके परिजन लेकर घर चले गए। घटना के बाद उसकी पत्नी हेमा देवी व दोनों बेटे आकाश व अंशु का रो रो कर बुरा हाल है। वही घटना की सूचना पर पहुचीं शिकारपुर पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेतिया जीएमसीएच भेज दिया है। और मामले की छानबीन में जुट गई है। घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि चाय दुकानदार सोमवार की सुबह अपने घर से टहलने के लिए निकला था उसके बाद अपने चाय दुकान पहुचा जहां ऊपरी मंजिल पर फंदे से लटककर खुदखुशी कर ली। खुदकुशी की वजह पारिवारिक कलह बताया जा रहा है। वही घटना के बाद नगर में चचाओं का बाजार गर्म है। इधर घटना की सूचना पर शिकारपुर थानाध्यक्ष सदलबल पहुचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए बेतिया भेज दिया गया है। प्रथम द्दष्टया मामला पारिवारिक कलह के कारण आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कारणों का खुलासा किया जाएगा। गौरतलब हो कि मृतक संतोष नगर के वार्ड संख्या 15 में संतोष टी स्टाल नामक चाय दुकान का संचालक था। उसके मौत की खबर शहर में सनसनी की तरह फैल गई।

# नवनियुक्त कांग्रेस अध्यक्ष का स्वागत



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प चम्पारण जिला कांग्रेस कमिटी के नव मनोनीत अध्यक्ष प्रमोद सिंह पटेल का अभिनंदन समारोह का आयोजन निवर्तमान जिला अध्यक्ष भारत भुषण दुबे की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सदस्य सह पूर्व जिलाध्यक्ष शेख कामरान ने कहा कि नव मनोनीत अध्यक्ष प्रमोद सिंह पटेल एक जुझारू व्यक्ति हैं। वे बीसों वर्ष से कांग्रेस से जुड़े हुए हैं। जनता की समस्याओं के लिए लड़ना उनकी प्रवृत्ति में शामिल हैं। कांग्रेस को मजबूत करने के लिए हमें हर घर पर दस्तक देना होगा। जिस वक्त भी अध्यक्ष आवाज देंगे हमें अपने साथ पायेंगे। केदार आश्रम में आयोजित इस अभिनंदन समारोह में कांग्रेस के विभिन्न मोर्चा संगठनों के विभागाध्यक्ष, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, अति पिछड़ा और अनुसूचित जाति से जुड़े कार्यकताओं की उपस्थिति ने इस कार्यक्रम को और अधिक महत्वपूर्ण बना दिया।समारोह का संचालन निवर्तमान जिलाध्यक्ष भारत भूषण दुबे ने किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक मदन मोहन तिवारी और भारतीय यूथ कांग्रेस के जिला प्रवेक्षक शिशिर श्रीवास्तव ने भी अपने विचार साझा किए तथा नए जिलाध्यक्ष की योग्यता और कार्यशैली की सराहना की।इस समारोह में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकताओं ने भाग लिया, जिन्होंने नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष प्रमोद सिंह पटेल का स्वागत फूल माला पहना कर किया। सभी नेताओं और कार्यकताओं ने एकजुटता का संदेश दिया और पार्टी के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। मौके पर इरशाद हुसैन, अभिषेक रंजन महिला कांग्रेस के जिला पर्यवेक्षक रेशमा जाफरी, अनुराग सिंह, जिला युवा कांग्रेस के जिला कार्यकारी अध्यक्ष मोहम्मद एजाज, वसी अहमद, सुरेंद्र कुशवाहा, राजकुमार कुशवाहा, सुधा मिश्रा, ब्रह्मानंद पांडे, मंजू राम, विनय शाही, रंजीत पटेल ,राजेंद्र राम, विनय कुमार यादव , अमजद अली, मझौलिया प्रखंड अध्यक्ष मो, कलीमुल्लाह, शिव रतन यादव, मो हसन ,उमेश पटेल नरेश राम आदि भी मौजूद रहे।

# सीवान के लोगों को मिलेगी जनरल सर्जरी की बेहतर सेवा : डॉ. संजय

## आईएमए के अध्यक्ष एवं सचिव ने किया उद्घाटन



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के अस्पताल रोड मे सांगवी हॉस्पिटल का उद्घाटन आईएमए आध्यक्ष डॉ. शशि भूषण सिन्हा तथा सचिव डॉ. शरद चौधरी ने फीता काटकर किया. इस मौके पर हॉस्पिटल के निदेशक एवं प्रमुख सर्जन डॉ. संजय कुमार प्रसाद ने दोनो अतिथियों को बुके देकर उनका स्वागत किया. डॉक्टर शशि भूषण सिन्हा एवं डॉ. शरद चौधरी ने कहा कि सीवान मे अच्छे जनरल लेप्रोस्कोपिक सर्जन की कमी थी. डॉ. संजय के हॉस्पिटल की शुरूआत होने से निश्चित रूप से सीवान वासियो को बेहतर सेवा मिल सकेगी. वही डॉ. संजय कुमार प्रसाद ने कहा कि मेरी पढ़ाई कोलकाता मेडिकल कॉलेज से हुई है .अब अपनी जन्मधरती पर लोगो को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने का प्रयास कर रहा हूं .इस मौके पर भगवान प्रसाद, बीजेपी के युवा नेता कुमार कुशवाहा, डॉ. आर आर कस्तूरी, क्षत्रिय लाल कुशवाहा, जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय कुमार राम, डॉ. समीर कुमार, डॉ. रिमझिम कुमारी, डॉ. कृष्णा कुमार सहित लोग उपस्थित थे.

# लौरिया नगर के वाहन पार्किंग की डाक 77 लाख 31 हजार रुपया में

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर पंचायत के सभागार में सोमवार को 3 सैरातों का डाक शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। मजिस्ट्रेट के रूप में बीडीओ संजीव कुमार काफी मुस्तैद रहे और दारोगा सुधीर कुमार के नेतृत्व में भी पुलिस बल काफी सक्रिय रही कि डाक बोली के समय किसी तरह की कोई गड़बड़ी नहीं हो सके। इस मौके पर सभापति श्रीमती सीता देवी, उपसभापति श्रीमती किशोरी देवी और नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी दिनेश पुरी के साथ नगर पंचायत कर्मी मौजूद थे।सबसे पहले वाहन पार्किंग का डाक हुआ , जिसमें योगापट्टी थाना क्षेत्र के डुमरी निवासी संदीप कुमार ने सबसे अधिक बोली 77 लाख 31 हजार बोलकर अपने नाम कर ली। 77 लाख 31 हजार रुपया से वाहन पार्किंग की बोली की शुरूआत कर 23 वे राउंड में प्रतिद्वंदी पवन कुमार ने आगे बढ़ने से मना कर दिया। इसके बाद लौरिया फैंसी मेला का डाक बोली 27 लाख 21 हजार रुपया से शुरू होकर 26 वें राउंड में प्रतिद्वंदी पवन कुमार से एक हजार की अधिक की बोली 28 लाख 51 हजार रुपया बोलकर लौरिया के रामबाबू प्रसाद ने अपने नाम कर ली। इसी तरह से लौरिया बाजार की बोली 5 लाख 28 हजार से शुरू होकर 5 लाख 29 हजार 4 सौ रुपया पर समाप्त हो गया। विदित हो कि बीते 5 मार्च को भी 2025/2026 का डाक हुआ था। जिसमें वाहन पार्किंग का डाक 1 करोड़ 19 लाख 10 हजार रुपया का हुआ था। फैंसी मेला का डाक 30 लाख 47 हजार 630 का हुआ था तो हाट बाजार का डाक 5 लाख 37 हजार रुपया का हुआ था।

# रेलवे की संपत्ति चुराते 4 लोगों की आरपीएफ ने पकड़ा

## आरपीएफ ने चोरी का समान खरीदने वाले कबाड़ी दुकानदार को भी किया है गिरफ्तार



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिन्हा के नेतृत्व में टास्क टीम ने रविवार की देर शाम सीवान मालगोदाम यार्ड से रेल संपत्ति को चुराकर ठेला से ले जा रहे 04 व्यक्तियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया.आरपीएफ ने मौके से ठेला सहित तीन पीस रेलवे के लोहे के एंगेल व एक पीस चैनल को बरामद किया.गिरफ्तार अपराधियों में उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जनपद के तरैया सुजान थाने राम भरोसा सिंह का पुत्र बबलू कुमार, सीवान सराय थाने के सिसवन ढाला निवासी हाजी मोहम्मद का पुत्र शमसुद्दीन अंसारी,नगर थाने के स्टेशन रोड़ सिसवान ढाला हरिजन बस्ती निवासी स्वर्गीय भूखल राम का पुत्र सूरज कुमार राम,स्टेशन रोड़ सिसवान ढाला हरिजन बस्ती निवासी स्वर्गीय भूखल राम का पुत्र टिंकू राम एवं कबाड़ी दुकानदार गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थाने के दिघवा दुबौली दसरथ प्रसाद का पुत्र अखिलेश कुमार सोनी शामिल है.आरपीएफ निरीक्षक राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट सीवान एवं टास्क टीम वाराणसी मण्डल द्वारा आपराधिक निगरानी के दौरान रेलवे स्टेशन सीवान मालगोदाम यार्ड से तीन पीस रेलवे के लोहे के एंगेल व एक पीस चैनल को ठेला पर चोरी कर ले जा रहे चार लोगों को पकड़ा गया.चारों अपराधियों की निशानदेही पर कबाड़ दुकानदार अखिलेश कुमार सोनी को चोरी माल रेल संपत्ति प्राप्त किए गए नगद 19500 रुपए के साथ गिरफ्तार किया गया.उन्होंने बताया कि रेल क्षेत्र में पड़े लोहे को चुराकर चारों व्यक्तियों द्वारा कबाड़ी की दुकान पर बेचा जाता था.बरामद लोहे की कीमत लगभग के 15 हजार रुपए है.छापेमारी में उप निरीक्षक जयेन्द्र कुमार मिश्रा, सउनि शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय, परमेन्द्र राय,धर्म प्रकश मिश्रा, देवेंद्र गुप्ता, विनोद कुमार वर्मा, विजय कुमार यादव एवं नागेंद्र यादव शामिल थे.

# गन्ना की उत्पादकता में वृद्धि के लिए सभी करें सार्थक प्रयास : डीएम

## क्षेत्रीय विकास परिषद की बैठक संपन्न



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिलाधिकारी-सह-अध्यक्ष, क्षेत्रीय विकास परिषद, दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में आज क्षेत्रीय विकास परिषद बगहा, रामनगर, नरकटियागंज तथा लौरिया की बैठक संपन्न हुई। बैठक में वर्ष 2025-26 हेतु बजट प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा एवं समीक्षा के उपरान्त परिषद् द्वारा सर्वसम्मति से बजट प्रस्ताव का अनुमोदन कर पारित किया गया। क्षेत्रीय विकास परिषद की बैठक में कार्य योजना, गन्ना की वैज्ञानिक खेती एवं आधारभूत संरचना मद के विभिन्न अवयवों पर विस्तृत चर्चा की गई।चीनी मिलों को बकाया ईख मूल्य व क्षेत्रीय विकास परिषदों के बकाया कमीशन का भुगतान यथाशीघ्र करने का निदेश जिला पदाधिकारी द्वारा दिया गया। इस दौरान पेराई सत्र 2025-26 हेतु चल रहे ईख सर्वेक्षण की समीक्षा भी की गई।जिला पदाधिकारी ने क्षेत्रीय विकास परिषदों तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार का निर्देश दिया। रोगरोधी व जल जमाव हेतु उपयुक्त गन्ना प्रभेदों की जानकारी किसानों को उपलब्ध कराने के साथ ही उसके बीजों की समूचित उपलब्धता सुनिश्चित करने का निदेश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया।क्षेत्रीय विकास परिषद की बैठक में जिला पदाधिकारी ने कहा कि चीनी मिल प्रबंधन गन्ना किसानों में हित के लिए कार्य करें। किसानों को परेशानी नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखें। गन्ना किसानों की समस्याओं का निराकरण तत्परतापूर्वक करें। जिला पदाधिकारी ने परिषद के सदस्यों से कहा कि गन्ना के उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि के लिए सभी को सार्थक प्रयास करना होगा। बेहतर गन्ना प्रभेदों के उपज हेतु किसानों को जागरूक करें। साथ ही लाभकारी उर्वरक के बारे में भी किसानों को बताएं ताकि कम उर्वरक का प्रयोग अधिक पैदावार किसान कर सकें।। उन्होंने कहा कि गन्ना किसानों के कल्याण एवं उत्थान के लिए सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है। इन योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार गन्ना किसानों के बीच कराया जाय।इस अवसर पर विशेष कार्य पदाधिकारी, सुजीत कुमार, ईख पदाधिकारी, बेतिया-सह-सचिव, क्षेत्रीय विकास परिषद् रेमन्त झा, ईख पदाधिकारी, रामनगर-सह-सचिव, क्षेत्रीय विकास परिषद्, श्रीराम सिंह सहित जिले के बगहा, नरकटियागंज, लौरिया, हरिनगर, चीनी मिलों के प्रतिनिधि, किसान प्रतिनिधि सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# नए प्रखंड सह अंचल भवन निर्माण को लेकर मिट्टी जांच

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नए प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन के निर्माण को लेकर सोमवार को भवन निर्माण विभाग के एसडीओ पुनिता गुप्ता ने प्रखंड परिसर में चिन्हित भूमि को लेकर बीडीओ सुरज कुमार सिंह से निर्माण की दिशा में आवश्यक जानकारी ली और मिट्टी जांच कराने की बात कही ।

एसडीओ ने बताया कि नए प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन निर्माण को लेकर टीम के माध्यम से मिट्टी जांच करवाया जा रहा है। इसके बाद आगे आर्किटेक्चरल प्लान तैयार कर फिर डिजाइन ड्राइंग बनाया जाएगा। तब तकनीकी स्वीकृति मिलेगी और उसके बाद निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

# मैट्रिक एवं इंटर के टॉपर छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कविवर नेपाली पथ अवस्थित इंफोटेक कंप्यूटर संस्थान के सभागार में उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयो के मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट टॉपर छात्र छात्राओं के लिए प्रतिभा सम्मान 2025 का आयोजन बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा चलाये जा रहे निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम कुशल युवा कार्यक्रम की संचालक संस्था इंफोटेक द्वारा किया गया। जिसमे बेतिया प्रखंड से आये हुए विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षकगण एवं छात्र छात्राओं ने भाग लिया। मौके पर जिला कौशल प्रबंधक जीवन प्रकाश, भौतिकी के प्रोफेसर बी एन द्वीवेदी ईश्वर शांति महाविद्यालय के सचिव शैलेन्द्र शरण, सत्येंद्र शरण एवं धीरेन्द्र शरण आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में इंफोटेक के निदेशक ज्ञानेंद्र शरण द्वारा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सभी अथितियों का स्वागत किया गया। उपस्थिति सभी छात्र छात्राओं को कुशल युवा कार्यक्रम में नामांकन पर ली जाने वाली 1000 रुपए सिक्योरिटी डिपाजिट की राशि को उनके नामांकन पर छूट देने की घोषणा की गई। जिला कौशल प्रबंधक द्वारा छात्र छात्राओं कों सरकार की महत्वपूर्ण योजना कुशल युवा कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई । वही ईश्वर शांति महाविद्यालय की प्राचार्या सबा खानम के द्वारा इंटर उत्तीर्ण छात्र छात्राओं कों नई शिक्षा निती के तहत आगे की पढ़ाई के बारे में मार्गदर्शन दिया गया। कौशल विकास केंद्र बेतिया के लर्निंग फैसीलिटेटर सुजीत कुमार, पार्थ कुमार आदि ने कार्यक्रम संचालन में सहयोग प्रदान किया।

# भूमि अधिग्रहण में परियोजना को करें सहयोग : आयुक्त

## भारतमाला परियोजना में भू-अर्जन से संबंधित समीक्षात्मक बैठक में कमिश्नर ने दिए कई निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** समाहरणालय के सभा कक्ष में मगध प्रमंडल आयुक्त डॉ सफीना एएन की अध्यक्षता में भारतमाला परियोजना (वाराणसी कोलकाता एक्सप्रेस-वे) में भू-अर्जन से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। आयुक्त द्वारा भारतमाला परियोजना में अधिग्रहित भूमि के रैयतों का मुआवजा से संबंधित बिंदुवार समीक्षा की गई एवं कई आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए। बैठक में परियोजना निदेशक द्वारा बताया गया कि भारतमाला परियोजना के अंतर्गत वाराणसी- रांची- कोलकाता राजमार्ग का निर्माण हेतु जिले में पचमों गांव से अनरबांसालिया गांव तक (किमी



116+000 से किमी 151+200, कुल लंबाई (35.2 किमी) 6-लेन का निर्माण कराया जाना है। यह परियोजना जिले के तीन अंचल नबीनगर कुटुंब एवं देव से होकर गुजर रहा है जिसमें कुल रकवा 270. 4283 हेक्टेयर के विरुद्ध 204.1112 हेक्टेयर का भौतिक रूप से लगभग 11 किलोमीटर का दखल कब्जा दे दिया गया है। परियोजना के लिए अधिगहित की गई भूमि का भुगतान 200.85 करोड़ में से लगभग 40.10 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। शेष के भुगतान के लिए तीव्रगति से कार्रवाई की जा रही है। आयुक्त द्वारा निर्देश दिया गया कि पुलिस बल का प्रयोग कर फसल कटने के पश्चात 10 दिनों के अंदर 10 किलोमीटर का भौतिक रूप से दखल कब्जा कर लें। साथ ही संबंधित अंचल अधिकारी को निर्देश दिया गया कि किसानों से वार्ता कर भौतिक दखल कब्जा प्राप्त करने में परियोजना को आवश्यक सहयोग प्रदान करें। उक्त बैठक में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल, अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल, सभी संबंधित अंचलाधिकारी एवं जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# औरंगाबाद की नई उप विकास आयुक्त बनीं अनन्या सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** 2020 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी अनन्या सिंह को औरंगाबाद का नया उप विकास आयुक्त (डिप्टी डेवलपमेंट कमिश्नर) नियुक्त किया गया है। महज 22 वर्ष की उम्र में यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षा पास कर अफसर बनीं अनन्या सिंह की उपलब्धियां युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। प्रयागराज (इलाहाबाद) की रहने वाली अनन्या शुरू से ही पढ़ाई में बेहद मेधावी रही हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल, प्रयागराज से प्राप्त की। 10वीं कक्षा में उन्होंने 96% अंक और 12वीं में 98.25% अंक प्राप्त कर जिले की टॉपर बनीं। अनन्या ने दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स से इकोनॉमिक्स ऑनर्स में स्नातक किया। ग्रेजुएशन के अंतिम वर्ष में ही उन्होंने संघ लोक सेवा



आयोग की तैयारी शुरू कर दी थी। उन्होंने पढ़ाई के लिए एक सख्त टाइम टेबल बनाया और रोजाना 7-8 घंटे की मेहनत की। परीक्षा के लिए उन्होंने किताबों की सूची तैयार की और सिलेबस के अनुसार गहन अध्ययन किया। मजबूत बुनियाद तैयार करने के बाद उन्होंने अध्ययन का समय भले ही थोड़ा घटाया, पर गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं किया। मेहनत रंग लाई और उन्होंने 2019 में पहले ही प्रयास में ऑल इंडिया 51वीं रैंक प्राप्त कर आईएएस बनने का सपना साकार कर लिया।


**■ पहले प्रयास में बनीं थीं आइएएस**

अब अनन्या सिंह की नियुक्ति औरंगाबाद के उप विकास आयुक्त के रूप में हुई है। प्रशासनिक सेवा में यह उनकी नई पारी है, जहां उनसे जिले के विकास कार्यों को नई दिशा देने की अपेक्षा की जा रही है। उनकी यह उपलब्धि न सिर्फ यूपी बल्कि पूरे देश के उन युवाओं को प्रेरणा देती है, जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखते हैं और उन्हें पूरा करने के लिए कठिन परिश्रम करते हैं।

# अधेड़ व्यक्ति लापता, परिजनों ने खोजबीज की लगायी गुहार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** एक अधेड़ व्यक्ति के गुमशुदगी को लेकर खुदवा थाना में तहरीर समर्पित की गई है। मामला थाना क्षेत्र के मलवा-डीहुरी गांव की है। इस संबंध में संदेश कुमार ने बताया कि उनके पिता 55 वर्षीय बबन प्रसाद 19 अप्रैल 2025 से लापता हैं। वे अपने स्तर से खोजबीन कर रहे हैं, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं मिल रहा हैं। उन्होंने बताया कि किसी कार्य को लेकर उनके पिता स्थानीय बाजार गए थे जिसमें बीते दो दिनों से घर वापस नहीं लौटे हैं। उन्होंने थाने में तहरीर



समर्पित कर पुलिस से खोजबीन की गुहार लगाई हैं। थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि गुमशुदगी का तहरीर प्राप्त हुआ है। मामले में आगे की कार्रवाई की जाएंगी।

# पुलिस और श्रद्धालुओं के बीच झड़प, दोनों पक्षों से प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** पुलिस और श्रद्धालुओं के बीच मारपीट का एक मामला सामने आया है। मामला देव सूर्य मंदिर क्षेत्र की है। घटना का एक वीडियो भी वायरल है। इस संबध में दोनों पक्ष ने देव थाने में आवेदन दिया है जिसमें पेठारी गांव के अभिषेक चौहान ने पीएसआई कुणाल कुमार पर मारपीट का आरोप लगाया है। अभिषेक ने बताया कि रविवार को परिजनों के साथ मंदिर में पूजा करने गए थे। पूजा करने के बाद गाड़ी से लौट रहे थे। इस दौरान वहां ड्यूटी में तैनात पीएसआई ने इशारा कर दरवाजा खोलने को कहा एवं गुस्से में डंडे से गाड़ी का शीशा तोड़ दिया। परिवार के सदस्यों के साथ भी दुर्व्यवहार किया गया। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। दूसरी तरफ पीएसआई कुणाल कुमार ने भी देव थाने में अभिषेक और उसके एक सहयोगी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। कुणाल ने बताया कि मंदिर में ड्यूटी लगी थी। 20 अप्रैल की सुबह साथी पुलिसकर्मियों के साथ जा रहे थे। मेन रोड पर एक स्कॉर्पियो खड़ी थी। इस वजह से हॉस्पिटल मोड़ से देव किला गेट और दीवान बिगहा मोड़ तक जाम लग गया। गाड़ी हटाने के लिए चालक को खोज रहा था। इस दौरान 2 लोग आए। चालान काटने पर बदतमीजी करने लगे। चालक गाड़ी लेकर भाग गया। पुलिसकर्मियों को भी नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। इस संबध में पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि देव थानांतर्गत पूर्व की तरह रविवार के दिन देव सूर्य मंदिर में भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ आती है जिसे नियंत्रित करने एवं यातयात को सुचारू रूप से चलंत बनाये रखते हेतु पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। इसी क्रम उक्त व्यक्ति के द्वारा गलत तरीके से मंदिर परिसर क्षेत्र में अपने वाहन को पार्क किया गया था तथा चालान से बचने के लिए पुलिस के साथ अभद्र व्यवहार एवं हाथापाई करते हुए परिवारजनों के द्वारा विडियो बनाकर पुलिस की छवि को धूमिल करने के नियत से वीडियो वायरल किया जा रहा है। मामले में कांड दर्ज कर लिया गया है, अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी। इधर, थानाध्यक्ष कुमार सौरभ ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। पीएसआई और सिपाही के साथ गाली-गलौज और हाथापाई की गई है। जानलेवा हमला भी किया गया। पीएसआई के दाहिने हाथ की अंगुली के पास कट लगा है। घटना की वीडियोग्राफी भी की गई है। वीडियो के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

# करंट की चपेट में आने से बस में सवार तीन बाराती झुलसे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड के कासमा थाना क्षेत्र के मिया बिगहा मोड़ के पास बारात जा रहे बस में 11 हजार वोल्ट तार प्रवाहित हो जाने से तीन बाराती झुलस गए। तीनों लोगों को कासमा पुलिस ने आनन फानन में इलाज हेतु रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। तीनों बाराती की पहचान रफीगंज निवासी अक्षय प्रजापत के 15 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार, बटुरी गांव निवासी किशन प्रजापत के 20 वर्षीय पुत्र प्रमोद प्रजापत एवं इसी गांव निवासी विनोद प्रजापति के 15 वर्षीय पुत्र रोशन कुमार के रूप में पहचान की गई। कासमा थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया की रफीगंज की तरफ से बस के ऊपर बैठकर बाराती जा रहा था। वहीं मोड़ के 11000 वोल्टेज तार के चपेट में आ गया। लेकिन तीनों खतरे से बाहर है, 112 पुलिस के द्वारा तीनों को रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

# प्रखंड कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की बैठक आज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** सोमवार को कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा के नेतृत्व में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सचिव प्रखंड क्रियान्वयन समिति रफीगंज को अध्यक्ष ने निर्देशित करते हुए मंगलवार को सामान्य बैठक बुलाने का निर्देश दिया है। अध्यक्ष ने बताया कि इस बैठक में केंद्र सरकार तथा बिहार सरकार के सभी योजनाओं को क्रियान्वयन किस प्रकार से हो रहा है, विकास कार्यों की प्रगति क्या है इससे सम्बधित मुद्दों को उठाया जाएगा तथा उस पर विचार विमर्श किया जाएगा।

# घर से गहने, कैश और टीवी की चोरी

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** पटना सिटी के चौक शिकारपुर के भूना गली में रविवार देर रात एक बड़ी चोरी की वारदात हुई। चोरों ने उस समय घर को निशाना बनाया, जब परिवार के सभी सदस्य दिल्ली में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। चोरों ने घर के मुख्य द्वार का ताला तोड़कर एंट्री की। उन्होंने घर में रखे सोने-चांदी के गहने, कैश और टीवी सेट पर हाथ साफ किया। सोमवार सुबह स्थानीय लोगों ने चौक थाने को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही चौक थाने की पुलिस और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची।

# फैमिली कोर्ट में ही चलेगा तेजप्रताप- ऐश्वर्या का मामला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के बड़े बेटे तेजप्रताप यादव और उनकी पत्नी ऐश्वर्या राय के तलाक मामले की सुनवाई सोमवार को पटना हाईकोर्ट में हुई। हाईकोर्ट ने ऐश्वर्या राय के रिव्यू पिटीशन को खारिज कर दिया और कहा- कोर्ट इस मामले में इंटरफेयर नहीं करेगा। दरअसल, पटना हाईकोर्ट ने 11 जुलाई 2024 को फैमिली कोर्ट को 6 माह के अंदर डायवोर्स मामले को निपटाने का निर्देश दिया था। हालांकि, ऐश्वर्या राय ने इसके खिलाफ रिव्यू पिटीशन दायर किया था, जिसमें कहा था कि कोर्ट इसको लेकर समय-सीमा का निर्धारण नहीं कर सकता है। इसके लिए उनकी तरफ से सुप्रीम कोर्ट का वह जजमेंट सामने रखा गया था, जो



उत्तर प्रदेश बार एसोसिएशन को लेकर दिया गया था। ऐश्वर्या राय की ओर से वकील अभिनव श्रीवास्तव और नीलांजन चटर्जी कोर्ट में मौजूद थे। वहीं तेजप्रताप यादव की तरफ से वकील जगन्नाथ सिंह। कोर्ट में बहस के दौरान तेजप्रताप यादव के वकील ने हिंदू मैरिज एक्ट 1955 की धारा 24-बी (2) का हवाला दिया। बहस सुनने के बाद जस्टिस अरुण कुमार झा ने कहा कि 'छह महीने का समय फैमिली कोर्ट को दिया गया था, लेकिन नौ महीने का समय बीत चुका है। सेक्शन 24-बी (2) में स्पष्ट है कि डायवोर्स मामले का निपटारा छह माह में कर देना है। कोर्ट इस मामले में इंटरफेयर नहीं करेगा और आगे सुनवाई फैमिली कोर्ट में होगी। दोनों पक्ष फैमिली कोर्ट को सहयोग करें। पटना हाईकोर्ट के निर्देश के बाद अब तेजप्रताप और ऐश्वर्या का मामला फैमिली कोर्ट में ही चलेगा। बता दें इससे पहले पटना हाईकोर्ट में 18 फरवरी को मामले की सुनवाई की गई थी। तब कोर्ट ने कहा था कि 8 सप्ताह के बाद अगली सुनवाई की जाएगी। बता दें इससे पहले बहस के दौरान कई चौंकाने वाली बातें कोर्ट के सामने आ चुकी हैं। जैसे कि जज ने ऐश्वर्या राय के वकील से पूछा था कि आपलोगों की तरफ से फाइनल सेटलमेंट के लिए कितने रुपए मांगे गए? इस पर तेजप्रताप यादव के वकील ने कहा था कि 'एकमुश्त 36 करोड़ रुपए की मांग की गई थी, यह डिमांड दोनों परिवार के बीच सेटलमेंट के वक्त हुई थी। जानकारी है कि यह डिमांड तब हुई थी जब जनवरी 2024 में दोनों परिवार की बैठक पटना के गांधी मैदान के निकट स्थित एक एक बड़े होटल में हुई थी। उसमें खुद लालू प्रसाद यादव भी मौजूद थे। तब 36 करोड़ रुपए देकर सेटलमेंट को तेजप्रताप तैयार नहीं हुए थे। कोर्ट के निर्देश पर इससे पहले पटना जू में भी दोनों परिवार के बीच तीन बैठकें हो चुकी हैं, लेकिन दोनों परिवारों के बीच अब तक बात नहीं बन सकी।

# अपहरण के प्रयास में तीन ज्ञात व दो अज्ञात पर प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** अपहरण के प्रयास मामले में तीन ज्ञात व दो अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ जम्होर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। मामला परसिया गांव की हैं जिसमें आरोप हैं कि उस गांव निवासी पिंटू कुमार को गांव के ही तीन ज्ञात एवं दो अज्ञात लोगों ने आहरण करने का प्रयास किया, लेकिन वह किसी तरह अपहरणकर्ताओं की चंगुल से भाग निकला। उसने बताया कि वह बीते 14 अप्रैल को रामपुर एक तिलक समारोह में गया हुआ था, जहां से वापस लौटने के दौरान परसिया गांव निवासी योगेंद्र पासवान, अखिलेश यादव एवं जीतेंद्र यादव तथा दो अज्ञात लोगों ने मारपीट की, तथा अपहरण करने का प्रयास किया, लेकिन वह किसी तरह वहां से भाग निकला। इसके बाद वह घर न जाकर ट्रेन से धनबाद पहुंच गया। उसने बताया कि वह उक्त घटना से मानसिक रूप से डिस्टर्ब हो गया था। इसके बाद वह धनबाद से दिल्ली गया फिर उत्तर प्रदेश के अकबरपुर अपने भाई के पास चला गया। जहां से भाई ने पिंटू की जानकारी परिजनों को दी और इसके बाद पिंटू को लेकर जम्होर थाना पहुंचा। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत युवक को घर भेज दिया गया। इधर, थानाध्यक्ष राज किशोर ने बताया कि मामले की जांच-पड़ताल की जा रही हैं। दोषी पाए जाने पर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# दो कारों की जोरदार टक्कर, 6 घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना के मोकामा-बेगूसराय मार्ग पर ऑटो गोलंबर के पास एक गंभीर सड़क हादसा हुआ है। दो कारों की आमने-सामने की टक्कर में 6 लोग घायल हो गए हैं। घायलों में तीन महिलाएं, एक बच्ची और दो पुरुष शामिल हैं। हादसे के समय एक कार पटना से बेगूसराय की ओर जा रही थी। दूसरी कार बेगूसराय से पटना की तरफ आ रही थी। दोनों तेज रफ्तार कारों की टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहनों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। पहली कार में दो महिलाएं और एक बच्ची सवार थी, जबकि दूसरी कार में दो पुरुष यात्रा कर



रहे थे। स्थानीय लोगों ने हादसे की सूचना हाथीदह थाने को दी। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को मोकामा सदर अस्पताल पहुंचाया। हाथीदह थाना प्रभारी के अनुसार, सभी घायलों का इलाज मोकामा अस्पताल में जारी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हादसे के बाद मुख्य मार्ग पर कुछ घंटों तक यातायात प्रभावित रहा।

## दुर्घटना में युवक घायल

**अंबा (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** रविवार की रात्रि अंबा चौक पर दो बाइक के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई जिसमें दोनों बाइक सवार जख्मी हो गए। हालांकि दुर्घटना के बाद एक बाइक सवार अपनी बाइक लेकर भाग निकला। वहीं स्थानीय लोगों ने दूसरे बाइक सवार को इलाज के लिए रेफरल रफ्तार कुटुंबा पहुंचाया। घायल युवक की पहचान देव बाजार निवासी राघवेंद्र सिंह के रूप में हुई है। अस्पताल में इलाज के दौरान परिजनों ने बताया कि राघवेंद्र अपने दोस्त के साथ शादी समारोह में शामिल होने के लिए नवीनगर जा रहा था। इस दरम्यान अंबा चौक पर सामने से आ रही बाइक की टक्कर से वह जख्मी हो गया। इलाज के पश्चात परिजन घायल युवक को घर ले गए।

# खनन नियमों का उल्लंघन करने पर होगी कड़ी कार्यवाही

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्य सरकार द्वारा खनन क्षेत्र में पारदर्शिता, पर्यावरण सुरक्षा और खनन नियमों के अनुपालन हेतु लगातार कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। खनन पट्टा (लीज) प्राप्त बंदोबस्तधारियों को यह स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि वे केवल आवंटित क्षेत्र के भीतर और निर्धारित नियमों एवं शर्तों के अनुसार ही खनन करें। इन नियमों का उल्लंघन करने पर दण्ड का स्पष्ट प्रावधान है। इसी क्रम में गया जिले के विभिन्न बालूघाटों पर कार्यरत संवेदकों के विरुद्ध अवैध खनन की शिकायतें प्राप्त हुई थीं। जाँच में यह तथ्य सामने आया कि इन मामलों में पहले अधिरोपित भारी दण्ड राशि को खनिज विकास पदाधिकारी, गया द्वारा अत्यंत कम कर दिया गया था। यह निर्णय नियमावली एवं राज्य सरकार की नीति के विरुद्ध पाया गया। उल्लेखनीय है कि चार मामलों में पहले कुल 31,26,94,045 रू. का दण्ड लगाया गया था, जिसे कम कर मात्र 32,87,071 रू. कर दिया गया। इस गंभीर मामले की जानकारी मिलने के पश्चात खान आयुक्त, बिहार द्वारा बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) नियमावली, 2019 के अंतर्गत विधिसम्मत कार्यवाही प्रारंभ की गई। न्यायालय द्वारा निदेशक, खान की अध्यक्षता में एक समिति गठित कर गहन जांच कराई गई। जांच में यह स्पष्ट रूप से प्रमाणित हुआ कि दण्ड की कटौती अनुचित थी और खनन नियमों का गंभीर उल्लंघन हुआ है। इसके आधार पर खान आयुक्त न्यायालय ने खनिज विकास पदाधिकारी, गया द्वारा जारी आदेश को रद्द कर पुनः 30,68,16,111 रू. का दण्ड अधिरोपित किया है। यह निर्णय इस बात का स्पष्ट संकेत है कि राज्य सरकार एवं खान विभाग, खनन क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अनियमितता या नियमों की अवहेलना को बर्दाश्त नहीं करेगा। विभाग द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि पर्यावरण मानकों के अंतर्गत ही खनन गतिविधियां संचालित हों तथा राज्य की खनिज संपदा का न्यायोचित दोहन हो। विभाग यह भी स्पष्ट करता है कि जो बंदोबस्तधारी एवं संवेदक नियमों का पूर्ण पालन कर रहे हैं, उन्हें सभी आवश्यक प्रशासनिक सहयोग प्रदान किया जाएगा। परंतु जो संवेदक नियमों एवं शर्तों का उल्लंघन करेंगे, उनके विरुद्ध कठोर दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी। खनन क्षेत्र में अनुशासन, पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। इस दिशा में राज्य सरकार एवं खान विभाग द्वारा लगातार निगरानी, जांच एवं त्वरित कार्यवाही की जा रही है ताकि अवैध खनन जैसी गतिविधियों पर पूर्ण अंकुश लगाया जा सके।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# घूंघट से निकल समाज की अगुवाई कर रहीं महिलाएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना/ दरभंगा।** बिहार सरकार की पहल पर 18 अप्रैल से शुरू हुए कार्यक्रम के तहत दरभंगा जिले के सभी प्रखंडों में कुल 36 ग्राम संगठनों में दो पालियों में 'महिला संवाद' का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में महिलाओं ने भाग लिये। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि जीविका से जुड़ी महिलाओं ने उन्हें भी आमंत्रित किया, जो अब तक समूह से नहीं जुड़ी थीं। इससे गांव-टोले की उन महिलाओं को भी मंच मिला, जो आमतौर पर अपनी समस्याएं और सुझाव साझा करने से हिचकती थीं।



## ग्राम संगठनों की उठी आवाजें

गौड़ाबौराम के बसंत ग्राम संगठन की महिलाओं ने बाढ़ की समस्या को प्रमुख मुद्दा बताते हुए इसके स्थायी समाधान और पक्की सड़कों की मांग की। बहेड़ी के पीहू ग्राम संगठन की महिलाओं ने जीविकोपार्जन के लिए अधिक ऋण राशि और ब्याज दरों में कटौती की मांग रखी। हायाघाट के रेशा ग्राम संगठन की महिलाओं ने पशुपालन कार्यों में सहायता बढ़ाने की आवश्यकता जताई।

कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न महिला सशक्तिकरण योजनाओं की जानकारी भी दी गई। महिला संवाद रथ के माध्यम से वीडियो प्रजेंटेशन हुआ, जिसमें महिलाओं को योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही इसके अतिरिक्त योजनाओं से संबंधित लीफलेट्स का वितरण भी किया गया। संवाद कार्यक्रम में जीविका से जुड़ी कई महिलाओं ने अपने संघर्ष और सफलता की कहानियां साझा कीं। कहानियों ने अन्य महिलाओं को भी प्रेरित किया कि वे अपने पैरों पर खड़ी होकर आत्मनिर्भर बनें। कार्यक्रम के अंत में बताया गया कि महिलाओं द्वारा साझा की गई सभी समस्याओं और सुझावों को संकलित कर संबंधित विभागों को भेजा जाएगा, ताकि नीतियों और योजनाओं में इन वास्तविक जरूरतों को प्राथमिकता मिल सके। दरभंगा जिले में यह कार्यक्रम महिलाओं की सोच और समाज में उनके बदलते स्थान का प्रमाण बनकर सामने आया है।

# कुख्यात बैंक डकैत गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना के बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र से एसटीएफ और उड़ीसा पुलिस ने कुख्यात बैंक डकैत को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए शख्स पर जमेशदपुर, शेखपुरा, बिहारशरीफ, ओडिशा के अलग-अलग इलाके में बैंक लूटने का आरोप है। गिरफ्तारी की पुष्टि प्रभारी लॉ एंड ऑर्डर डीएसपी संगीता ने की है। आरोपित ने 18 अगस्त 2022 में जमशेदपुर के उलीडीह थाना क्षेत्र स्थित बैंक ऑफ इंडिया में हुई डकैती के मामले में मास्टर माइंड समेत प्रमोद बिंद उर्फ संतोष शामिल था। इस घटना में डकैतों ने 33 लाख 68 हजार 890 रुपए 41 सील बंद पैकेट में 2324.76 ग्राम सोने के जेवर लुट लिए थे। सीबीआई बनकर अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया था। बुद्धा कॉलोनी के थानेदार सदानंद शाह ने बताया कि आरोपित का नाम प्रमोद बिंद है। जहानाबाद के घोषी थान क्षेत्र का रहने वाला है। अधिकतर बैंक डकैती की घटना में यह शामिल रहा है। अब तक 4 मामले में इसने अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। लेकिन 15 से अधिक मामले दर्ज हैं। बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र के राजापुल के पास यह अपनी पहचान छिपाकर रह रहा था। ओडिशा पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि इस इलाके में छिप कर रह रहा है। टीम छापेमारी करने पटना पहुंची।

**■ कई लूटकांडों में संलिप्तता स्वीकारी**

बुद्धा कॉलोनी थाने की पुलिस और बिहार एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में बैंक डकैत प्रमोद बिंद पकड़ा गया। शेखपुरा कटरा चौक स्थित इंडियन बैंक की शाखा से दिनदहाड़े 22.67 लाख रुपए लूट की घटना को अंजाम देने वाला मास्टरमाइंड प्रमोद ही था। उसे 2017 में एसआईटी ने गया से गिरफ्तार किया था। प्रमोद बिंद जिस गैंग से जुड़ा यह पिछले 1995 से सक्रिय है। यह गैंग राजस्थान, उड़ीसा, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, गुजरात के अलावा दूसरे प्रदेशों में भी सक्रिय है।